आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका




श्री रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 70 | उज्जैन, शुक्रवार 27 मार्च, 2026 | चैत्र शुक्ल 9 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

# आंध्र प्रदेश-डंपर से टकराकर बस में आग, 13 जिंदा जले

## 22 लोग घायल, 3 घंटे में आग पर काबू पाया गया, प्रधानमंत्री मोदी ने जताया शोक

एजेंसी ▸▸ मरकापुरम

आंध्र प्रदेश के मरकापुरम जिले में रायवरम के पास गुरुवार को एक सड़क हादसा हुआ। एक प्राइवेट ट्रैवल बस और डंपर में टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही बस में आग लग गई। बस में सवार 13 यात्री जिंदा जल गए। हालांकि पहले पुलिस की तरफ से पहले 14 मौतों की जानकारी दी गई थी। बाद में सीएम ऑफिस ने मौत का आंकड़े में आफिशियल कंफर्मेशन दिया।

अधिकारियों ने बताया कि हरिकृष्णा ट्रैवल्स की बस तेलंगाना के निर्मल से नेल्लोर जा रही थी। हादसा सुबह 6 बजे के करीब हुआ। आग पर करीब तीन घंटे में काबू पाया गया। मरकापुरम के एसपी वी हर्षवर्धन राजू ने कहा, डंपर ड्राइवर समेत 22 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस में 35 यात्री सवार थे। घटना की पूरी जानकारी जुटाने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने लोगों की मौत पर दुख जताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के मार्कपुरम जिले में हुए भीषण बस हादसे पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये व घायलों के लिए 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि की घोषणा की है।





आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, आग को बुझाया। आग के चलते बस पूरी तरह से राख हो गई।

## देश विदेश

### दिल्ली-लंदन एअर इंडिया फ्लाइट सऊदी से लौटी

नई दिल्ली। नई दिल्ली से लंदन जा रहा एअर इंडिया का ए- 350-900 विमान गुरुवार को तकनीकी खराबी के कारण दिल्ली लौट आया। यह करीब सात घंटे हवा में रहा। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट के अनुसार, विमान ने सुबह करीब 6 बजे दिल्ली से उड़ान भरी थी। करीब चार घंटे बाद सऊदी अरब के एयरस्पेस में विमान को लौटाने का फैसला लिया गया। विमान लगभग सात घंटे हवा में रहने के बाद दोपहर करीब 12.30 बजे वापस दिल्ली पहुंचा। सूत्रों के अनुसार, उड़ान के दौरान विमान में अजीब आवाजें सुनी गईं। हालांकि, एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि एहतियातन विमान को वापस लौटाया गया। दिल्ली में इसकी जांच की जा रही है। यात्रियों को जल्द लंदन पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### हेमा मालिनी बोलीं- धर्मेंद्र का अवॉर्ड खुद लेने जाऊंगी



एक्टर को मरणोपरांत लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मिला

मुंबई। दिल्ली में शुरू हुए पहले अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफडी 2026) में बॉलीवुड एक्टर धर्मेंद्र को विशेष श्रद्धांजलि दी जा रही है। महोत्सव में उन्हें मरणोपरांत लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया है। उनके साथ ही दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर को भी इस खास सम्मान के लिए चुना गया है। धर्मेंद्र की पत्नी और एक्ट्रेस हेमा मालिनी खुद यह अवॉर्ड लेने के लिए दिल्ली पहुंचेंगी। यह फिल्म फेस्टिवल 31 मार्च तक चलेगा। हेमा मालिनी ने महोत्सव की आयोजक रेखा गुप्ता को बधाई दी। उन्होंने कहा, दिल्ली में इस तरह का इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल आयोजित करना एक बेहतरीन पहल है। यह करीब 4-5 दिनों तक चलेगा। इसमें कई कलाकारों को आमंत्रित किया गया है और उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

### केदारनाथ-बद्रीनाथ में बिना लिमिट के होंगे दर्शन

देहरादून। चारधाम यात्रा शुरू होने से ठीक पहले उत्तराखंड सरकार ने कैपिंग यानी रोजाना श्रद्धालुओं की संख्या तय करने की व्यवस्था खत्म कर दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने साफ कहा- अब किसी भी श्रद्धालु को दर्शन से नहीं रोका जाएगा, चाहे संख्या कितनी भी हो। यह फैसला तीर्थ पुरोहितों के विरोध के बाद लिया गया है। उत्तराखंड में 19 अप्रैल से चारधाम यात्रा शुरू हो रही है। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह है। अब तक करीब 10 लाख श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं, जबकि जीएमवीएन के जरिए 5 करोड़ रुपए से ज्यादा की एडवांस बुकिंग हो चुकी है। पहले पर्यटन विभाग ने योजना बनाई थी कि पिछले साल की तरह इस बार भी केदारनाथ में रोजाना 18 हजार 600 और बद्रीनाथ में 21 हजार 600 श्रद्धालुओं की लिमिट रहेगी। लेकिन अब मुख्यमंत्री ने साफ कर दिया है कि सामान्य यात्रा में कोई लिमिट लागू नहीं होगी। चारधाम तीर्थ पुरोहित महापंचायत ने कैपिंग और टोकन सिस्टम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। मुख्य सचिव को सौंपे गए 11 सूत्रीय ज्ञापन में कहा गया कि यह संख्या सीमा अव्यावहारिक है। श्रद्धालुओं को बेवजह रोका जाता है।

## बटुकों से यौन शोषण केस में हाईकोर्ट का फैसला

# शंकराचार्य की गिरफ्तारी पर लगाई रोक

एजेंसी ▸▸ वाराणसी

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की जमानत बुधवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मंजूर कर ली। कोर्ट ने कहा कि चार्जशीट दाखिल होने तक शंकराचार्य की गिरफ्तारी नहीं होगी। यह फैसला हाईकोर्ट के जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा की बेंच ने दोपहर बाद 3.45 बजे सुनाया।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को जमानत देते हुए शर्तें भी लगाई हैं। सबसे अहम शर्त यह है कि दोनों पक्ष (शंकराचार्य और आशुतोष) मीडिया में बयानबाजी नहीं करेंगे और इंटरव्यू नहीं देंगे। शंकराचार्य के विदेश जाने पर भी रोक है। इसके लिए हाईकोर्ट से अनुमति लेनी होगी। अगर जमानत की शर्तों का उल्लंघन किया जाता है, तो दूसरा पक्ष जमानत कैंसिलेशन अर्जी दे सकता है। यह फैसला सुनाने के दौरान शंकराचार्य के वकीलों ने कहा- योर ऑनर इस पर भी कहें कि कोई बच्चों को लेकर घूमने लगता है, कोई यात्रा के दौरान बयानबाजी करता है। इसे भी रोका जाए। इस पर कोर्ट ने कहा कि इसका उल्लंघन नहीं होना चाहिए।



**90 दिन के अंदर दाखिल करनी होती है-** चार्जशीट अगर आरोपी जेल में है, तो पुलिस को हर हाल में 90 दिन के अंदर चार्जशीट दाखिल करनी होती है। नहीं, तो कोर्ट जवाब मांग लेता है। लेकिन, अगर आरोपी गिरफ्तार नहीं है, तो पुलिस जांच के नाम पर कुछ वक्त ले सकती है। लेकिन, पुलिस को इसकी वजह बतानी होगी।

### शंकराचार्य बोले- ऐसे फैसलों से हिम्मत बढ़ती है

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा- कभी-कभी ऐसा लगता है कि कानून एक जाल है। कुछ लोगों ने उसको पकड़ रखा है। जब चाहे किसी को फंसा दें। इस तरह के फैसले कभी कभी जब आते हैं, तो लोगों को हिम्मत बंधती है। ऐसा नहीं है कि जो लोग इसे जाल के रूप में इस्तेमाल करते हैं, वो हमेशा सफल नहीं रहते। ऐसे लोगों के मन में न्याय और न्याय की प्रक्रिया के प्रति आस्था होती है। आशुतोष महाराज की प्रवक्ता रीना एन. सिंह ने बताया- हाईकोर्ट ने अविमुक्तेश्वरानंद को जमानत दी है। इसके बावजूद हमारी न्याय के लिए लड़ाई जारी रहेगी। हम इस आदेश से असंतुष्ट हैं।

## हनुमान लोक के लोकार्पण से पांढुर्णा को मिली विकास की नई उड़ान- सीएम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

जाम सवाली हनुमान मंदिर में गुरुवार को आयोजित भव्य कार्यक्रम में हनुमान लोक के लोकार्पण के साथ जिले के विकास को नई दिशा मिली। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की और 362 करोड़ रुपए के 67 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

मुख्यमंत्री के पहुंचते ही पूरा परिसर जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से गूंज उठा। पारंपरिक विधि-विधान के साथ पूजन के बाद मुख्यमंत्री ने हनुमान लोक की परिकल्पना और उसके महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जाम सवाली का हनुमान मंदिर पहले से ही आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है, लेकिन हनुमान लोक बनने के बाद यह देश के बड़े धार्मिक स्थलों में शामिल होगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह महाकाल लोक ने उज्जैन को वैश्विक पहचान दिलाई, उसी तरह पांढुर्णा भी धार्मिक पर्यटन के नक्शे पर तेजी से उभरेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का फोकस केवल धार्मिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि बुनियादी ढांचे को मजबूत करना भी प्राथमिकता है।




# महाराष्ट्र- गिरफ्तार बाबा पर 5 नरबलि की आशंका

## महिलाओं के अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करता था

एजेंसी ▸▸ नासिक

महाराष्ट्र के नासिक में खुद को कैप्टन और कॉस्मोलॉजी एक्सपर्ट बताने वाला अशोक खरात यौन शोषण, ब्लैकमेलिंग और ठगी के आरोपों में जांच के दायरे में है। जांच में उसके नेटवर्क, संपत्तियों और हाई-प्रोफाइल कनेक्शन सामने आए हैं। पुलिस को 5 नरबलि के संकेत मिले हैं, जिनकी पुष्टि के लिए फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है। एसआईटी की छापेमारी में 100 से ज्यादा संदिग्ध वीडियो बरामद हुए हैं।

### अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप

आरोप है कि खरात शुद्धिकरण और तांत्रिक उपायों के नाम पर महिलाओं को फंसाता था। वह बीमारी, पारिवारिक विवाद या संतान की चाह रखने वालों को निशाना बनाता था। स्पाय कैम से वीडियो बनाकर बाद में ब्लैकमेल करता था। एसआईटी ने उसके पूर्व ऑफिस सहायक नीरज जाधव को हिरासत में लिया है। आरोप है कि वह लैपटॉप से सीसीटीवी फुटेज एक्सेस कर अश्लील क्लिप बनाता था।

## सोसाइटी में पति के सामने मर्डर, 2 बच्चों की मां थी

# इंजीनियर को कार से कुचलकर मार डाला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इंदौर में पेंटहाउस किराए पर देने के विवाद में एक शख्स ने कार से एक महिला को कुचल दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। मृतक महिला का नाम शंपा पाठक पांडे है। वह इंफोसिस में सॉफ्टेवयर इंजीनियर थीं। 13 मार्च को दो बच्चों और पति के साथ अपने फ्लैट में शिफ्ट हुई थीं। घटना बुधवार रात 10.30 बजे लसूड़िया थाना क्षेत्र के एमआर-11 स्थित शिव वाटिका टाउनशिप की है। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर आरोपी शख्स और उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

टीआई तारेश सोनी के मुताबिक, टाउनशिप की सागरश्री एन्क्लेव बिल्डिंग में कुलदीप चौधरी ने अपना पेंटहाउस को किराए पर दे रखा है। यहां रोज नए लोग आते थे। इस बात को लेकर रहवासियों की आपत्ति थी।

कल रात रहवासियों ने उनके फ्लैट की लाइट बंद कर दी थी। यह देखकर कुलदीप चौधरी नीचे आए। उन्होंने रहवासियों के फ्लैट की लाइट बंद कर दी। इस बात को लेकर मारपीट हुई। इसके बाद बेटा मोहित चौधरी कार लेकर आया। पहले वहां रहने वाली महिला कर्मचारी और फिर शंपा पांडे को टक्कर मार दी। शंपा को बॉम्बे हॉस्पिटल में एडमिट किया गया। जहां उनकी मौत हो गई।





### बंगाल में टीएमसी-भाजपा कार्यकर्ताओं में झड़प, 20 जख्मी

एजेंसी ▸▸ पटना

पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में गुरुवार को चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा और टीएमसी समर्थकों के बीच झड़प हो गई। इसमें 20 से ज्यादा लोग जख्मी हो गए। 8 लोग हिरासत में लिए गए हैं। यह घटना बासंती (एससी) विधानसभा सीट में हुई है। यहां 29 अप्रैल को दूसरे और अंतिम चरण में मतदान होना है। उधर, चुनाव आयोग ने बताया कि पिछले एक महीने में 4 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रहे लोगों से 17.44 करोड़ कैश जब्त किया है। इनमें 37.68 करोड़ (16.3 लाख लीटर) की शराब, 167.38 करोड़ के ड्रग्स, 23 करोड़ की कीमती धातुएं और 163.30 करोड़ से अधिक के अन्य मुफ्त सामान शामिल हैं।

### कश्मीर में ईरान के लिए 18 करोड़ चंदा जुटाया गया

एजेंसी ▸▸ जम्मू

कश्मीर घाटी में ईरान के समर्थन में करोड़ों रुपए का चंदा जुटाया गया है। इससे देश की सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। आशंका है कि इन पैसों का इस्तेमाल आतंकी फंडिंग में हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक, अब तक 17.91 करोड़ रुपए चंदा जुटाया गया है। इनमें से 85% राशि शिया समुदाय ने दान की है। कश्मीर का बड़गाम शिया बहुल इलाका है। यहां से करीब 9.5 करोड़ रुपए जुटाए गए हैं। यह फंडरेजिंग अभियान जकात और सदका के जरिए लिया जा रहा है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## पेट्रोल पैनिक और जनता का भरोसा...




दूध का जला छाछ को भी फुंक झफुंक कर पीने लगता है। ऐसा ही कुछ पेट्रोल पैनिक के दौरान आमजन का रूख देखने में आया है। आमजन संस्थानों पर ऐसे टूट पडे जैसे की आज अंतिम बार ही पेट्रोल झडीजल मिलेगा और उसके बाद शायद ही मिले। संस्थानों के बाहर लंबी लाईनों में खडे आमजन को एक नहीं दसियों यकीन भी कम पड गए। दुसरे दिन भी यही हाल कायम रहे,जबकि दुसरे दिन भी पर्याप्त मात्रा में ईंधन की उपलब्धता रही और बराबर उसका वितरण संस्थानों से किया जाता रहा। इस बीच इस पेनिक को कम करने के लिए किए जाने वाले प्रयास निरंतर रहे फिर भी पेनिक कम होने का नाम नहीं ले रहा था। देर शाम तक यही हाल फिर से देखे गए। लाख प्रयास एवं उसके बाद की स्थिति से यह साफ हो रहा था कि कोरोना काल में घर में सिमित दायरे में रहने वाला आमजन का धैर्य कमजोर साबित हुआ है। करीब 6 साल पूर्व यही हालत रही थी जब संस्थानों के पास भरपूर पेट्रोल-डीजल था लेकिन लेने वाला कोई नहीं पहुंच रहा था। सडकें गलियां सूनसान और उस पर से आवागमन में कोई दिख गया तो बहुत बडी बात थी। वाहनों की आवाज में मात्र एंबूलेंस की आवाजें ही आती थी। उस दौरान भी आमजन का जीवन चला और बेहतर चला। न प्रदुषण था न हीं शौर झशराबा। उसके विपरित पेट्रोल पैनिक में आमजन की प्रतिक्रिया देखी गई। इतना उतावलापन जो उनके कोरोना काल के धैर्य से विपरित ही रहा। खुसूर-फुसूर है कि अफवाहों के दम पर जहां वोट की दिशा झदशा बदल दी जाती हो वहां धैर्य की बिसात ही क्या है। अधिकारियों की बात का इकरार तो बहुत दूर की बात है। इस उतावलेपन से ये जरूर हुआ कि जिन लोगों का अफवाह फैलाने का उद्देश्य जो था उसमें वे सफल रहे और जमकर उनका काम हो गया। तय है ईंधन की जरूरत के बगैर कई लोगों ने वाहनों के टैंक फूल करवा लिए और आम आदमी की जेब से जमकर पैसा निकला है। इस क्रय विक्रय में नीचे से उपर तक विक्रेताओं की श्रृंखला का लाभावित होना तय है। माह अंत में आमजन की जेब से तो वो रकम एक साथ निकाल ली गई जो वो अगले 15 दिन या उससे अधिक में अदा करता।

## प्रदेश के स्कूलों में अवकाश आदेश जारी

**उज्जैन।** प्रदेश के स्कूलों में ग्रीष्म अवकाश एवं दशहरा,दीपावली, शीतकालीन अवकाश को लेकर मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन ने सत्र 2026-27 के लिए अवकाश आदेश जारी किया है। इसके अनुसार विद्यार्थियों के लिए करीब डेढ माह का यह अवकाश रहेगा। शिक्षकों के लिए एक माह का अवकाश रहेगा। उपसचिव प्रमोद सिंह ने यह आदेश जारी किया है।

जारी आदेश के अनुसार विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश 01 मई से 15 जून तक विद्यार्थियों के लिए अवकाश रहेगा। शिक्षकों के लिए 01 मई से यह अवकाश 31 मई तक रहेगा। दशहरा अवकाश 19 से 21 अक्टूबर विद्यार्थी एवं शिक्षकों दोनों के लिए रहेगा। इसी प्रकार दीपावली अवकाश 06 से 10 नवंबर तक एवं शीतकालीन अवकाश 31 दिसंबर 26 से 04 जनवरी 27 तक शिक्षक एवं विद्यार्थी दोनों के लिए रहेगा।

## ट्रैंडिंग

**अभी देश में दो लाइन लगी है धुरंधर और सिलेंडर की**

**धुरंधर वाली लाइन विपक्ष नहीं मान रहा, सिलेंडर वाली लाइन सरकार नहीं मान रही..**

### इंडक्शन से अलग तकनीक, हर बर्तन पर काम—लेकिन बिजली खपत को लेकर सावधानी बरतना जरूरी

# गैस संकट में 'इंफ्रारेड चूल्हा' बना नया सहारा

**गैस संकट में बदली रसोई की तस्वीर... इंफ्रारेड चूल्हों की बढ़ी मांग, गैस सिलेंडर की जद्दोजहद ने बदली किचन की दिशा, इंफ्रारेड चूल्हा बना नया ट्रेंड, तेज कुकिंग के साथ बढ़ी मांग**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में एलपीजी सिलेंडर की कमी के बीच अब रसोई का विकल्प तेजी से बदलता नजर आ रहा है। गैस की लंबी लाइनों और अनिश्चित सप्लाई के कारण लोग बिजली से चलने वाले उपकरणों की ओर शिफ्ट हो रहे हैं। इसी बीच इंफ्रारेड चूल्हा बाजार में एक मजबूत विकल्प बनकर उभरा है, जिसकी मांग और बिक्री दोनों में तेजी देखी जा रही है।

नई सड़क क्षेत्र के इलेक्ट्रॉनिक व्यापारियों के अनुसार, पिछले कुछ समय में इंफ्रारेड चूल्हों की बिक्री में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है।

दुकानदारों के अनुसार, गैस संकट के बाद उपभोक्ता ऐसे विकल्प तलाश रहे हैं, जो आसान, तेज और बिना अतिरिक्त खर्च के उपयोग में आ सकें। इंफ्रारेड चूल्हा इसी जरूरत को पूरा करता नजर आ रहा है, क्योंकि इसमें किसी विशेष बर्तन की आवश्यकता नहीं होती।



### किस क्षमता का चूल्हा लेना बेहतर

संचालक मनोज परमार ने बताया कि 3-4 लोगों के परिवार के लिए 2000-2200 वॉट का इंफ्रारेड चूल्हा संतुलित विकल्प है। हल्के उपयोग के लिए 1200-1600 वॉट पर्याप्त हो सकता है, जबकि अधिक कुकिंग के लिए 3000 वॉट तक के मॉडल भी उनकी दुकान पर उपलब्ध हैं।

### इंडक्शन से कैसे अलग

इंडक्शन चूल्हा जहां मैग्नेटिक तकनीक से सीधे बर्तन को गर्म करता है और केवल खास धातु के बर्तन पर ही काम करता है, वहीं इंफ्रारेड चूल्हा रेडिएंट हीट के जरिए बर्तन को बाहर से गर्म करता है। इंफ्रारेड में हीट पूरे बर्तन में समान रूप से फैलती है, जिससे खाना एक समान पकता है। हालांकि, शुरूआत में गर्म होने में थोड़ा समय लग सकता है, लेकिन तापमान स्थिर होने के बाद कुकिंग तेज हो जाती है।

### बिजली खपत.. कम या ज्यादा

हालांकि यह विकल्प सुविधाजनक है, लेकिन बिजली खपत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

2200 वॉट का इंफ्रारेड चूल्हा औसतन एक घंटे में करीब एक यूनिट बिजली खर्च कर सकता है, लेकिन वास्तविक उपयोग में यह खपत अधिक भी हो सकती है। इंडक्शन चूल्हे की तुलना में इंफ्रारेड कुकटॉप ज्यादा ऊर्जा खर्च करता है, क्योंकि इसमें उत्पन्न हीट का कुछ हिस्सा वातावरण में भी फैल जाता है।

### सुविधा के साथ बहुउपयोग



नई सड़क स्थित उत्सव इलेक्ट्रॉनिक दुकान के संचालक मनोज परमार के मुताबिक, गैस सिलेंडर की किल्लत के बाद इंफ्रारेड चूल्हे की डिमांड बढ़ गई है इस चूल्हे पर रोटी, पापड़, भुट्टा और बाटी जैसी इत्यादी चीजें सीधे बनाई जा सकती हैं। इसके लिए अतिरिक्त तवा या ओवन की जरूरत नहीं होती। साथ ही, इसमें तापमान को एक बटन से नियंत्रित किया जा सकता है, जिससे उपयोग आसान हो जाता है। हमारे यहां 2200 वाट के केनस्टार कंपनी के चूल्हे की कीमत 3100 रुपए है जिसकी अच्छी बिक्री हो रही है। इधर कंपनी के सेल्स एग्जीक्यूटिव का कहना है कि 1 घंटे इस चूल्हे का उपयोग करने पर एक यूनिट बिजली की ही खपत होगी।

### चौड़ीकरण वाले सभी क्षेत्रों में एक जैसे हाल

# नाली एवं गंदा पानी जाम, पनपे मच्छर रहवासी को काट रहे

**प्रभावित क्षेत्रों में कीट नियंत्रण के लिए पर्याप्त दवाई का छिड़काव भी नहीं**



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में सिंहस्थ-28 के लिए चौडीकरण को अंजाम दिया जा रहा है। इसके लिए मकानों को तोडकर पीछे किया जा रहा है और वर्तमान नालियों को बंद करने के साथ चौडीकरण के दायरे के अनुसार नई नालियों का निर्माण समयानुसार किया जा रहा है जिसकी गति कमजोर है। ऐसे में पुरानी नालियों में जाम की स्थिति बन रही है और गंदा पानी जमने से कीट एवं मच्छर पनप रहे हैं जो रहवासियों को काट रहे हैं। प्रभावित क्षेत्रों में कीट नियंत्रण के लिए पर्याप्त दवाई का छिडकाव भी नहीं किया जा रहा है।

शहर में एक दो नहीं कई क्षेत्रों में चौडीकरण का कार्य चल रहा है। इसके चलते नगर निगम नालियों से मलबा निकाल रहा है लेकिन उसकी गति धीमी होने से गंदा पानी सडकों एवं डोबरों का रूप ले रहा है। ऐसे में पुरानी नालियों में भी गंदा पानी जमाव की स्थिति बन रही है और इससे क्षेत्रों में मच्छर का प्रकोप बढ रहा है। क्षेत्रीय रहवासियों के अनुसार चौडीकरण की शुरूआत से लेकर अब तक कीट नियंत्रण के लिए क्षेत्रों में दवाई का छिडकाव नहीं किया गया, इस कारण से मच्छरों की भरमार हो रही है और इससे परेशानी की स्थिति पैदा हो रही है।

### एक नहीं सभी क्षेत्र में एक सी स्थिति

कोयला फाटक से कंठाल क्षेत्र हो चाहे नीलगंगा-गेल मार्ग हो या फिर जयसिंहपुरा क्षेत्र हो सभी जगह एक से हालात है। नालियों का निर्माण की गति काफी धीमी है। चौडीकरण का काम भी धीमी गति से किया जा रहा है। इसके चलते नालियों में पानी का जमाव बराबर हो रहा है। नीलगंगा मार्ग पर डा.चमन सिंह ने बताया कि जब से चौडीकरण का काम शुरू हुआ है तब से क्षेत्र में फागिंग भी नहीं की गई है। नालियों में कीटनाशकों का उपयोग तो देखने में ही नहीं आया है।

### गंदे पानी में पनप रहे मच्छर

कई-कई दिनों तक पानी के जमाव के चलते उसमें मच्छर पनप रहे हैं और लोगों को भरपूर रूप से आहत कर रहे हैं। रहवासियों का कहना है कि पूर्व में कीट नियंत्रण के लिए नालियों में लाल दवाई डाली जाती थी। इसके साथ ही अन्य कीटनाशकों का उपयोग भी किया जाता था। इस बार चौडीकरण क्षेत्रों में ऐसा देखने में नहीं आ रहा है।

# किसान क्रेडिट 15 मई तक बढाने की मांग

**बारिश के कारण फसल कटाई में देरी के कारण किसान अभी क्रेडिट जमा करने की स्थिति में नहीं**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भारतीय किसान संघ ने किसान क्रेडिट की ड्यू डेट 28 मार्च से बढाकर 15 मई किए जाने की मांग रखी है। इसके पीछे कारण यह बताया जा रहा है कि बारिश के कारण फसल कटाई में देरी होने के कारण किसान अभी क्रेडिट जमा करने की स्थिति में नहीं है। इसे लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक जिला सहकारी बैंक महाप्रबंधक को ज्ञापन भी दिया गया है।

संघ के जिलाध्यक्ष बहादुरसिंह आंजना ने बताया कि जिला सहकारी बैंक की सभी तहसीलों में किसानो के द्वारा संस्था में खाद बीज पर किसानों के द्वारा जो कर्ज लिया गया है उसकी समय अवधि 28 मार्च है। लगातार बे मौसम बारिश के कारण किसानो की गेहूं की फसलों की कटाई का काम अप्रैल माह के पहले सप्ताह में चालू होगा। इस कारण से किसान बैंक में समय से कर्ज नहीं चुकाने पर डिफाल्टर हो जाएगा और गेहूं की खरीदी शासन स्तर पर अप्रैल माह के पहले सप्ताह में होना है। जिसका पैसा किसान के खाते आने में समय लगेगा। संघ ने मुख्यमंत्री से ड्यू डेट 28 मार्च से बढ़ाकर 15 मई किए जाने की मांग रखी है। इसे लेकर संघ उज्जैन ईकाई की और से गुरूवार को जिला सहकारी बैंक महाप्रबंधक को ज्ञापन दिया गया। इस दौरान जिला मंत्री ईश्वर सिंह ,जिला उपाध्यक्ष शिवचरण शर्मा, राजेंद्र सिंह सोलंकी, भगवान सिंह ,सुरेश चौधरी, नागेश्वर शर्मा एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थिति थे।

### सीवर में अब जान का जोखिम कम..

# सफाई मित्र सीख रहे 'स्मार्ट सफाई' के तरीके



**सीवर सफाई मित्रों को मिला तकनीकी प्रशिक्षण, 'नमस्ते योजना' के तहत आधुनिक उपकरणों से सुरक्षित सफाई पर जोर**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सीवर और सेप्टिक टैंकों की सफाई जैसे जोखिम भरे कार्य को सुरक्षित और आधुनिक बनाने की दिशा में नगर निगम उज्जैन में आधारभूत प्रशिक्षण कार्यशाला (OST) का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 'नमस्ते योजना' के तहत आयोजित हुआ, जिसे राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम (NSKFDC), भारत सरकार संचालित कर रहा है और मध्यप्रदेश में नगरीय आवास एवं विकास विभाग द्वारा लागू किया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण में नगर निगम उज्जैन के पंजीकृत सफाई मित्रों ने भाग लिया। पहले उनकी प्रोफाइलिंग की गई, जिसके बाद उन्हें सीवर एवं सेप्टिक टैंकों की सफाई के दौरान अपनाए जाने वाले वैज्ञानिक तरीकों और सुरक्षा मानकों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का संचालन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा निर्धारित ट्रेनिंग पार्टनर के माध्यम से किया गया।

### योजना का व्यापक उद्देश्य

'नमस्ते योजना' केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य सफाई मित्रों को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना भी है। मध्यप्रदेश के सभी शहरी निकायों में इस योजना को लागू किया जा रहा है, जिससे एक समान और सुरक्षित सफाई व्यवस्था विकसित हो सके।

उक्त प्रशिक्षण कार्य श्री संयोग मिश्रा (राज्य प्रबंधक) नगरीय प्रशासन एवं विकास, भोपाल तथा श्री भूषण व्यास पी आई यू उज्जैन द्वारा किया गया एवं प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित

सभी सफाई मित्रों से सीधे संवाद किया। उन्हें सुरक्षा उपकरणों के उपयोग, कार्य के दौरान सावधानियों और आपात स्थिति में उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी दी गई। साथ ही, शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया गया।

**जोखिम से सुरक्षा की ओर बदलाव**

सीवर सफाई लंबे समय से सबसे खतरनाक कार्यों में गिनी जाती है, जहां जहरीली गैस, ऑक्सीजन की कमी और संक्रमण का खतरा बना रहता है। इस प्रशिक्षण में सफाई मित्रों को बताया गया कि कैसे आधुनिक उपकरणों, सुरक्षा किट और मशीनों के उपयोग से इन जोखिमों को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

### शहर की सुख समृद्धि के लिए आज महाआरती पर हुई नगरपूजा

# ...सतत बहती शराब की धार को लेकर रहा कौतूहल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

(पं राहुल शुक्ल)

भूतभावन बाबा महाकाल की नगरी मे वैसे तो वर्षभर विभिन्न धार्मिक आयोजन होते रहते हैं किन्तु चैत्र नवरात्रि की अष्टमी को साधु संत द्वारा नगर पूजा रोमांच व कौतूहल से भरी होती है जिसे देखने श्रद्धालु दूर दूर से आते हैं।शहर की खुशहाली के लिए आज नगरपूजा गुरुवार को सम्पन्न हुई। नगरपूजा का श्रीगणेश गुदरी स्थित चौबीसखंभा माता मंदिर से हुआ। सुबह निर्धारित समय आठ बजे अखिल भारतीय अखाडा परिषद के अध्यक्ष व निरंजनी अखाडा प्रमुख महंत रवीन्द्रपुरीजी ने देवी महामाया और महालया को पूजन सामग्री अर्पित कर आरती की फिर देवीजी को मदिरा की धार चढाई गई। इस अद्भुत नजारे को देखने के लिए अलसुबह से ही चौबीस खंभा माता मंदिर मे श्रद्धालुओं का जमघट लगा हुआ था। मदिरा की धार अर्पित करने के दौरान ढोल नगाड़े व घंटे सतत बजते रहे।




### शहर के सभी देवी मंदिर व भैरव मंदिरों मे पूजा

चौबीस खंभा माता की पूजन उपरांत माता का लाल ध्वज लिए कोटवार चल रहे थे। उनके पीछे हांडी से रास्ते भर अनवरत चलती मदिरा की धार को देखने लोगो मे रोमांच रहा। यात्रा के शुभारंभ पर महंत रवीन्द्रपुरीजी हांडी मे सुरा लेकर चले और पीछे सभी संत महात्मा व श्रद्धालु चलते रहे। रास्ते भर लोग इस अद्भुत नजारे को कैमरे मे कैद करते दिखे। पीछे पीछे नगर पूजन की विभिन्न सामग्री लिए कोटवार व भक्त चल रहे थे। नगर पूजा का समापन शाम को हांडी फोड भैरव मंदिर मे हुआ।

### 27 किलोमीटर चलकर 40 मंदिरों मे पूजा

नगरपूजा के अन्तर्गत शहर के विभिन्न देवी व भैरव मंदिरों मे पूजा की जाती है जिनमे लालबाई- फूलबाई मंदिर, चौसठ योगिनी मंदिर , गढकालिका माता मंदिर प्रमुख हैं। यात्रा का समापन हांडी फोड भैरव पर होता है। इस दौरान कोटवार ,साधु संत व श्रद्धालु पूजन सामग्री लेकर लगभग 27 किलोमीटर चलते हैं और देवी देवताओं से शहरके निवासियों को रोग- शोक से मुक्त रखने की कामना करते हैं।

### चांदी जडित शंख से अर्पित हुई मदिरा

महंत रवीन्द्रपुरीजी ने चांदी जडित शंख द्वारा मां महामाया को पहले सुरापान कराया इसके बाद माता महालया को शराब का भोग लगाया गया। माता को श्रृंगार की समस्त सामग्री अर्पित की गई। इस अवसर पर विभिन्न अखाडे के साधु संत भी उपस्थित थे। मंदिर के पंडित ने बताया कि शहरवासियों की रक्षा नगर की देवी व द्वारपाल आदि करते हैं। शहर मे सुख शांति बनी रहे और रोग शोक दूर रहें इसी कामना से नगरपूजा का विधान है। पहले अश्विन मास को नवरात्रि की अष्टमी को शासन के द्वारा नगरपूजा होती रही जिसमे कलेक्टर शहर की सुरक्षा के निमित्त मां को मदिरा अर्पित करते हैं विगत कुछ वर्ष से अखाडा परिषद के अध्यक्ष महंत रवीन्द्रपुरीजी ने चैत्र मास की अष्टमी पर भी नगरपूजा प्रारंभ की जो एक अच्छी पहल रही।

### संतों मे रहा अपार उत्साह

नगरपूजा को लेकर कई संत महात्मा हरिद्वार व काशी आदि से पधारे हैं। नगरपूजा मे संत सुरेशानंदजी, श्यामगिरी बापू, शांतिस्वरूपानंद महाराज, सुमनानंदजी, प्रणवानंदजी, शैलेषानंदजी आदि सम्मिलित हुए।

दैनिक अवन्तिका 57 since 1968
# दैनिक अवन्तिका
सब पे नज़र, सबकी ख़बर
इंदौर - उज्जैन | शुक्रवार 27 मार्च, 2026 | www.awantika.com




" मानसिक स्वास्थ्य हमारे समग्र कल्याण का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है। आइए हम सब मिलकर ऐसा वातावरण बनाएँ, जहाँ मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत आम और सहज हो सके। "

श्री नरेंद्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

Tele MANAS 14416

# टेली मानस

## भारत का राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की पहल

# क्या आप किसी मानसिक स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे हैं?

कभी भी, कहीं से भी टेली मानस के माध्यम से सहायता पाएं।
24/7, 20+ भाषाओं में, पूरे भारत में उपलब्ध।

## इन चिंताओं के लिए हमें कॉल करें:

- उदासी, चिंता या तनाव
- नींद की समस्या
- परीक्षा का तनाव
- परिवार से जुड़ी समस्याएँ
- आत्महत्या से जुड़े विचार
- नशे से संबंधित समस्याएँ
- रिश्तों में परेशानी
- याददाश्त से जुड़े मुद्दे
- पैसों की चिंता या अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याएँ

" पिछले 3 वर्षों में हमने 30 लाख से अधिक कॉल्स में सहायता की है। "

**टेली मानस ऐप डाउनलोड करें और स्व-देखभाल सामग्री तथा वेलनेस अभ्यास मॉड्यूल देखें।**



## टेली मानस को कॉल करें

24/7

# 14416

टोल-फ्री नंबर

- 10 क्षेत्रीय भाषाओं + अंग्रेज़ी और हिंदी में उपलब्ध।
- दिव्यांग उपयोगकर्ताओं के लिए एक्सेसिबिलिटी फीचर्स।
- मिलिए 'अस्मी' से आपके सवालों, जानकारी और सहायता के लिए आपका चैटबॉट।

**यहाँ स्कैन करें**

टेली मानस के बारे में और जानने व ऐप डाउनलोड करने के लिए!

CBC 17193/13/0010/2526

न्यूज-कॉलम



## सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने संसद में उठाया राशन व डिजिटल सिस्टम का मुद्दा

**बुरहानपुर।** ज्ञानेश्वर पाटील ने संसद में सार्वजनिक प वितरण प्रणाली (पीडीएस) और उससे जुड़े डिजिटल सिस्टम को और अधिक प्रभावी बनाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी सुनिश्चित होगा, जब प्रत्येक पात्र हितग्राही तक समय पर और बिना किसी बाधा के राशन पहुंचे। सांसद ने सदन में खंडवा लोकसभा क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य और दूरस्थ क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए केंद्रीय खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभनिया से प्रश्न करते हुए कहा कि यहां इंटरनेट कनेक्टिविटी की समस्या बनी रहती है। क्या अन्न मित्र ऐप ऑफलाइन मोड में भी कार्य करने में सक्षम है, ताकि इन क्षेत्रों में भी इसका प्रभावी उपयोग हो सके। इस पर केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभनिया ने जवाब देते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पीडीएस व्यवस्था को पारदर्शी और सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से निगरानी और व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बना रही है और समय-समय पर आवश्यक सुधार किए जा रहे हैं।

## खरगोन में चोरी की वारदात से दहशत, तीन दुकानों के ताले तोड़े

**खरगोन।** शहर के व्यस्ततम क्षेत्र राधावल्लभ मार्केट में देर रात अज्ञात चोरों ने एक साथ तीन दुकानों को निशाना बनाकर सनसनी फैला दी। घटना के बाद इलाके के व्यापारियों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, एसबीआई एटीएम के ऊपर स्थित दो दुकानों और सामने की एक अन्य दुकान के ताले तोड़कर चोर अंदर घुसे। दो दुकानों से चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया, जबकि एक दुकान का केवल ताला तोड़ा गया। पीड़ित दुकानदार मोहीत भावसार ने बताया कि उन्होंने दो दिन पहले रात में दुकान बंद की थी। इसके बाद चोरों ने शटर का ताला तोड़कर और कांच फोड़कर अंदर प्रवेश किया। यहां से चोर कैमरे की बॉडी और करीब 5 हजार रुपए नकद लेकर फरार हो गए। वहीं पास की एक अन्य दुकान से लगभग 25 हजार रुपए कीमत का सामान चोरी किया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। साथ ही फोरेंसिक टीम ने भी मौके का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में नाराजगी देखी जा रही है और उन्होंने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है।

## सरस्वती विद्या मंदिर की बेटी ने किया अपने प्रदेश का नाम रोशन

**बड़नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर की बहन दीपिका पिता मुकेश शर्मा ने अपने अथक प्रयास से फर्स्ट नेशनल इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप भुवनेश्वर (उड़ीसा) में 3 हजार मीटर दौड़ को 9 मिनट 56 सेकंड में जीतकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। उल्लेखनीय कि उक्त बहिन पहले कई पदक प्राप्त कर विद्यालय एवं नगर को गौरवान्वित कर चुकी है। बहन की इस उपलब्धि में विद्यालय के खेल शिक्षक अजीतसिंह सोलंकी एवं आकाश भावसार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। छात्रा की इस उपलब्धि पर महिला एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अशोक गोधा , सचिव आशीष शुक्ला, कोषाध्यक्ष अरविंद माहेश्वरी, प्राचार्या संगीता गंगराड़े एवं समस्त आचार्य स्टाफ ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जानकारी योगेश जोशी ने दी।



## हिंगलाज माता मंदिर में महाष्टमी को हवन संपन्न



**बड़नगर।** प्राचीन हिंगलाज माता मंदिर रंगार सेरी मैं चैत्र नवरात्रि की महाष्टमी गुरुवार को विधि विधान से पूजा कर माता को नए वस्त्र धारण करा कर विशेष श्रृंगार किया गया। नव वर्ष में सुख, समृद्धि एवं शांति के लिए आहुतियां देकर हवन संपन्न हुआ। पुजारी देवपुरी गोस्वामी ने बताया कि रामनवमी शुक्रवार को प्रातः कुलदेवी कामाख्या देवी की पूजा अर्चना कर कन्या भोज के साथ बाड़ी का विसर्जन कर चैत्रनवरात्रि का समापन होगा। इस अवसर पर भक्तों ने माता के दर्शन और हवन का लाभ लिया।

## ट्रेन से टकराने से वृद्ध महिला की मौत

**रतलाम।** शहर में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 84 वर्षीय महिला की मौत हो गई। घटना सुबह करीब 8 बजे सुभाष नगर के पीछे ब्रिज के पास रेलवे पटरी पर हुई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दीनदयाल नगर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान बतुल पति मेहबूब टोटर 84 वर्षीय निवासी राजेन्द्र नगर, के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वृद्ध बतुल की मृत्यु ट्रेन से टकराने पर आई गंभीर चोटों के कारण हुई है। घटना की सूचना मोहम्मद सोहेल 23 वर्षीय पिता मोहम्मद रफीक टोटर, निवासी राजेन्द्र नगर द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मेडिकल कॉलेज भिजवाया। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

## 31 मार्च तक संपत्तिकर एवं जलकर की बकाया राशि जमा कराने पर मिलेगी छूट

**रतलाम।** शासन निर्देशानुसार 31 मार्च तक संपत्तिकर एवं जलकर के बकायादारों को एक मुश्त बकाया राशि जमा कराने पर अधिभार (पेनल्टी) में नियमानुसार 25 प्रतिशत, 50 प्रतिशत, 75 प्रतिशत एवं 199 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। निगम आयुक्त अनिल भाना ने निगम के संपत्तिकर एवं जलकर के अधिकारी एवं कर्मचारी को निर्देशित किया है कि 31 मार्च तक शासकीय अवकाश दिवसों में भी संपत्तिकर एवं जलकर काउंटर कार्यालयीन समय में खुले रखें ताकि बकायादार अपनी बकाया राषि जमा कराकर अधिभार (पेनल्टी) में छूट का लाभ ले सकें।नागरिक 31 मार्च तक शासकीय अवकाश के दिवसों में नगर निगम के संपत्तिकर व जलकर काउंटर पर संपत्तिकर व जलकर की राशि जमा कराकर दी जा रही अधिभार (पेनल्टी) में छूट का लाभ लें।

## उज्जैन में 5वीं-8वीं के परीक्षा परिणाम सुधरे

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह नगर उज्जैन में इस वर्ष 5वीं और 8वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम पिछले साल की तुलना में बेहतर रहे हैं। 6वीं का परिणाम 94.27प्रतिशत व 8वीं का 94.50 तक पहुंच गया है।

## बाल संरक्षण शपथ कार्यक्रम में प्रतिभागियों को संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारियों के साथ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों, सुरक्षा एवं संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में पहल जन सहयोग विकास संस्था के विकासखंड समन्वयक श्री जुनेद खान एवं क्षेत्रीय समन्वयक श्री अजय वनियाल द्वारा उपस्थित सभी को बाल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी प्रीति बड़ोले, सुपरवाइजर मुन्नी चौहान तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी, जिसमे 27 की संख्या रही,प्रतिभागियों को बच्चों के अधिकारों, उनकी सुरक्षा, शिक्षा एवं संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही सभी ने यह संकल्प लिया कि वे बाल श्रम, बाल विवाह, बाल शोषण एवं बच्चों के साथ होने वाली किसी भी प्रकार की हिंसा का विरोध करेंगे तथा बच्चों के जीवन, सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान के अधिकारों की रक्षा हेतु सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

ग्रामीणों को यह भी अवगत कराया गया कि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना केवल परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। इसी क्रम में 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि यदि किसी बच्चे के साथ दुर्व्यवहार, हिंसा या उपेक्षा की घटना सामने आती है, तो इसकी सूचना तत्काल इस हेल्पलाइन या संबंधित विभाग को दी जा सकती है।इस अवसर पर परियोजना अधिकारी प्रीति बड़ोले ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल अत्यंत सराहनीय है तथा भविष्य में भी विभाग द्वारा ऐसे कार्यों में पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने गांव को बाल-अनुकूल, सुरक्षित एवं संरक्षित वातावरण बनाने में सहयोग करेंगे, बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजे।



## अर्चना चिटनिस ने 74 हितग्राहियों को वितरित की 1.60 करोड़ की सहायता

**बुरहानपुर।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस ने ग्राम धामनगांव स्थित माँ वाघेश्वरी माता मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में 74 हितग्राही परिवारों को कुल 1 करोड़ 60 लाख रुपए की अनुग्रह सहायता राशि का वितरण किया। यह राशि मुख्यमंत्री द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में डीबीटी के जरिए अंतरित की गई। कार्यक्रम में श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि मुख्यमंत्री संबल योजना प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण जन कल्याणकारी योजना है, जिसके माध्यम से असंगठित श्रमिकों एवं जरूरतमंद परिवारों को संकट की घड़ी में आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से हितग्राहियों को सीधे उनके खातों में राशि पहुंचने से पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है और पात्र लोगों को समय पर सहायता मिल रही है। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल, देवानंद पाटिल, मनोहर चौमधरी, अशोक राठौर, विश्वनाथ महाजन सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## जनगणना 2027 हेतु फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण

**बड़वानी ।** प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के निर्देशन में जनगणना 2027 के कार्यों के सुचारू एवं प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिले में फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम २४ मार्च से 26 मार्च 2026 तक आदर्श महाविद्यालय बड़वानी में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के फील्ड ट्रेनर्स के प्रथम बैच का द्वितीय दिवस का प्रशिक्षण में जनगणना से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं एवं कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना कार्य की बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है, जिससे आगामी जनगणना कार्य को जिले में सफलतापूर्वक एवं व्यवस्थित रूप से संपादित किया जा सके।

## नगर में रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**सनावद।** रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें निकलने वाले भव्य चल समारोह मे मार्ग में लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गणमान्य नागरिक को से, विचार विमर्श कर सुझाव मांगे गए एवं मार्ग में स्वच्छता, एवं प्रकाश व्यवस्था को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिशा निर्देश प्रदान किए गए एडिशनल एसपी शकुंतला रुहल ने सभी से रामनवमी पर्व को आपसी भाईचारे एवं सौहार्द से मनाने की अपील की एवं थाना प्रभारी धर्मेंद्र यादव ने बताया कि पुलिस हमेशा आपके साथ है चल समारोह के दौरान होने वाली सुविधाओं से हमें अवगत करवाए हम आपकी समस्या का तुरंत निराकरण करेंगे एवं कानून का पालन करें यात्रा के दौरान नशा कर के उधम करने वालों को बक्सा नहीं जाएगा !डीजे के ऊपर कार्यकर्ता ना रहे। इस बात का विशेष रूप से रखें। यात्रा मार्ग को लेकर जरदार चौक से लेकर अंजुमन भवन तक अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था कर गलियों को बेरीगेटिंग किया जाएगा। हम सब की जिम्मेदारी है कि आयोजन भव्य रूप और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो। अधिक से अधिक कार्यकर्ता रखें। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के वाहनों पर इस बात का ध्यान रखें कि सांप्रदायिक या उन्माद फैलाने वाले गाने ना बजाए। ना ही अन्य कोई नारेबाजी करे। जिससे किसी की भावना आहत हो। बैठक के दौरान विहिप के संगठन मंत्री नितिन कर-डक ने बताया कि भगवान राम का जन्म उत्सव धूमधाम के साथ सौहार्द और उत्साह के वातावरण में मनाया जाएगा।

## पुलिस ने गुमशुदा बालिका को ढूंढ कर किया दस्तयाब

**बड़वानी।** जिले में गुम अपहृत बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्मविलोचन शुक्ल द्वारा ऑपरेशन मुस्कान विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर एवं एसडीओपी राजपुर श्री आयुष कुमार अलावा के मार्गदर्शन में थाना राजपुर पुलिस द्वारा गुमशुदा नाबालिक की पतारसी की गई। प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम रानीपुरा पहुंचकर तलाश की गई, जहां नाबालिक अपने मामा के घर पर सकुशल मिली। कथन अनुसार वह पारिवारिक कारणों से नाराज होकर स्वयं ही वहां गई थी तथा उसके साथ किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हुई।

## प्रदेश सरकार ने जल गंगा संवर्धन अभियान अभियान चलाया

**बड़वानी ।** जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन एवं सतत विकास को सुदृढ़ आधार प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अभियान चलाया जा रहा है। 19 मार्च से शुरू हुआ यह अभियान 30 जून तक चलेगा। प्रदेश सरकार द्वारा चलाया जा रहा यह महाअभियान केवल प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राज्य के समग्र विकास, ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ीकरण एवं भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण जन-अभियान के रूप में चल रहा है।इस वर्ष अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-वाटरशेड विकास के कार्यों को भी शामिल किया गया है। वाटरशेड विकास 2.0 के अंतर्गत 68 कंटूर ट्रेंच, 91 गेबियन संरचनाएं, 842 खेत-तालाब, 26 स्टॉप डैम, 204 चेक डैम, 281 तालाब, 76 रिचार्ज शाफ्ट तथा 19 अन्य जल संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा।

## खादी उत्पादों के प्रचार के लिए खादी प्रदर्शनी

उज्जैन। मप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों के प्रचार एवं विक्रय के लिए शुक्रवार 27 मार्च से 5 अप्रैल तक गंगवाल गार्डन, देवास रोड में खादी प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

# सीजन में पहली बार लोकवन गेहूं 3102 रुपये बिका, 20 हजार बोरी आवक

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन

गेहूं सीजन में पहली बार सोमवार को लोकवन टॉप क्वालिटी गेहूं 3102 रुपए में बिका। मंडी में 10 से 12 ट्रॉली लोकवन गेहूं तीन हजार रुपए तक के भाव में बिका। कुल आवक का 70 प्रतिशत गेहूं पानी और ओलों की मार खाया रहा। इस गेहूं के भाव मिल क्वालिटी में 2280 से 2320 रुपए ही मिले। किसानों को इसमें 200 से 300 रुपए प्रति क्विंटल कम भाव मिला।

मंडी में किसानों ने 20 हजार बोरी गेहूं नीलामी में बेचा। करीब 5 करोड़ रुपए की बिक्री हुई। अब रोजाना गेहूं की आवक बढ़ने लगेगी। इस समय मंडी में गेहूं के भाव किसानों को मनपसंद मिल रहे हैं। किसान भी मार्केटिंग मानकर अच्छी क्वालिटी का गेहूं बनाकर ही मंडी में बेचने आ रहे हैं।सरकारी समर्थन दाम पर खरीदी १ अप्रैल से शुरू होगी। इसके पहले मंडी और खुले बाजार में किसान गेहूं बेच रहे हैं। किसानों के अनुसार गेहूं की पैदावार 12 से 13 क्विंटल रही। समर्थन दाम पर तय सीमा में गेहूं खरीदा जाएगा। जो शेष रहेगा, वह खुले बाजार या मंडी में ही बेचना पड़ेगा।

महंगे भाव पर लोकवन गेहूं की खरीदी का मुख्य कारण बारिश से फसल का प्रभावित होना बताया गया। पहली और दूसरी कटाई का गेहूं ठीक आने से ऊंचे भाव पर खरीदी हो रही है। इस तरह का गेहूं बेचने पर 3500 से 3600 रुपए प्रति क्विंटल के भाव मिलते हैं। मंडी के गेहूं ब्रोकरेज संजय खंडेलवाल ने बताया गेहूं का सीजन अच्छा चल रहा है। क्वालिटी वाला गेहूं ज्यादा महंगा बिक रहा है। पानी की मार खाया गेहूं कमजोर भाव पर बिक रहा है। मंडी प्रशासन आवक बढ़ाने के लिए नए-नए प्रयोग करने जा रहा है। 31 मार्च नजदीक होने से मंडी में आवक बढ़ाना जरूरी है। अवकाश रद्द हुआ तो मंडी में उपज ज्यादा बिकेगी। अनुमानित 19 लाख रुपए से अधिक मंडी टैक्स मिलने की खबर रही। आगामी अवकाश रद्द होंगे या रहेंगे, इस पर अभी कोई खुलासा नहीं हो पाया है।

## 5 दिवसीय ध्वस्त संरचना खोज एवं बचाव प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन



डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट होमगार्ड ने बताया कि रेडक्रॉस सदस्य, एनसीसी सदस्य, स्वयंसेवी संगठन के प्रतिनिधि, नेहरू युवा केन्द्र के सेवक, एनएसएस, होमगार्ड एवं सेवानिवृत्त सैनिकों को होमगार्ड लाइन उज्जैन में ध्वस्त संरचना खोज एवं बचाव प्रशिक्षण दिया जा रहा है।राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं होमगार्ड नागरिक सुरक्षा के तत्वावधान में 5दिवसीय ध्वस्त संरचना खोज एवं बचाव प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार 27 मार्च तक संचालित किया जाएगा। जिसमें रेडक्रॉस सदस्य, एनसीसी सदस्य, स्वयंसेवी संगठन के प्रतिनिधि, नेहरू युवा केन्द्र के सेवक, एनएसएस, होमगार्ड एवं सेवानिवृत्त सैनिकों को सम्मिलित किया गया है।डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट श्री संतोष कुमार जाट ने बताया कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं कार्यालय कलेक्टर से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार इस प्रशिक्षण को होमगार्ड लाइन में अन्य प्रशिक्षणों के साथ-साथ आयोजित किया जा रहा है। इसमें शामिल प्रशिक्षणार्थियों को ध्वस्त संरचना खोज एवं बचाव के बारे में, खोज एवं बचाव के बारे में, बाहरी कौशल, सर्पदंश, रस्सी की गांठे, बचाव एवं निकासी, खोज सिद्धांत एवं तकनीकी साक्ष्य प्रबंधन, सीएसएसआर के इत्यादि विषयों पर प्रशिक्षण प्लाटून कमाण्डरों, होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ टीम द्वारा दिया जा रहा है।

## रामस्नेही संत हरिराम महाराज शास्त्री की भागवत कथा आज से

**रतलाम।** अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा पीठ बड़ा रामद्वारा जोधपुर के परम पूज्य रामस्नेही संत हरिराम महाराज शास्त्री के संन्यास स्वर्ण वर्ष महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित भागवत कथा की तैयारियां चरम पर है। यह कथा 27 मार्च रामनवमी से 2 अप्रैल हनुमान जयंती तक दोपहर में करमदी रोड पर होने जा रही है। जानकारी देते हुए कथा संयोजक चेतन पटेल और कन्हैयालाल पटेल कान्हा ने बताया कि कथा की तैयारियां भी लगभग पूर्ण हो गई हैं। 12 हजार वर्ग फिट से भी अधिक का भव्य पांडाल बनाना प्रारंभ हो गया है। साथ ही पार्किंग की भी पृथक से व्यवस्था की गई है। यह कथा खाचरोद रामद्वारा के स्वामी सुखरामदास वैदिक गुरुकुल के बच्चों के सेवार्थ कथा समर्पित है। कथा के सफल प्रयोजन के लिए बुधवार को राधाकृष्ण मंदिर मालिकुवा और सवारियां मंदिर करमदी रोड पर विराजित भगवान की प्रतिमा उत्सवी माहौल में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन अर्चन कर नवीन वस्त्र धारण करवाए गए।

## एनएसएस इकाई के सात दिनी शिविर का समापन

**उज्जैन।** भारतीय महाविद्यालय और भारतीय विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकई का सात दिवसीय विशेष शिविर चिंतामन जवासिया में आयोजित किया गया। इसके समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एनएसएस समन्वयक डॉ. शेखर मैदमवार ने शिविरार्थियों को राज्य स्तरीय शिविर में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और एनएसएस में अनुशासन की भूमिका पर बात की। विशिष्ट अतिथि एनएसएस जिला संगठक डॉ. प्रदीप लाखरे ने स्वयंसेविकाओं को लक्ष्य गीत के माध्यम से प्रेरित किया। उन्होंने एनएसएस के उद्देश्य और महत्व पर जानकारी दी। अध्यक्षता प्राचार्य ने की। सहभागी स्वयंसेविकाओं को प्रमाण पत्र दिए गए।

## पेट्रोल पंपों पर कम हुई भीड़ : आसानी से लोगों को मिला फ्यूल

**रतलाम।** पिछले दो दिन से पेट्रोल के लिए लोगों की भीड़ पेट्रोल पंपों पर उमड़ रही थी। तीसरे दिन गुरुवार को भीड़ कम नजर आई। आसानी से लोगों को पेट्रोल, डीजल अपने वाहनों में भरवाया। पेट्रोल पंप भी चालू रहे है। पेट्रोल, डीजल भरवाने की कोई लिमिट भी नहीं दी। जरुरत के हिसाह से लोग अपने वाहनों में पेट्रोल व डीजल भरवा रहे थे।पेट्रोल की कमी व रेट बढ? की अफवाहों के चलते दो दिन से शहर के पेट्रोल पंपों पर लोगों की भीड़ उमड़ रही थी। यहां तक पेट्रोल, डीजल की सप्लाई में देरी के कारण कुछ पेट्रोल पंप भी बंद हो गए थे। जिसे शहर के पेट्रोल पंपों पर पैनिक की स्थिति पैदा हो गई थी।अधिकारियों को पेट्रोल पंपों पर जाकर स्टॉक जांच तक करना पड़ी। लोगों को समझा पड़ा था। गुरुवार को स्थिति पूरी तरह से सामान्य रही। यहां तक पेट्रोल के टैंकर भी पंपों पर खाली होते नजर आए।पंप संचालक ने बताया दो दिन की अपेक्षा आज हालत सामान्य है। दो तीन पंपों पर सप्लाई में देरी से होने के कारण अन्य पेट्रोल पंप पर पैनिक हुआ है।

# कलेक्टर ने किया युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण का शुभारंभ

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन



मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गृह विभाग म.प्र. शासन के निर्देशानुसार जिला होमगार्ड कार्यालय में युवा आपदा मित्र योजना के अन्तर्गत द्वितीय सत्र का 7 दिवसीय प्रशिक्षण एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) व युवा भारत के 165 प्रशिक्षणार्थियों को होमगार्ड लाइन में आयोजित किया जा रहा है। जिसके प्रथम दिवस पर स्वयंसेवकों का रजिस्ट्रेशन किया गया।

प्रशिक्षण के शुभारंभ कार्यक्रम में मंगलवार को कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कलेक्टर श्री सिंह का स्वागत डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट होमगार्ड श्री संतोष कुमार जाट ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। उल्लेखनीय है कि 7 दिवसीय युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण का शुभांरभ मंगलवार को किया गया। कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने आपदा मित्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षित आपदा मित्रों की आगामी सिंहस्थ-2028 में कानून एवं घाट व्यवस्था ड्यूटी में आवश्यकता होगी। उम्मीद है कि सिंहस्थ कार्यों को सफल बनाने में आपदा मित्रों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यदि आपके समक्ष कोई रोड दुर्घटना होती है तो घायल व्यक्ति को एक मित्र की भांति अस्पताल पहुंचाने में मदद करें। आपदा प्रबंधन को लेकर जागरूकता एवं प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है।

आपदा मित्र में महिला सदस्य भी बढ़ चढ़ कर भाग ले रहीं हैं, जो कि अत्यंत प्रशंसनीय है। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा इस अवसर पर होमगार्ड विभाग द्वारा रामघाट पर किये जा रहे बचाव कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ के सैनिक, देश दुनिया से रामघाट पर स्नान करने आये लोगों की स्नान के दौरान दुर्घटना के समय जान बचाते हैं। यह होमगार्ड के द्वारा की जाने वाली मानवता की सेवा है, इसके लिये होमगार्ड विभाग प्रशंसा व बधाई का पात्र है। इसके पश्चात कलेक्टर श्री सिंह द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आपदा मित्रों को आपदा प्रबंधन किट प्रदाय की गई।

इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट श्री संतोष कुमार जाट ने बताया कि केन्द्र की युवा आपदा मित्र योजना के तहत प्रथम सत्र में 165 युवा आपदा मित्रों को विभिन्न आपदाओं से निपटने के लिये तैयार किया गया है। यह इस प्रशिक्षण श्रृंखला का द्वितीय सत्र है। जिसमें 165 युवा आपदा मित्रों को प्राकृतिक, मानवजनित आपदाओं के दौरान बचाव के बारे में 7 दिवस का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण अवधि में आपदा मित्रों को बाढ, भूकंप, भू-स्खलन, आगजनी सहित भगदड जैसी घटनाओं को रोकना सिखाया गया। जिले के कुशल प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। इन आपदा मित्रों को आगामी अनिश्चित आपदाओं से निपटने के लिये मानसिक रूप से भी तैयार किया जा रहा है।

## न्यूज -कॉलम

### चाकू से हमला करने वाले बदमाश पर लगाई रासुका

**उज्जैन।** 22 मार्च की शाम पंवासा चौराहा पर मोबाइल को लेकर हुए विवाद में रोहित पिता राजेश बैरागी पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले बदमाश अजय उर्फ पप्पी ठाकुर निवासी बापूनगर को पंवासा थाना पुलिस ने चिमनगंज थाना पुलिस टीम के साथ घेराबंदी कर गुरूवार को आगररोड से गिरफ्तार कर लिया। पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि आरोपी के खिलाफ 14 से 15 अपराध पूर्व में भी दर्ज है। उसे जानलेवा हमला करने के आरोप में गिरफ्तार कर उसके खिलाफ राज्य सुरक्षा अधिनियम (रासुका) की कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### गरोठ ब्रिज पर रात 2.30 बजे ट्रकों के बीच भिड़ंत

**उज्जैन।** खिचलीपुर गरोठ ब्रिज पर बुधवार-गुरूवार रात 2.30 बजे ट्रक अनियंत्रित हो गया और 2 ट्रकों को टक्कर मार दी। घटनाक्रम के बाद कुछ देर के लिये ब्रिज पर आवागमन बाधित हुआ। ट्रकों के बीच हुई टक्कर की खबर मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। टक्कर मारने वाले ट्रक को जप्त कर थाने लाया गया। वहीं टक्कर लगाने पर क्षतिग्रस्त ट्रकों को ब्रिज से हटाकर आवागमन शुरू कराया। गुरूवार को मामले में क्षतिग्रस्त ट्रक चालक आशीष पिता सुनील गोस्वामी निवासी छतरपुर पहाडी न्यू दिल्ली और नौशाद पिता सुबराती मेव निवासी मेवात हरियाणा की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया। टक्कर मारने वाले चालक भाग निकला था, जिसकी तलाश की जा रही है।

### परिजन बोले सालों पहले घर छोड़ चुका था नितेश

**उज्जैन।** नागझिरी थाना पुलिस ने 3 दिन पहले हामूखेड़ी के पास से बेसुध पड़े व्यक्ति को चरक अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती कराया था। जिसकी बुधवार-गुरूवार रात मौत हो गई। पुलिस के उसके पास से कागज पर लिखा एक मोबाइल नम्बर मिला था। संपर्क करने पर पता चला कि मृतक नितेश पिता मुरलीधर परमार निवासी दकाचिया इंदौर का रहने वाला है। पुलिस ने उसके निधन की खबर दी, गुरूवार दोपहर कुछ रिश्तेदार उज्जैन पहुंचे और बताया कि सालों पहले घर छोड़कर चला गया था। 15 साल पहले पिता की मौत हुई थी, उस दौरान कुछ घंटे के लिये आया था। उसके बाद से उसका कुछ पता नहीं था। नितेश की शादी भी नहीं हुई थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों-रिश्तेदारों को सौंपा, जिसे अंतिम संस्कार के लिये इंदौर ले जाया गया है।

### मृतक की हुई पहचान, मंडी में करता था काम

**उज्जैन।** जीवाजीगंज थाना पुलिस ने बुधवार शाम आशु मेतरानी माता मंदिर के पास से एक युवक का शव बरामद किया था। जिसके हाथ पर वीके लिखा और जेब से सल्फास का जहरीला पाऊच मिला था। उसकी पहचान करने के लिये सोशल मीडिया पर फोटो वायरल किया गया था। गुरूवार सुबह मृतक की पहचान नितेश जोशी निवासी उन्हेल के रूप में हो गई। परिजनों के आने पर पता चला कि मंडी में काम करता था। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि उसने जहरीला पदार्थ क्यों खाया। पुलिस के अनुसार परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी।

### विवाद में बचाव करना ग्रामीण को पड़ा भारी

**उज्जैन।** नागदा में कोटा फाटक के पास शराब दुकान के सामने 2 लोगों को विवाद करता देख श्रीराम कालोनी नागदा में रहने वाला महेन्द्र पिता बाबूलाल उचेनिया बीच-बचाव करने पहुंच गया। लेकिन विवाद करने वालों ने उसके साथ ही मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। नागदा पुलिस ने महेन्द्र की शिकायत पर अज्ञात 2 व्यक्तियों के खिलाफ मारपीट करने का प्रकरण दर्ज किया है।

### पुरानी रंजीश में रिश्तेदारों के बीच चले लात-घूंसे

**उज्जैन।** घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम भूतिया में बुधवार-गुरूवार रात वाघेला परिवार के 2 पक्षों में विवाद हो गया। कहासुनी लात-घूंसों में बदल गई। एक पक्ष से 81 वर्षीय भैरूलाल पिता पीरू वाघेला और दूसरी ओर से राजेश पिता वीरेन्द्रसिंह वाघेला 30 साल घायल हुए है। दोनों परिवारों के बीच पुरानी रंजीश चली आ रही है। रात में दोनों के परिवार रंजीश के चलते आमने-सामने हो गये थे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | | 889-5 | 678-1 |
| मेन बाजार | | 470-1 | 148-3 |
| कल्याण नाइट | | 279-8 | 358-6 |
| मिलन डे | | 367-6 | 178-6 |
| मिलन नाइट | | 467-7 | 467-7 |
| मधुर डे | | 128-5 | 190-0 |
| मधुर नाइट | | 123-6 | 340-7 |
| शुभांक | 4 | 7 | 9 |

तलाश में निकला शहर का पुलिस अमला, तालाब में सर्चिंग...

# विष्णु सागर से लापता हुई ढाई साल की बालिका





दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

परिवार के साथ गुरूवार को पिकनीक पर विष्णु सागर आई ढाई साल की बालिका शाम के समय लापता हो गई। बालिका के लापता होने की खबर पर पूरे शहर का पुलिस अमला तलाश में निकल पड़ा। रात 12 बजे तक बालिका का पता नहीं चल पाया था।

जीवाजीगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि नीलगंगा क्षेत्र का रहने वाला सिख परिवार गुरूवार को पिकनीक मनाने के लिये विष्णु सागर आया था। पिकनीक पर परिवार की महिलाएं और बच्चे थे। शाम को परिवार में शामिल ढाई वर्षीय रवनीत पिता मनवीतसिंह परिवार को दिखाई नहीं दी तो उसकी तलाश शुरू की गई। बालिका का कुछ पता नहीं चला, परिवार को बदहवास देख विष्णु सागर आये सतीश परिहार निवासी अब्दालपुरा ने पुलिस को सूचना दी। मासूम बालिका के लापता होने खबर सामने आते ही जीवाजीगंज थाने का पूरा स्टॉफ विष्णु सागर पहुंच गया। बालिका की तलाश शुरू की गई। बालिका के लापता होने की खबर पर परिवार के पुरूष भी विष्णु सागर पहुंच गये थे। पुलिस द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी देखे जा रहे है। बालिका के लापता होने पर उसका फोटो पूरे शहर के पुलिस स्टॉफ के शेयर किया गया। हर थाने की पुलिस बालिका की तलाश में लगी है। लेकिन देर रात तक बालिका का पता नहीं चल पाया था।

**एसडीआरएफ ने की तालाब में सर्चिंग**

विष्णु सागर में तलाब बना हुआ है। बालिका के नहीं मिलने पर उसके तालाब में गिरने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने होमगार्ड की एसडीआरएफ टीम को बुला लिया था। टीम द्वारा पूरे तालाब में सर्चिंग की गई। लेकिन तालाब में बालिका के गिरने की संभावना सामने नहीं आ पाई। इस दौरान आसपास के क्षेत्र में जैसे ही बालिका के लापता होने की खबर फैली विष्णु सागर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। हर कोई बालिका का पता लगाने की कोशिश में लगा था।

**आसपास के संदिग्धों से की गई पूछताछ**

बताया जा रहा है कि बालिका के पैर में चांदी के कड़े थे, जिसके चलते पुलिस ने हर बिंदू पर जांच शुरू करते हुये संदिग्धों से पूछताछ भी शुरू की है। विष्णु सागर में 2 संदिग्धों की जानकारी भी सामने आई थी, पुलिस ने उन्हे भी तलाश किया और पूछताछ की। आसपास के सभी मार्गो पर पूरे शहर की पुलिस टीम द्वारा बालिका का तलाश किया जा रहा है।

अभिभाषक पर किया था कातिलाना हमला, रिमांड पर 6 आरोपी

## मुख्य आरोपी की पत्नी जेल में, 3 फरार साथियों की तलाश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

कॉफी क्लब के बाहर अभिभाषक पर कातिलाना हमला करने वाले 6 आरोपियों को 5 दिन बाद गुरूवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सभी को कोर्ट में पेश कर 28 मार्च तक रिमांड पर लिया गया है। मुख्य आरोपी की पत्नी को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था।

नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि 20 मार्च को रात 11 बजे विश्वविद्यालय मार्ग पर रहने वाला अभिभाषक यश पिता योगेश भार्गव 27 साल दोस्त के साथ ट्रेजर बाजार के पास कॉफी क्लब पर आया था। कॉफी पीने के बाद लौटते समय आशीष पिता अशोक सारवान निवासी दानीगेट ने अपनी पत्नी आकृति सारवान और 8 अन्य साथियों के साथ मिलकर अभिभाषक पर कातिलाना हमला कर दिया था। मामले में जानलेवा हमला करने की धारा 109 (1), 191 (2) आशीष सारवान और उसकी पत्नी के साथ अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। 2 दिन बाद पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया गया था।

बुधवार रात आशीष के ठिकानों पर दबिश देकर उसे हिरासत में लिया गया और पूछताछ के बाद उसके पांच साथी विजय उर्फ टोनी पिता अशोक कुमार जयसवाल त्रिवेणी हिल्स, राजा उर्फ राजेश पिता रमेश परमार एकता नगर, राहुल उर्फ अनमोल पिता रामेश्वर बैरागी कृष्णा रेसिडेंसी, विजेन्द्र उर्फ राजेश पिता भंवर सिंह गंगवाल संत रविदास नगर और पंकज उर्फ पंकेश पिता शांतीलाल सिलोदिया, निवासी महुखेड़ी को



गिरफ्तार किया गया। गुरूवार सभी को कोर्ट में पेश कर 28 मार्च तक रिमांड पर लिया गया है।

इस दौरान सामने आया कि हमले में उनके साथ विक्की चौहान, सागर सूर्यवंशी और सौरभ भी शामिल थे। थाना प्रभारी के अनुसार तीनों फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

घटनाक्रम के बाद निजी अस्पताल में भर्ती घायल अभिभाषक ने बताया था कि जनवरी माह में कार पार्किंग की बात पर आशीष से विवाद हुआ था। उसी रंजीश में उसके द्वारा हमला किया गया है। रिमांड अवधि में आरोपियों से हमले में प्रयुक्त हथियार बरामद किये जायेगें।

## शराब की डिलेवरी करने आया युवक गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शराब की डिलेवरी करने निकला युवक पुलिस की घेराबंदी में पकड़ा गया। उसके पास से 31 हजा र से अधिक की देशी शराब बरामद की गई। युवक के खिलाफ आबकारी का प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा गया है।

पंवासा थाना एएसआई संतोष राव ने बताया कि सूचना मिली थी कि बिना नम्बर की ओला कंपनी की स्कूटी पर सवार एक युवक शराब की डिलेवरी करने जीवनपुरखेडा मोड़ पर आया हुआ है। तत्काल उसे पकड़ने के लिये थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक शेखर हरियाला और सैनिक गोवर्धन के साथ मिलकर घेराबंदी की गई। स्कूटी सवार युवक को पकड़ा गया जिसके पास से 2 झोले जप्त किये गये। जिसमें देशी शराब के 350 क्वार्टर भरे होना सामने आये। पूछताछ में युवक का नाम आनंद उर्फ रुद्र चौहान पिता कुन्दन चौहान 20 साल निवासी पुष्पांजली नगर चिमनगंज सामने आया।

उससे बरामद शराब 31 हजार रुपए से अधिक की पाई गई। मामले में आबकारी की धारा 34 (4) का प्रकरण दर्ज किया और गुरूवार दोपहर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया। आनंद पूर्व में भी अवैध शराब के साथ पकड़ा गया था। उसके द्वारा देवास के रास्ते शराब लाना और फोन कॉल पर संपर्क कर बेचना कबूल किया गया है।

## सीवरेज चैम्बर मिली लाश की नहीं हुई पहचान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

चरक अस्पताल के सीवरेज चैम्बर केबीन में गुरूवार सुबह मिली युवक की 4 दिन पुरानी लाश की पहचान नहीं होने पर पुलिस ने दोपहर बाद पोस्टमार्टम कराकर दफना दी।

कोतवाली थाना एसआई गोपाल राठौर ने बताया कि सुबह 10 बजे के लगभग चरक अस्पताल से सूचना मिली थी कि इमरजेंसी कक्ष के पास बने सीवरेज चैम्बर केबिन दुर्गंध आने पर कर्मचारियों ने देखा तो एक



युवक लाश पड़ी होना सामने आई है। सूचना पर पुलिस जांच के लिये चरक अस्पताल पहुंची। सीवरेज की गंदगी में पड़ा शव 3 से 4 दिन पुराना होना सामने आया। आसपास पूछताछ करने पर पता चला कि नशा करने का आदी था और फूटपाथ पर रहता था। कई बार उसे नशे की हालत में अस्पताल परिसर से सुरक्षाकर्मियों द्वारा भगाया भी जा चुका था। उसकी पहचान के प्रयास किये गये लेकिन कुछ पता नहीं चला। लाश 3 दिन से अधिक पुरानी होने और काफी दुर्गंध आने पर पोस्टमार्टम के बाद शव का दफनाया गया है।

## नीलकंठ द्वार के पास प्लास्टिक गोदाम में आगजनी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

महाकाल लोक नीलकंठ द्वार के पास बुधवार-गुरूवार रात 3 बजे के लगभग प्लास्टिक गोदाम में आग लग गई। तत्काल ही फायर फायर बिग्रेड ने पहुंचकर आग पर काबू पा लिया।

आगजनी में कोई जनहानि नहीं हुई, वहीं गुरूवार शाम तक मामले में गोदाम मालिक ने शिकायत भी दर्ज नहीं कराई।

महाकाल थाना प्रधान प्रधान आरक्षक श्रवण कुमार ने बताया कि रात में नीलकंठ द्वार के पास होटल नसीब की गली में प्लास्टिक गोदाम में आग लगने की खबर मिलते ही पुलिस और फायर बिग्रेड की दमकले पहुंची थी।

गोदाम गली में था जिसके चलते दमकल कर्मियों को आग पर काबू पाने में मशक्कत करना पड़ गई। लेकिन कुछ देर में आग पर काबू पा लिया गया। जांच के दौरान सामने आया कि गोदाम में प्लास्टिक कटलरी का सामान रखा हुआ था।

गोदाम का संचालन नजाकत पिता शौकत अली द्वारा किया जाता है। आग लगने की वजह शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा था। गोदाम में ई-रिक्शा खड़ी थी, जो चार्जिंग पर लगी थी।

आग लगने ही रिक्शा को बाहर निकाल लिया गया था। थाना प्रभारी गगन बादल के अनुसार गोदाम मालिक को बुलाया गया था।

## रामनवमी पर विशेष

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

रामचरित मानस हैं। यह जीवन का महाकाव्य है मानव अपूर्व ग्रंथ है।

विश्व साहित्य में इसकी समता करने वाले ग्रंथ सुदुर्लभ है। तुलसी के राम मयार्दा पुरुषोत्तम है ओर तुलसी मयार्दा वादी कवि। भारतीय संस्कृति उस गंगा नदी की भांति है जिसमें गदे नाले भी मिलकर पवित्र हो जाते हैं। रामचरित मानस के नायक राम-धीरोदत-नायक उनका चरित्र दैवत्व का आधार होते हुए भी मानवता की भावना मण्डित है ।

## कैमरे में दिखा 4 प्रहरियों के मकान के तालो तोड़ने वाला बदमाश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

केन्द्रीय जेल के चार प्रहरियों के शासकीय क्वार्टर का ताला तोड़ने वाला एक बदमाश कैमरे में दिखाई दिया है। 2 प्रहरियों ने चोरी की शिकायत पुलिस से की, लेकिन गुरूवार तक प्रकरण दर्ज नहीं किया गया था।

भैरवगढ़ केन्द्रीय जेल प्रहरी सतीश मिश्रा ने बताया कि सोमवार को वह ग्वालियर से आये परिवार के साथ ओंकारेश्वर दर्शन करने गया था। रात 3 बजे वापस लौटा तो शासकीय क्वार्टर का ताला टूटा मिला। मामले की सूचना भैरवगढ़ थाना पुलिस को दी गई।

रात में पुलिस की डायल 112 जेल परिसर पहुंची, इस दौरान पता चला कि प्रहरी अशोक याग्निक, राम खिलाड़ी और रामेश्वर निनामा के क्वार्टर का ताला भी टूटा हुआ है। राम खिलाड़ी बेटी की शादी होने पर भिंड़ गया हुआ है। रामेश्वर निनामा भी परिवार के शादी होने पर धार गया है। वहीं अशोक याग्निक नानाखेड़ा स्थित परिवार से मिलने गया हुआ था।

प्रहरी सतीश ने बताया कि बदमाश उसके मकान से 2 सोने की अंगूठी और 30 हजा रुपए नगद चुराकर ले गये है। अशोक के क्वार्टर में कुछ नहीं था। राम और रामेश्वर के लौटने पर उनके यहां हुई चोरी की जानकारी सामने आ पायेगी।

बुधवार को पुलिस ने अशोक और उससे शिकायती आवेदन लेकर जांच का आश्वासन दिया लेकिन गुरूवार शाम तक प्रकरण दर्ज नहीं किया, जबकि आसपास कैमरों के फुटेज देखने पर जेल मार्ग पर आरो प्लांट के कैमरे में एक बदमाश दिखाई दिया है, जो रात 1.10 बजे के लगभग दिखाई दे रहा है।

## कार मिलने के बाद 2 दिनों तक चला था सर्चिंग अभियान

**उज्जैन।** क्षिप्रा नदी ऋणमुक्तेश्वर ब्रिज से कार मिलने के बाद ड्रायवर की तलाश में 2 दिनों तक सर्चिंग अभियान चलाया गया, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। तीसरे दिन गुरूवार को उसकी लाश सर्चिंग स्थल से 1 किलोमीटर दूर मिल गई।

जीवाजीगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि सुबह कुछ लोगों ने सूचना दी कि वाल्मिकीधाम के पास क्षिप्रा नदी में एक युवक का शव किनारे पर दिखाई दे रहा है।

पुलिस के पहुंचने पर शव को बाहर निकाला गया। जिसकी पहचान अनिल पिता आंनद सोलंकी निवासी मोहननगर के रूप में हुई। सोमवार तड़के उसके कूदने की आशंका तिलकेश्वर कालोनी के रहने वाले ऋषभ सोलंकी ने जताई थी और बताया था कि अनिल उनके यहां ड्रायवरी करता था।

**कार्यालय उज्जैन नगर पालिक निगम, उज्जैन**

छत्रपति शिवाजी भवन आगर रोड उज्जैन

उज्जैन दिनांक :- 26/03/26

**(Online) निविदा आमंत्रण सूचना**

**विज्ञप्ति क्र./ 533 /Workshop/E-tender/2026**

निम्नांकित कार्य के लिए (Online) निविदा क्रमांक 2025_UAD_417294_4 आमंत्रित की जाती है, तथा टेन्डर फार्म राशि रू. 5,000/- रहेगा।

निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम दिनांक 16.04.2026 समय 18:00 ऑनलाईन एवं समस्त दस्तावेज Submission करने की अंतिम दिनांक 16.04.2026 समय 18:00 रहेगी।

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। यदि उपरोक्त निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो इसकी सूचना ऑन लाईन दी जावेगी। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नही की जावेगी।

| क्र | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | टेंडर फार्म का मूल्य | अर्नेस्टमनी रू. | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | For various types of oil operations owned by UMC. | 50,00,000/- | 5,000/- | 37,500/- | 365 दिवस |

कार्यपालन यंत्री, वर्कशॉप
नगर पालिक निगम उज्जैन
उज्जैन दिनांक :- 26/03/26

# इच्छा मृत्यु का अर्थ



सृष्टि चक्र में जीवन और मृत्यु का अटूट संबंध है। गीता में लिखा है– जातस्य ही ध्रुवो मृत्युः ध्रुव जन्म मृतस्य च, यह जितना निश्चित है कि जन्म के बाद मृत्यु है, उतना ही निश्चित है कि मृत्यु के बाद नया जन्म है। इसलिए जन्म और मृत्यु को सौंदर्य प्रदान करने का प्रयत्न ऋषियों ने किया है। उनका प्रयास रहा है कि जीवन आनंदमय रहे, मृत्यु महोत्सव बन जाए। इसके लिए वैदिक, जैन, बौद्ध सभी धर्मों ने कुछ न कुछ उपाय दिए हैं। मृत्यु आए, तो इतनी शीघ्रता से आ जाए कि न जाने वाले को एहसास हो, न उसके करीबियों को अंदाजा हो। न आए, तो वर्षों की प्रतीक्षा के बाद भी द्वार पर दस्तक देती रहे, अंदर न आए। जाने वाला तैयार है, भेजने वाले तैयार हैं, पर मृत्यु नखरे करती रहे कि नहीं आऊंगी। इन्हीं स्थितियों में मानव की निर्णय क्षमता की परीक्षा होती है। ऐसी ही परीक्षा को पास करते हुए तेरह वर्ष से कोमा में पड़े हरीश राणा और उसके परिवार को बहुत बड़ी राहत मिली है। सर्वोच्च न्यायालय के नवीनतम निर्णय ने भारतीय चिंतन के पुराने निर्णय को ही पुष्ट किया है। संविधान ने व्यावहारिक रूप से यह सुविधा अब दी है, जबकि शास्त्रों ने पहले से ही दे रखी थी। जीवन नरक न बन जाए, मृत्यु विभीषिका न बन जाए, इसके लिए कुछ विधियों का आविष्कार भारत वर्ष में बहुत पहले ही हुआ था। दूसरी ओर, वैज्ञानिक आविष्कारों ने मनुष्यों को दो सुविधाएं प्रदान की हैं – पहला, जीवन को दीर्घ बनाया है। दूसरा, कृत्रिम ढंग से भी जीने की सुविधा दी है। वैसे, हमारे मनीषियों ने माना है कि जीवन छोटा हो या बड़ा, पर सौंदर्यपूर्ण हो, गरिमामय हो, अर्थबोध से भरा हो, चैतन्य से भरा हो। जब ये सब समाप्त होने लगें, तब चिकित्सा सुविधाओं से भी किनारा करना अनुचित नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी इच्छा मृत्यु पर अपने निर्णय में ऐसे ही संकेत किए हैं। जीवन में गरिमा व सम्मान सर्वोपरि है। हमारे अध्यात्म या जीवन में इच्छा मृत्यु से ऊपर भी एक और व्यवस्था है – मृत्यु की कला। पूर्ण होश–हवास में जीवन को प्रभु या प्रकृति को अर्पित कर देना। मैं प्रत्येक आती–जाती श्वास का साक्षी रहूं। जीवन वीणा के मंद–मंदतर होते प्रत्येक स्पंदन का आनंद लूं। इसी अवस्था को समाधि मरण, पंडित मरण, संथारा आदि नाम दिया जाता है। हमारा समाज जानता है कि यह उपलब्धि कुछ दुर्लभतम साधकों को ही प्राप्त होती है। जहां बहुत आवश्यक हो, कोई विकल्प न रहे, वहां इच्छा मृत्यु भी है और पंडित मरण भी। शास्त्र की दृष्टि से एक सामान्य स्थिति है और दूसरी विशिष्ट। इच्छा मृत्यु में देह पीड़ा से छुटकारा है, पंडित मरण में आत्मदोषों से छुटकारा है। यह ऐसी अवस्था है, जब जीवन–मरण की इच्छा नहीं रहती है। अंततः एक सही मनुष्य जीवन इच्छाओं का सुंदर संयोजन और संतुलन ही तो है।



**सम्पादकीय**

## युद्ध-विराम की कोशिशें

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप युद्ध-विराम के इच्छुक दिख रहे हैं, लेकिन ईरान ने किसी समझौते या बातचीत को अभी नहीं और कभी नहीं बताया है। ऐसा लगता है, राष्ट्रपति ट्रंप पाकिस्तानी फील्ड मार्शल मुनीर की मदद से युद्ध-विराम की कोई सूरत खोज रहे हैं, लेकिन ईरान के प्रवक्ता ने ऐसी किसी भी बातचीत या कोशिश से इनकार किया है। आज ईरान तल्खी और नाराजगी से भरा हुआ है। उसके प्रवक्ता ने तो यहां तक इशारा कर दिया है कि ट्रंप जैसे व्यक्ति से कोई बातचीत या समझौता नहीं किया जाएगा। मोटे तौर पर ईरान की मांग है कि अमेरिका यह माने कि उसने आक्रमण किया और यह भी आश्वासन दे कि दोबारा कभी हमला नहीं करेगा। किसी भी बातचीत या युद्ध-विराम की दिशा में बढ़ने के लिए ईरान की ये मांगें गलत नहीं हैं। कोई भी देश अपनी सुरक्षा का आश्वासन चाहेगा, तभी किसी समझौते या युद्ध-विराम के लिए तैयार होगा। अमेरिका का जो रवैया या इतिहास रहा है, उसे कोई भी पश्चिम एशियाई देश कैसे भूल सकता है? अमेरिकी नीति या रणनीति अपने हित को एकतरफा सुरक्षित करने की रही है।

यहां सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा होता है कि क्या अमेरिका वाकई युद्ध-विराम चाहता है? अगर वह समझौता चाहता है, तो फिर पश्चिम एशिया में 1,000 विशेष सैनिकों की तैनाती क्यों कर रहा है? ये सैनिक पैराशूट से उतरकर जमीनी लड़ाई में माहिर हैं, तो क्या ईरान में जमीनी लड़ाई शुरू होने वाली है? ईरान के पड़ोसी अफगानिस्तान में जमीनी लड़ाई का जैसा त्रासद इतिहास अमेरिका पहले लिख चुका है, उसे लोग भूले नहीं हैं। अंततः निराश और परेशान होकर उसे अफगानिस्तान से लौटना पड़ा था। जमीनी लड़ाई की ओर बढ़ने का मतलब यही है कि हवाई जंग में अमेरिका और इजरायल को मनचाही कामयाबी नहीं मिल रही है। जो युद्ध सप्ताह भर के लिए सोचकर शुरू किया गया था, वह 26 दिन से जारी है और इसके दुष्परिणाम पूरी दुनिया भुगत रही है। ट्रंप अपने स्वभाव के अनुरूप ही लगभग रोज एकतरफा दावे कर रहे हैं। एक दावा यह भी है कि ईरान समझौता करना चाहता है। इसके जवाब में ईरान ने जो कहा है, उस पर गौर करने की जरूरत है। ईरान ने कहा है, ह्यअपनी हार को समझौते का नाम न दीजिए। आपके खोखले वादों का युग समाप्त हो चुका है। क्या आपके आंतरिक संघर्ष इस हद तक पहुंच गए हैं कि आप आपस में ही बातचीत कर रहे हैं? साफ है, ईरान अब ऐसा कोई कदम नहीं उठाएगा, जिससे उसकी पराजय का कोई संदेश दुनिया में जाए।

### परहित धर्म से समाज का कल्याण

# राम राज्यः वैश्विक शांति का कालजयी मार्ग


प्रो. विशाला शर्मा (दैनिक अवन्तिका)



राम की मर्यादा भावी पीढ़ी में संदेश का सूत्रपात करती है। राम जन-जन को अपने कार्यों के द्वारा यह मंत्र देते हैं कि एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति की, एक समाज दूसरे समाज और एक राष्ट्र दूसरे राष्ट्र की स्वतंत्रता को हानि नहीं पहुँचाए। यही मर्यादा का सही स्वरूप है। राम की मर्यादा मनुष्य को अभाव में धैर्य प्रदान करती है और विलास में कर्तव्य का विवेक देती है। राम ने प्रत्येक जीव के अंदर ईश्वर का अंश माना सदैव मन वचन और कर्म से समाज के मंगल हेतु परहित को अपना धर्म मानते हुए उसी राह का अनुसरण किया भरत की विनती पर साधु और असाधु का भेद बताते हुए समझाते हैं परहित सरिस धर्म नहिं भाई पर पीड़ा सम नहिं अधमाई। निरपेक्ष रहकर दूसरों के हितार्थ कार्य करना परहित है । परपीड़ा हरण करना भी परहित है। पारस्परिक विरोध की भावना से रहित रहना भी परहित है। और दीन दुखी दुर्बल की सहायता करना भी परहित है। मर्यादा पुरुषोत्तम राम अभाव और वैभव के क्षणों में अपने कर्तव्य से विमुख नहीं होते। राम की यही मर्यादा उन्हें सामान्य व्यक्ति से विशिष्ट श्रेणी में लाकर खड़ा कर देती है। राम की मयादा आत्म-संयम का श्रेष्ठ उदाहरण है। राम धन, भय अथवा किसी लोभ से वशीभूत होकर मर्यादा का पालन नहीं करते, अपितु जीवन जीने की कला के रूप में वह मयादा को ग्रहण करते हैं। राम के चरित्र से भावी पीढ़ी इस बात को आत्मसात कर सकती है कि कीमत व्यक्ति की नहीं, सद्गुणों और उसके उदात्त विचारों की होती है। रामराज्य तो वहीं स्थापित होता है जहाँ प्रेम और सदाचार का साम्राज्य है। श्री राम ने एक राष्ट्र द्वारा दूसरे राष्ट्र को हानि न पहुँचाने और संप्रभुता के सम्मान की बात को लंका विजय के बाद स्पष्ट किया था। जब रावण का वध हो गया और विभीषण को लंका का राजा बनाया गया। तब राम ने अपनी नीति को इन प्रसिद्ध शब्दों में रखा- जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसि

यह उक्ति मातृभूमि के प्रेम के लिए आज भी प्रसिद्ध है, लेकिन इसके पीछे का संदर्भ अंतर्राष्ट्रीय संबंधों और अनाक्रमण की नीति को दर्शाता है। संप्रभुता के सम्मान का भाव राम के चरित्र की विशेषता रही। रावण को हराने के बाद राम के पास लंका को अपने साम्राज्य में मिलाने का पूरा अवसर था। लक्ष्मण ने भी स्वर्णमयी लंका की सुंदरता देखकर वहाँ रुकने का विचार व्यक्त किया था, लेकिन राम ने स्पष्ट किया कि दूसरों की संपत्ति या राष्ट्र पर अधिकार करना धर्म नहीं है।

न्यायपूर्ण युद्ध करना राम का उद्देश्य रहा। लंका पर विजय पाना या उसे नुकसान पहुँचाना नहीं था, बल्कि केवल अन्याय अर्थात सीता का अपहरण का प्रतिकार करना था। कार्य सिद्ध होते ही उन्होंने लंका का शासन स्थानीय राजा विभीषण को सौंप दिया, जो यह दर्शाता है कि एक शक्तिशाली राष्ट्र को दूसरे राष्ट्र की स्वतंत्रता का हनन नहीं करना चाहिए। अहिंसा और शांति राम राज्य के सिद्धांतों की नींव रही। जहां पर अहिंसा' और 'सत्य' को सर्वोपरि रखा गया है। राम ने सिखाया कि शक्ति का प्रयोग केवल रक्षा और न्याय के लिए होना चाहिए, न कि दूसरे राष्ट्रों को पीड़ित करने या उनके संसाधनों के शोषण के लिए।

श्री राम के अनुसार एक आदर्श शासक वही है जो अपनी सीमा का सम्मान करे और दूसरे राष्ट्र की अस्मिता को चोट न पहुँचाए। राम केवल एक ऐतिहासिक नायक नहीं, अपितु मर्यादा पुरुषोत्तम हैं।उनका व्यक्तित्व नीति, संयम और शुचिता का वह अनुपम उदाहरण है, जहाँ एक पुत्र का पितृ-भक्ति, एक भाई का भ्रातृ-प्रेम और एक राजा का अपनी प्रजा के प्रति अटूट समर्पण, मर्यादा की पराकाष्ठा को छूता है। राम का चरित्र समावेशिता का अप्रतिम उदाहरण है।उन्होंने राजसी वैभव को त्यागकर समाज के वंचित और उपेक्षित वर्गों–जैसे केवट, शबरी, कोल-भील और वानरों को न केवल गले लगाया, बल्कि उन्हें 'राम-काज' का अभिन्न अंग बनाया।यह संदेश आज के विभक्त समाज में समरसता की संजीवनी के समान है।

वनवास काल में राम का नदियों, पर्वतों और वन्यजीवों के प्रति जो अनुराग दिखा, वह पारिस्थितिकी संतुलन और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। वे प्रकृति के साथ द्वंद्व नहीं, बल्कि संवाद और सह-अस्तित्व की शिक्षा देते हैं। एक शासक के रूप में श्री राम का जीवन यह बोध कराता है कि सत्ता का वास्तविक ध्येय लोकरंजन और न्याय है।आज के भौतिकतावादी युग में, जहाँ मानवीय मूल्यों का ह्रास हो रहा है, राम का जीवन एक नैतिक प्रकाश-स्तंभ की भाँति है। विश्व कल्याण के लिए 'रामत्व' को हृदय में धारण करना और उनके आदर्शों को आचरण में उतारना ही सच्ची 'राम-राज्य' की संकल्पना है।राम किसी विशिष्ट वर्ग या पंथ के नहीं, वे 'जन-जन' के हैं। वे शोषितों के रक्षक, विरही के धैर्य और भक्तों के संबल हैं। राम का चरित्र हमें सिखाता है कि शक्ति का वास्तविक अर्थ सेवा है और विजय का मार्ग धर्म और सत्य से होकर ही जाता है। जब तक सृष्टि में प्रेम और करुणा का अस्तित्व है, राम प्रत्येक हृदय में मानस की भाँति प्रवाहित होते रहेंगे।

## राम जन्मोत्सव अंतर्मन में सकारात्मकता का रोपण है


हरिसिंह चौहान (दैनिक अवन्तिका)

' प्रभु राम का वह स्वरुप आदर्श है, हम सभी के लिए। धरती पर जब भगवान स्वयं मनुष्य जीवन में जन्म लेते हैं, तो उनका हर एक कार्य कर्म प्रधान ही रहता है। भगवान राम का वहां अवतार भी मयार्दाओं की सीमा में सदियों से आज तक हम सभी के मानस पटल पर अंकित है। रामलला के जन्म की वह बेला राजा दशरथ और उनकी तीनों रानियों की ₹अटूट₹भक्ति के फल स्वरूप उनका पुण्य उदय हुआ, कि माता कोशल्या के घर जगत के पालनहार राम जन्में। खुशियों की घड़ी में पूरी अयोध्या नगरी में मंगल गान, कोयल की कूक रही, जंगलों में पशु-पक्षियों में आंनद व सुख-शांति का संचार हो रहा था। तीनों लोक के देवी-देवताओं का रामलला के रुप में प्रभु को देखने का उल्लास देखते बनता था। वर्तमान समय में भी राम-जानकी शोभायात्रा राम जन्मोत्सव की बेला में प्रभु की बलिहारी देखते ही बनती है। इसमें राम जानकी लक्ष्मण के साथ हनुमानजी भी विराजमान होते हैं, जिन्हें देखना पुण्य के उदय के समान है। भगवान श्री राम हमारे आदर्श है, उन्होंने सच्चाई की ताकत और बुराई के अंत की जो तस्वीर पेश की वह मानवीय सरोकार का जीता-जागता उदाहरण है। महा असुर,दानव व राक्षको के आतंक का अंत किया। उन्होंने धरती को नाकारात्मकता से बचाया। वह विश्व के रक्षक और सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड के पालनहार बन हमारे आराध्य भी बने। भगवान विष्णु अवतार की सर्वव्यापी चेतना,पालक और रक्षक बन कर मायार्दा का जो हिस्सा रहे, रामा अवतार में उन्होंने मानवीय मूल्यों के साथ साथ सबसे श्रेष्ठ विचारों के सागर भी बनें। 14 वर्ष के वनवास में हर एक प्राणियों, जीव-जंतुओं को उन्होंने कर्म का महत्व भी बताया। और खुद ने भी त्याग की सच्ची परिकष्ठा का संचार भी किया। राम लक्ष्मण व सीता माता के साथ ऋषि-मुनियों की रक्षा हेतु राक्षसों को मारा और धरती को बुराईयों से बचाया। जो राक्षस धर्म संस्कृति व सनातन वैदिक कार्य को रोकने वालों होते थे, उनका नाश भी किया। जब-जब पृथ्वी पर पाप का बोझ बडा तब-तब प्रभु ने अवतार लिया और रक्षा कर पृथ्वी को बचाया।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 27 मार्च 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 06:28 सूर्यास्त 18:33
चैत्र मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - नवमी 10:07 उपरांत दसमी
नक्षत्र - पुनर्वसु 15:24 उपरांत पुष्य
योग - अतिगंड 22:10 उपरांत सुकर्मा
करण - कौलव
चन्द्रमा - मिथुन में है। 09:36 पर कर्क में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - सव्वाल मास 07 तारिख

**मेष-** बिगड़े काम बनेंगे। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी।

**वृषभ-** कोई पुराना रोग बाधा का कारण हो सकता है। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी।

**मिथुन-** विरोध होगा। आर्थिक नीति में परिवर्तन होगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। तत्काल लाभ नहीं होगा।

**कर्क-** वाणी में शब्दों का प्रयोग सोच-समझकर करें। प्रतिद्विंद्विता में कमी होगी। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा।

**सिंह-** वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। व्यापार में वृद्धि होगी। स्त्री वर्ग से समयानुकूल सहायता प्राप्त होगी।

**कन्या-** किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठा पाएंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी।

**तुला-** बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।लेन-देन में सावधानी रखें। लाभ होगा।

**वृश्चिक-** आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। बनते कामों में बाधा उत्पन्न होगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**धनु-** वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होने से प्रसन्नता रहेगी।

**मकर-** आंखों का विशेष ध्यान रखें। चोट व रोग से बचाएं। पुराना रोग उभर सकता है।

**कुंभ-** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी।

**मीन-** यात्रा मनोनुकूल रहेगी। कारोबार से संतुष्टि रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। प्रयास सफल रहेंगे।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा ( भरदीवाले ) 9926034545

**समसामयिक**

## शत्रु के प्रति श्रद्धा श्री राम के चरित्र से सीखे



डॉ. बी.आर. नलवाया, (दैनिक अवन्तिका)

आज रामनवमी है। चैत्र का महीना इस नव वर्ष शुरू होते ही इस रत्न- प्रसुता हमारी मातृभूमि को नवचेतना देने, सोये मानव को जगाने और अर्थ -चेतन मन में नव चेतना भरने के लिए महापुरुषों का आगमन होने लगा था। चैत्र महीने में राम का अवतार हुआ था। यह मातृभूमि अवतारों की भूमि है, तीर्थ -तीर्थंकरों की तीर्थ भूमि है ,संतों की पुण्य भूमि है, सदियों से बाद भी राम जैसे महापुरुषों की कृत्य मानव मन पर अमित छाप लगाए हुए हैं ,उनमें श्री राम एक उत्कृष्ट स्थान है

हिंदू धर्म में रामनवमी का विशेष महत्व माना गया है । चैत्र मास के शुक्ल पक्ष में की नवमी तिथि को भगवान श्री राम का राजा दशरथ के घर जन्म हुआ था । कहा जाता है, कि पर धरती पर असुरों का सहारे करने के लिए भगवान विष्णु ने त्रेता युग में श्री राम के रूप में अवतार लिया। वर्तमान में भी चैत्र शुक्लपक्ष नवमी प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव के रूप में विख्यात है। त्रेता युग में श्री राम ने राक्षसों के आतंक से इस मातृभूमि को मुक्त करने के सुख, शांति और सद्बधि राज्य की नींव रखी थी। श्री राम अपनी जीवन में मनसा, वाचा ,कमर्यणा को भी प्रतिज्ञा की ,उसे मनोयोग से पूर्ण किया ।

श्री राम मयार्दा पुरुषोत्तम का चरित्र हर प्राणी में स्वावलंबन की भावना को जागृत करता हैं। भारतीय मनीषा इस तथ्य से अवगत है। किसी राम का चरित्र औरों से बिल्कुल अलग है। अपने से भिन्न और दूसरे के लिए जैसा सम्मान का भाव राम के चरित्र में वैसा दूसरों के चरित्र में नहीं है ! राम मनोहर लोहिया ने यही लक्ष्य तय किया है, कि राम बोलते हैं कम, दूसरों की सुनते हैं ज्यादा, देखा गया कि श्री राम का पूरा जीवन त्याग, मयार्दा ,संयम और धैर्य का परिचायक रहा । विषम परिस्थितियों में भी वे नीति सम्मत रहे। स्वयं की भावनाओं एवं सुकून से समझौता कर सदा धर्म और सत्य का साथ दिया । सहनशीलता एवं धैर्य मयार्दा पुरुषोत्तम के जीवन में विशेष गुण थे। 14 वर्ष वन में सन्यासी की भांति जीवन बिताना उनकी सहनशीलता की पराकाष्ठा थी। वनवास के समाचार से उनके मुख्य मंडल पर तनिक भी प्रभाव नहीं पड़ा था। बड़ी विनम्रता


## राम आए मन के अंगना


सूरज उज्जैनी (दैनिक अवन्तिका)

झनक उठी चूड़ियां, खनक उठे कंगना।
बोल उठी पायल, झलक गये नैना।
आज राम आए मोरे मन के अंगना।
ओ रामजी ओ रामजी, ओ रामजी ओ रामजी।
आज राम आए मोरे मन के अंगना।
नाम की सितार से जुड़े मन के तार।
इंद्रधनुष तन गया आज मन के द्वार।
सच हो गया आज मोरा सपना।
ओ रामजी ओ रामजी, ओ रामजी ओ रामजी।
आज राम आए मोरे मन के अंगना।
मन की कुटिया हुई पावन, मैल सारा धुल गया।
भाग्य मेरा खुल गया, सबकुछ मुझे मिल गया।
मन में ना समाये आनंद मिला इतना।
ओ रामजी ओ रामजी, ओ रामजी ओ रामजी।
आज राम आए मोरे मन के अंगना।
आज धन्य हुआ जीवन, तृप्त हुई आत्मा।
जीव से जो आन मिले , परम पिता परमात्मा।
अल्पना कल्पना आज सच हुई संकल्पना।
ओ रामजी ओ रामजी, ओ रामजी ओ रामजी।
आज राम आए मोरे मन के अंगना।

# राम मय हो जीवन हमारा


डा मनमोहन प्रकाश (दैनिक अवन्तिका)



सनातन संस्कृति में श्रीराम केवल एक ऐतिहासिक पात्र या धार्मिक प्रतीक मात्र नहीं हैं, बल्कि वे प्रत्येक भारतीय के लिए मयार्दा, आदर्श और मानवीय मूल्यों के शाश्वत स्रोत हैं। जब हम ₹राममय जीवन₹ की परिकल्पना करते हैं, तो इसका अर्थ केवल कर्मकांड या नाम-जप तक सीमित नहीं है, अपितु इसका वास्तविक अर्थ अपने विचारों, कर्तव्यों, संबंधों और आचरण में राम के आदर्शों को स्थान देना है। राममय जीवन का तात्पर्य उस सत्य, करुणा, न्याय, समरसता और कर्तव्यपरायणता से युक्त जीवन को जीना है जो दूसरों के लिए भी प्रेरणा का पुंज बन सके।

?श्रीराम का जीवन हमें सिखाता है कि परिस्थितियाँ चाहे कितनी भी प्रतिकूल क्यों न हों, मनुष्य को धर्म और कर्तव्य के मार्ग से विचलित नहीं होना चाहिए। पिता के वचनों की रक्षा हेतु सहर्ष राज्य-त्याग, वनवास के कष्टों के बीच भी मित्रों के प्रति अटूट समर्पण, शत्रुओं के प्रति भी मर्यादित व्यवहार और विपरीत परिस्थितियों में भी संयमित आचरण आदि उनके चरित्र की वे विशेषताएँ हैं जो सिद्ध करती हैं कि मनुष्य को हर स्थिति में नैतिक श्रेष्ठता को ही प्राथमिकता देनी चाहिए। आज के युग में, जहाँ स्वार्थ, प्रतिस्पर्धा और नैतिक पतन की चुनौतियाँ प्रबल हैं, वहाँ राममय जीवन की आवश्यकता और भी अधिक प्रासंगिक हो जाती है।?इस जीवन पद्धति का प्रथम आधार असत्य का परित्याग कर सत्य और शुचिता का वरण करना है। यदि मनुष्य अपने व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में सत्य को प्रतिष्ठापित करता है, तो परिवार और राष्ट्र में परस्पर विश्वास का वातावरण निर्मित होता है। वर्तमान दौर में प्रशासन, शिक्षा और राजनीति जैसे तमाम क्षेत्रों में भी इसी राममय दृष्टिकोण को अपनाने की आवश्यकता है, ताकि नैतिकता और पारदर्शिता की जड़ें मजबूत हो सकें। इसके साथ ही, कर्तव्य और मर्यादा का पालन राममय जीवन का अनिवार्य अंग है। श्रीराम ने राजा होने के बावजूद स्वयं को मर्यादा के बंधन में रखा और लोकहित को सर्वोपरि माना। यही कारण है कि उनके शासन को 'रामराज्य' के रूप में एक आदर्श व्यवस्था माना गया, जिसका अर्थ किसी संकीर्ण मजहबी शासन से नहीं, बल्कि एक ऐसी न्यायपूर्ण, समतामूलक और लोककल्याणकारी व्यवस्था से है जहाँ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को भी सम्मान और सुरक्षा प्राप्त हो।

राममय जीवन का एक महत्वपूर्ण पक्ष सामाजिक समरसता और करुणा है। श्रीराम ने निषादराज को गले लगाकर और शबरी के जूठे बेर खाकर समाज को यह संदेश दिया कि मानवता की सेवा ही सर्वोपरि धर्म है। उन्होंने जाति, वर्ग, भाषा और संप्रदाय की सीमाओं को तोड़कर समावेशी समाज की नींव रखी। आज के खंडित समाज में सांस्कृतिक एकता और राष्ट्रीय सद्भाव के लिए यह दृष्टिकोण अत्यंत आवश्यक है। अंततः, राममय जीवन संयम और आत्मानुशासन की मांग करता है। श्रीराम ने भौतिक सुखों के बजाय त्याग को चुना, जो हमें सिखाता है कि वास्तविक सफलता आत्मबल और चरित्र की शुचिता से प्राप्त होती है। यदि हम अपने आचरण में राम के इन गुणों को सूक्ष्म रूप में भी स्थान दे सकें, तो व्यक्तिगत सुख और राष्ट्रीय उत्थान का मार्ग स्वतः प्रशस्त हो जाएगा।

**धर्म–आस्था**

# सामाजिक मर्यादाओं के संस्थापक राम


प्रमोद भार्गव (दैनिक अवन्तिका)

ऋग्वेद के मंत्र सत्यापन करते हैं कि जिस भूमि पर सभ्य मानी जाने वाली शिक्षा और संस्कृति का विकास हुआ, वह भूमि आर्यावर्त कहलें या ब्रह्मावर्त या फिर भारतवर्ष, वर्तमान भारत का सप्त-सिंधु क्षेत्र ही रहा है। राज-सत्ताओं की स्थापनाओं और फिर उनके लिए भूमि-विस्तार हेतु साहसपूर्ण संघर्ष व सभ्यतागत स्थापनाओं का प्रस्थान बिंदु इसी सप्त-सिंधु क्षेत्र की नदियां रही हैं। सिंधु-सरस्वती सभ्यता दस हजार साल से भी अधिक प्राचीन प्रमाण हैं। जो मूल भारतीय आर्य राजाओं और आर्य ऋषियों की श्रेष्ठतम प्रदेय हैं। राम इसी पृष्ठभूमि से आते हैं।

आरंभिक सभ्यतागत-सांस्कृतिक स्थापनाओं में जो मूल्य विराट भारतीय समाज में असंगत अमर्यादित होते हुए भी विधिपूर्वक स्थापित होकर प्रचलन में थे, उनमें बदलाव के वाहक त्रेता युग के आर्य श्रेष्ठ राम बने। उन्होंने नैतिक मयार्दाओं को रेखांकित करते हुए समाज में उन मूल्यों को मान्यता दी जो विवेकपूर्ण संतुलित आचरण का आधार थीं। इन्हें ही जीवन के नियम बना दिए जाने के कारण साधारण पुरुष राम मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम असाधारण व्यक्तित्व के रूप में सामने आए और लोक नायक के रूप में स्थापित हुए। लोक के रोम-रोम में जिस प्रकार राम रच-बस गए, वह उपलब्धि लंका के विजेता और अयोध्या के शासक इस दाशरथि राम के अलावा दुनिया के अन्य किसी नायक को प्राप्त नहीं हुई। लोक उनकी जीवन-गाथा को ईश्वरीय प्रेरणा मानते हुए कठिन समय में स्वयं के प्रति प्रेरक आश्वस्ति की अनुभूति करते हुए नई चेतना के स्फूरण के साथ उठ खड़ा होता है। यह आभासी प्रदेय राम को परब्रह्म का अक्षुण्ण अंश मानते हुए भगवान के उच्चतम स्वरूप की मान्यता देती है। व्यक्ति को राममय बना देने की यही आंतरिक व बाहरी अनुभूति आमजन को न केवल राम भक्त बनाती है, अपितु राम के आदर्श मूल्यों का अनुयायी भी बनाती है। इसी प्रभाव के अनुमान में वे रामभक्त बनते हैं और उनके आदर्श मूल्यों का अनुपालन करते हैं।

भारतीय पुरुष अनंतकाल से अवतारों और महानायकों के रूप में शिलालेख रचता रहा है। इनके चरित्र की जीवन शैली इतनी अद्वितीय रही कि इनकी दिनचर्या से प्रस्फुटित सभ्यतागत सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्य हजारों वर्ष से अनेक झंझावतों से संघर्षरत रहते रहने के तत्पश्चात भी करोड़ों लोगों के जीवनादर्श की थाती बने हुए हैं। सूर्यवंश की शास्वत चरित्रगाथा वैवस्त सूर्य के पुत्र मनु और उनकी पत्नी कामगोत्रजा श्रद्धा के पुत्र इक्ष्वाकु के अयोध्या के सम्राट बनने से आरंभ होती है और उनकी छत्तीसवीं पीढ़ी में जन्म लेते हैं राजा दशरथ! इनकी तीन पत्नियां थीं, कौशल्या, सुमित्रा और कैकेयी। कौशल्या पुत्र राम सबसे बड़े थे। लक्ष्मण और शत्रुधन सुमित्रा के और कैकेयी के पुत्र थे भरत। इन चारों भ्राताओं के विवाह जनकपुर के राजा जनक की पुत्रियों और भतीजियों से हुए थे। राम का सीता से, लक्ष्मण का सीता की बहन उर्मिला से, भारत का मांडवी से और शत्रुघ्न का पाणिग्रहण श्रुतिकीर्ति से हुआ था। चारों भाइयों की दो-दो संतानें थीं। त्रेताकाल राज-तंत्र का युग था। परंतु यही वह राज-तंत्र था, जिसने स्थापित जड़-मूल्यों में परिवर्तन की शुरूआत की। ये बदलाव राज-तंत्र के संचालन की विधियों से लेकर सनातन-सांस्कृतिक संरचना तक में किए गए।

इस विषयक महर्षि अरविंद ह्यभारतीय संस्कृति के आधारह्य पुस्तक में लिखा है, ह्यसुप्रतिष्ठित विश्व-साम्राज्य का एक आदर्शात्मक चित्र मिलता है। यहां जिस राज्य-प्रणाली को आदर्श के रूप में प्रतिस्थापित किया है, वह कोई अधिनायक निरंकुश शासन नहीं, बल्कि एक ऐसा सार्वभौमिक राजतंत्र है, जिसे नगरों और प्रांतों की तथा सभी वर्गों की स्वतंत्र व्यवस्थापिका सभा का समर्थन प्राप्त है। अर्थात वह राजतंत्रात्मक राज्य का ही विस्तार है, जो भारतीय राज्य प्रणाली के सामुदायिक स्वायत्त शासनों को समन्वित करता है और धर्म के नियम तथा संविधान की रक्षा करता है। विजय की अवस्था में जिस आदर्श की यहां स्थापना की गई है, वह कोई ऐसा विनाशकारी एवं लूट-पाट करने वाला आक्रमण नहीं है, जो विजित जातियों की मौलिक स्वतंत्रता एवं सामाजिक संस्थाओं को विनष्ट कर दे तथा उनकी आय के साधनों व संसाधनों का शोषण कर डाले। रामराज्य की परिकल्पना के आधार-सूत्र राजा दशरथ के व्यवहार से स्थापित होने लग गए थे। राजा दशरथ कोई भी महत्वपूर्ण कार्य गुरु वशिष्ट का निर्देश मिले बिना क्रियान्वित नहीं करते थे।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1750-3057 चना काबली- 3200-8000, चना बड़ा- 4970-8000, रायड़ा- 5561-5756, बटला- 1601-3554, सोयाबीन- 3202-5990, तुअर- 2400-4601 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,48,700, रवा- 1,48,500 चांदी- टंच- 2,36,000 पाट- 2,35,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## आंगनवाड़ी में किया विद्यारंभ ग्रेजुएशन सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन

**महिदपुर रोड।** गुरुवार को ग्राम गोगापुर में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों का विद्यारंभ ग्रेजुएशन सेरेम नी का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रीना परिहार ने बताया कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनवाड़ी में प्रारंभिक प्री स्कूल शिक्षा पूर्ण कर प्राथमिक वि द्यालयों में प्रवेश लेने जा रहे बच्चों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करना था इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा नन्हे मुन्ने बच्चों को प्रतीकात्मक रूप से ग्रेजुएशन सम्मान प्रदान किया गया जिससे उनका उत्साह और आत्मविश्वास बढा सरपंच ऋतु पाटीदार तथा वार्ड पंच स्कूल की शिक्षिका बसंती जमरा ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया तथा प्री स्कूल की शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा के महत्व को समझाया कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रीना परिहार मंजू राठौर आशा जैन कंकू राठौर किरण पवार मुन्नी गांधी एवं सहायिका ने बच्चों के लिये संचालित खेल आधारित शिक्षण गतिविधियां की जान कारी साझा की इस अवसर पर जनप्रतिनिधि , अभि भावक एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे बच्चों को सम्मानित होते देखा।

## गेहलोत की पुण्यतिथि पर नारी शक्ति सम्मान समारोह होगा

**शुजालपुर।** श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट अकोदिया के जिला अध्यक्ष एवं समाजसेवी डॉ. सुशील कुमार गेहलोत की पूज्य



माताजी स्वर्गीय गौराबाई गेहलोत की पुण्यतिथि 4 अप्रैल को श्रद्धा एवं सेवा कार्यों के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर ट्रस्ट द्वारा विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पक्षियों के लिए जल उपलब्ध कराने के लिए सकोरों का वितरण भी किया जाएगा, जिससे जीव-जंतुओं की सेवा का संदेश समाज में प्रसारित हो सके। पुण्यतिथि के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी डॉ. गेहलोत द्वारा समाजहित में कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 4 अप्रैल को नारी शक्ति सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट महिला मंडल अकोदिया की सभी सदस्याओं एवं पदाधिकारियों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में सेवा, संवेदना एवं नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया जाएगा।

**आपदा प्रबंधन कार्यक्रम हुआ**

## ग्रामीणों को आपदा की स्थिति में सर्तकता और बचाव की जानकारी दी



**शुजालपुर।** आदर्श गांव अजनई में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में शिवालय परिसर में आपदा प्रबंधन विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को आपदा की स्थिति में सतर्कता, बचाव एवं प्रबंधन की जानकारी प्रदान करना था। इस अवसर पर नवांकुर संस्था अकोदिया नगर जन उत्थान समिति द्वारा आपदा प्रबंधन विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सेक्टर प्रभारी राहुल विश्वकर्मा, संस्था प्रतिनिधि, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अजनई के सदस्य एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम के परामर्शदाता राहुल परमार तथा पूर्व छात्र देशराज धनगर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं एवं ग्रामीणजनों की सक्रिय सहभागिता रही। ग्राम विकास प्रस्फु टन समिति के अध्यक्ष केदार सिंह मेवाड़ा, सचिव बाबूलाल मेवाड़ा एवं ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि जगदीश मेवाड़ा सहित अन्य समिति सदस्यों की भी उपस्थिति रही। आदर्श गांव अजनई ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की प्रस्तावना अध्यक्ष केदार सिंह राजपूत ने रखी, जबकि आभार सचिव बाबूलाल मेवाड़ा ने माना। कार्यक्रम के अंत में देशराज धनगर द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को आपदा के समय सजग रहने एवं आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

**संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत अभियान के तृतीय चरण में जनपद स्तरीय शिविर का आयोजन**

# शिविर में 29,527 आवेदन प्राप्त हुए, 29,501 का निराकरण, 26 लंबित





दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना

मप्र शासन द्वारा संचालित संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत अभियान के तृतीय चरण में जनपद स्तरीय शिविर का आयोजन कृषि उपज मण्डी परिसर तराना में हुआ। जनपद सीईओ प्रमोद कुमार सिंह द्वारा शिविर में उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम पंचायतों से आए ग्रामीणों को अभियान में प्राप्त आवेदन पत्रों की जानकारी देते हुए बताया कि जनपद पंचायत तराना में राजस्व विभाग के 18727, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 7545, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के 808, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के 474, श्रम विभाग के 452, महिला एवं बाल विकास विभाग के 443, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के 221, सहकारिता विभाग के 191, सामान्य प्रशासन विभाग के 169, वित्त विभाग के 137, परिवहन विभाग के 131, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के 90, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के 68, सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम विभाग के 22, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के 16, उच्च शिक्षा विभाग के 12, ऊर्जा विभाग के 11, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग के 9, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के 1 कुल 29,527 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। इनमें से 29,517 शिविर से प्राप्त एवं 10 आवेदन पत्र ऑनलाइन प्राप्त हुए।

प्राप्त आवेदन पत्रों में से 29,448 आवेदन स्वीकृत, 53 अस्वीकृत, कुल 29,501 आवेदन निराकृत किए गए। शेष 26 लंबित आवेदनों का निराकरण संबंधित विभाग द्वारा शिविर में किया जाएगा। शिविर में आमंत्रित जनप्रतिनिधियों द्वारा मप्र शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में उद्बोधन दिया।

कार्यक्रम में संदीप सोलंकी, राकेश पेन्टर, प्रताप भाटी, गणपत चौहान समाजसेवी, रायसिंह परमार सरपंच ग्राम पंचायत-कचनारिया एवं समस्त विभागों के खण्ड स्तरीय अधिकारी, जनपद पंचायत के समस्त अधिकारी/ कर्मचारी एवं विभिन्न समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत रामचंद्र जियाना अध्यक्ष (शर्मा ग्रुप) सचिव संघ तराना, अर्जन उपाध्याय अध्यक्ष (पाटीदार ग्रुप) सचिव संघ तराना तथा राजेश चौहान अध्यक्ष सहायक सचिव संघ तराना द्वारा किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एसडीएम बृजेश सक्सेना की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। अतिथि के रूप में नारायण सिंह गुर्जर उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत तराना, नाहर सिंह पंवार, लक्ष्मण सिंह बड़ाल मार्केटिंग सोसायटी अध्यक्ष, अध्यक्ष किसान मोर्चा जिलाराम सिंह बड़ाल, यशवंत सिंह आंजना मण्डल अध्यक्ष, विशाल पाण्डे मण्डल अध्यक्ष माकड़ौन, आकाश बोड़ाना नगर मण्डल अध्यक्ष तराना, डॉ. मदनलाल चौहान पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष, राजेश पाटीदार मण्डल महामंत्री आदि उपस्थित रहे।

## रिट को लेकर राज्य शिक्षक संघ सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, पुनर्विचार याचिका दायर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जीरापुर



राज्य शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सुरेश दांगी (राजगढ़) से प्राप्त जानकारी अनुसार शिक्षकों के हितों को लेकर राज्य शिक्षक संघ अब सुप्रीम कोर्ट की शरण में पहुंच गया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव के नेतृत्व में 25 मार्च 2026 को सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका (रीव्यू पिटीशन) दायर की गई है।

संघ का कहना है कि 25 से 30 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके शिक्षकों के लिए दोबारा पात्रता परीक्षा आयोजित करने के आदेश से शिक्षकों में भारी आक्रोश और मानसिक तनाव की स्थिति बनी हुई है। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य शिक्षक संघ ने जिला एवं प्रदेश स्तरीय बैठकों के बाद सर्वजन हित के इस मुद्दे को सुप्रीम कोर्ट में उठाने का निर्णय लिया। प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव ने मीडिया से चर्चा में बताया कि शिक्षकों की विकट परिस्थितियों को देखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ताओं से विचार-विमर्श के बाद पुनर्विचार याचिका दायर की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब किसी भी शिक्षक को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट जाने की आवश्यकता नहीं है।

राज्य शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सुरेश दांगी (राजगढ़) ने अपनी टीम के साथ सभी शिक्षकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के बहकावे में न आएं और संगठन पर विश्वास रखें। उन्होंने कहा कि शिक्षक हितों की रक्षा के लिए संगठन हर स्तर पर संघर्ष कर रहा है और निश्चित रूप से न्याय मिलेगा।

## रॉन्ग साइड से आ रहे ट्राले ने बाइक को मारी जोरदार टक्कर, दो युवक गंभीर रूप से घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

जिले के लालघाटी थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-52 पर बुधवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। सनकोटा गांव के पास रॉन्ग साइड (गलत दिशा) से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्राले ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना सुबह करीब 11 से 12 बजे के बीच की है। रमन राजावत और कृष्णा राजावत अपनी बाइक पर सवार होकर मझानिया गांव से मक्सी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सनकोटा गांव के समीप सामने से गलत दिशा में आ रहे एक बेकाबू ट्राले ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ट्राले की टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार दोनों युवक उछलकर सड़क पर जा गिरे और उन्हें गंभीर चोटें आईं।

## आलिया खान उच्च अंको से क्लास 8वी में उत्तीण

**मक्सी।** हिंगलाज बाल विहार हाई स्कूल मक्सी स्कूल में अध्यनरत छात्रा कुमारी आलिया खान ने क्लास 8वी में 86,33 प्रतिशत 600 में से 518 अंक लाकर श्रेष्ठ



परिणाम प्राप्त किया है। आलिया खान बचपन से ही पड़ने लिखने में होनहार छात्रा है वह प्रतियोगिता डाइंग सांग डांसिंग जैसे कार्यकम में भी अनेको बार हिस्सा लेचुकी हैं और स्कूल की तरफ से प्रमाण पत्र लेकर सम्मानित हो चुकी हैं। आलिया खान अपना ज्यादा समय पड़ने लिखने में लगाती है। आलिया खान का सपना है वह पढ़लिख कर डॉक्टर बनकर समाज के गरीब वर्ग के लोगो की सेवा करे। आलिया खान का उच्च प्रतिशत बनने पर हिंगलाज बाल विहार हाई स्कूल के पूरे स्टाप ओर परिवार मोहल्ले में खुशी का माहौल है।

## आपूर्ति अधिकारी के जाने के बाद पंप पर पेट्रोल नहीं है कि तख्ती टंगी थी

**इंगोरिया।** पेट्रोल-डीजल कि कमी की अफवाहों के चलते बुधवार दोपहर बड़नगर के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रविन्द्र सेंगर ने इंगोरिया एच पी पेट्रोल पंप का निरीक्षण किया। मंगलवार राय 8 बजे अचानक पेट्रोल पंपों पर वाहनों की भीड़ लग गई थी। थाना प्रभारी दीपेश व्यास ने पंप संचालक और वाहन चालकों को समझाइश देकर स्थिति पर नियंत्रण किया था। इधर पंप मालिक ने रात से सुबह तक पंप के चारों ओर रस्सी बांध कर पेट्रोल डीजल देना बंद कर दिया। थाना प्रभारी के हस्तक्षेप और पुलिस बल की तैनाती में सुबह 8 बजे से फिर से डीजल पेट्रोल भरना चालू किया। खाद्य अधिकारी के जाने के बाद पेट्रोल पंप पर फिर से पेट्रोल नहीं है का बोर्ड टांग दिया गया। जबकि पंप के स्टॉक सूची में 2113 लीटर पेट्रोल, 5266लीटर डीजल और 1108 लीटर पॉवर पेट्रोल स्टॉक में उपलब्ध बताया जा रहा है। पेट्रोल पंप संचालक तैयब भाई कांच वाला ने बताया कि डीजल दे रहे हैं। पेट्रोल एमरजेंसी वाहनों के लिए है। पेट्रोल मिल ही नहीं रहा है।

## विकासखण्ड स्तरीय जादू नहीं विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न



**महिदपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार शासकीय मॉडल उ.मा.वि. महिदपुर में विकासखण्ड स्तरीय जादू नहीं विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ उदय सिंह चैहान रहें इस कार्यक्रम के अंतर्गत महिदपुर विकासखण्ड के समस्त हाईस्कुल, हायर सेकेण्डरी विद्यालय से विज्ञान शिक्षक एवं सहभागी विद्यार्थियों ने उपस्थिति दी। विद्यार्थियों ने प्रयोग के माध्यम से अंधविश्वास, जादू टोना पर आधारित भ्रांतियों को मिटाने हेतु विज्ञानिक तथ्य प्रस्तुत किये। जैसे पिलिया उतारना, नजर उतारना, बिना माचिस के आग लगाना, आदि। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामेश्वर सोनी प्राचार्य शा.मॉडल उ.मा.वि. ने की।

## कढ़ाई में गौशाला ने चार वर्ष से बन्द पड़ी

**महिदपुर।** ग्राम पंचायत कढ़ाई में शासन द्वारा गौशाला का निर्माण हुए चार वर्ष से अधिक समय हो चुका है परंतु आज दिनांक तक गौशाला चालू नहीं हुई है। ग्राम पंचायत कढ़ाई के ग्रामीणों ने शासन से मांग की है कि इस गौशाला को शीघ्र चालू करवाया जावें ताकि सड़कों पर भटकती गायों को गौशाला में रखा जावें। इस गौशाला को चालू करवाने के लिए जनपद पंचायत सीईओ मीना झा को ग्रामीणों ने सामूहिक आवेदन भी 6 जनवरी को दिया है परंतु आज दिनांक तक चालू नहीं हो सकती है। ग्राम न्यायालय के पूर्व सदस्य आर.एस.चौहान ने गौशाला शीघ्र चालू करवाने की मांग शासन से की है।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार सुभाष चंद्र वर्मा पिता श्री मांगीलाल वर्मा निवासी सी 1/2 पुलिस लाईन, नागझिरी उज्जैन म.प्र.ने भवन स्वामी श्रीमती रेखा जायसवाल पति रमण जायसवाल निवासी 27, अग्रसेन नगर उज्जैन म.प्र. से उनके भवन क्रमांक 184 क्षेत्रफल 111.55 वर्गमीटर जो कि शिवांश एवेन्यू पार्ट 1 शक्करवासा देवास रोड उज्जैन को मय जमीन तला व उसमे किये हुए निर्माण उसमें लगे मटेरियल फिटिंग फिक्चर्स सहित खाली हालत क्रय करने का लिखित अनुबंध किया होकर बयाना दिया है तथा अनुबंध अनुसार नियत अवधि में मेरे पक्षकार को नियत अवधि में शेष विकय धनराशि अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना हैं।

इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त भवन के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तूत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध्र पत्र एवम तदनुसार उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगीं व किसी की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांकः 26-03-2026 उज्जैन

**ओमप्रकाश बंसल सर्विस प्रोवाईडर**
**सी- 9/2 एल०आयजी ऋषिनगर उज्जैन**
**सी-6 भरपुरी काम्प्लेक्स उज्जैन**
**मोबा. 94250-93456**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार माधुरी गेहलोत पति श्री जितेन्द्र शेर, निवासी- 22, सनराईज सिटी, अंजुश्री होटल के पीछे, उज्जैन ने कमलप्रभा शर्मा पति स्व. श्री ईश्वरचंद्र शर्मा, निवासी- सी-37/7, ऋषिनगर एक्सटेंशन, उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भवन जो भूमि सर्वे नंबर 22/2 जिसका वर्तमान सर्वे नंबर 22/2/2/1/1/1 पे का भाग, स्थित ग्राम मालनवासा, उज्जैन जिसका कुल क्षेत्रफल 69.64 वर्गमीटर होकर उक्त भवन एक मंजिला आर.सी.सी की छत का बना होकर उसे मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने का अनुबंध किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है तथा शीघ्र ही शेष राशि अदा कर रजिस्ट्री बयनामा संपादित कराया जाना है यदि उक्त भवन या उसके किसी भाग पर किसी भी बैंक, संस्था, अथवा निकाय का कोई ऋण भार हो या अन्य किसी प्रकार से लेख आदि किया हुआ हो तो वे इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में अपनी लेखी आपत्ति मय प्रमाण के कार्यालयीन समय में मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें अन्यथा बाद व्यतित होने अवधि मेरे पक्षकार शेष राशि अदा कर रजिस्ट्री बयनामा अपने हित में संपादित करा लेवेगें तत्पशचात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा समस्त लेख मेरे पक्षकार के मुकाबले प्रभावहीन एवं शून्य माने जावेगे। इति दिनांक - 26/03/2026 उज्जैन

**कैलाशचन्द्र बंसल एडवोकेट**
**कार्यालय-146, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन**
**मो. 98260-50947**
**कार्यालय समय प्रातः 10 से 11:30 तक**

In The Court Of IX Civil Judge Class - I, District Court, Ujjain Presiding Officer:
**श्री अर्पित जैन**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**
(RCS B/0000049/2024)
**मेसर्स दुग्गड मेडिकल एजेंसीज द्वारा भागीदार मनोज कुमार --वादी**
**Vs**
**मेसर्स मेहता मेडीकल स्टोर्स द्वारा भागीदार प्रतिक मेहता---प्रतिवादी**
Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 23/04/2026**

**प्रेषिती**
(1) मेसर्स मेहता मेडीकल स्टोर्स द्वारा भागीदार प्रतिक मेहता पिता राधेश्याम मेहता पता-एम आर 4 रोड मक्सीरोड उज्जैन
(2) प्रतीक मेहता पिता राधेश्यामजी मेहता पता-एम आर 4 रोड मक्सीरोड उज्जैन मप्र

यह कि प्रार्थी मेसर्स दुग्गड मेडिकल एजेंसीज दवा बाजार विश्व विद्यालय मार्ग उज्जैन द्वारा भागीदार मनोज कुमार दुग्गड पिता श्री मदनलाल जी दुग्गड, आयु-54 वर्ष, व्यवसाय-व्यापार, निवासी-1 युवराज लायब्रेरी गली छत्रीचौक उज्जैन ने आपके विरूद्ध एक वाद वास्ते बिलो की बकाया राशि ब्याज की वसूली हेतु मूल्य रुपये 277033 के संबंध में सिविल सूट बी के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 18 मार्च 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(अर्पित जैन)**
**नवम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड**
**जिला उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामीः इन्द्रजीत पटेल पिता श्री हरिराम पटेल निवासी-283, बल्डाबाखल, ग्राम लेकोड़ा तह. व जिला उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्रं0-2377/2 रकबा 0.30 हैक्टर में से रकबा 0.12 हेक्टर, सर्वे क्रं.-2393/1 रकबा 0.62 हैक्टर, सर्वे क्रं0-2396/2 रकबा 0.09 हैक्टर, सर्वे क्रमांक-2394/2 रकबा 0.28 हैक्टर में से रकबा 0.18 हैक्टर, सर्वे क्रं0-2397 रकबा 0.73 हैक्टर, कुल किता-5 कुल रकबा 1. 74 हैक्टर भूमि ग्राम लेकोड़ा तह० व जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सिंचित एवं रोड़ से अन्दर स्थित है। मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी से उक्त वर्णित संपत्ति को क्रय करने का सौदा कर अनुबंध पत्र किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि में से बयाना राशि का भुगतान भी भूमि स्वामी को कर दिया है, अब विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष रहा है।

उक्त संपत्ति पर भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, अनुबंध आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार मे किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिन मे अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय मे आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा उक्त अवधि पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित मे उक्त संपत्ति के विकय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी, न ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारक होगी। सूचित हो।

इति दिनांकः-27/03/2026

**भूपेन्द्र उपाध्याय एडवोकेट, एम.ए.एल.एल.बी.**
**कार्याः सी-2 भरतपुरी शॉपिंग कॉम्पलेक्स,**
**उप पंजीयक कार्यालय के पास, उज्जैन**
**मोबा 89891-45770**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई सी आई सी आई बैंक लि की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, भुखण्ड क्रमांक 61 एवं नया म्यु क्रमांक 118 का उत्तर वाला भाग, गुलमर्ग बाग कालोनी, सेंट पाल स्कुल रोड, एम आर - 05, उज्जैन (म.प्र.) जिसका कुल क्षेत्रफल 67.50 वर्गमीटर है। उक्त संपत्ति संजय सिंह शाक्य पिता शिवराम जी शाक्य ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक MP432022024A11245227 दि. 18/10/2024 के माध्यम से निलेश कुमार पिता बजरंगलाल हरभजनका से क्रय की है। उपरोक्त सम्पत्ति का लिंक दस्तावेज क्रमांक 2704 दिनांक 07/11/1993 गुम हो गया है। संजय सिंह शाक्य पिता शिवराम जी शाक्य द्वारा ऋण प्राप्त करने हेतु आई सी आई सी आई बैंक लि में आवेदन किया गया है तथा बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत किया जा रहा है। उपरोक्त लिंक दस्तावेज की सत्यप्रतिलिपि एवं अन्य दस्तावेज लिए जा रहे है। अतः सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, शासन या अन्य कोई ऋण, भार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज, आयद हो या किसी प्रकार का टैक्स, कर, प्रभार बकाया हो या उक्त संपत्ति में किसी का स्वत्व, हित, क्लेम, कब्जे के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिवस में सप्रमाण मुझे लिखित आपत्ति पेश करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि आई सी आई सी आई बैंक लि द्वारा उपरोक्त सम्पत्ति पर ऋण प्रदाय करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति शून्य व अमान्य मानी जावेगी। अतः सूचित हो।

इति दिनांक 26/03/2026

**नीरज सक्सेना (एडवोकेट)**
**ए-18 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 97130-96363, 97130-15515**

In The Court Of XI Additional District Judge, District Court, UjjainPresiding Officer:
**श्री संतोष सैनी**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**
(UN CIV/0000349/2024)
**दिव्या परमार---- वादी**
**Vs**
**उज्वल नागर ----प्रतिवाद**
Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 10/04/2026**

**प्रेषिती**
(1) आयुष पिता सुनील जायसवाल पता- 6 धनवन्तरी मार्ग फ्रीगंज उज्जैन

यह कि प्रार्थी दिव्या परमार पति श्री नरेन्द्र परमार, आयु-31 वर्ष, व्यवसाय-सिलाई कार्य, निवासी-आई-8 एमपी नगर कानीपुरा उज्जैन मप्र ने आपके विरूद्ध आवेदन अंतर्गत धारा 166 सहपठित धारा 140 मोटरयान अधिनियम 1988 एवं संशोधन अधिनियम 1994 के अधीन क्षतिपूर्ति हेतु इस आशय का प्रस्तुत किया है कि आपके स्वामित्व की हीरोहोण्डा शाईन मोटर साइकल रजिस्ट्रेशन क्रमांक एमपी 13-एफ-टी-1006 को उसके चालक ने उपेक्षा व लापरवाही से चलाकर दिव्या परमार पति श्री नरेन्द्र परमार को टक्कर मार कर गंभीर उपहति कारित की, जिससे आवेदिका को हानि हुई है जिसमें सुनवाई हेतु पेशी दिनांक 10/04/2026 को नियत है। अतः आप उक्त दिनांक अथवा उसके पूर्व आवेदन पत्र का उत्तर देने हेतु स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो। अनुपस्थिति की दशा में मामले में एकपक्षीय कार्यवाही की जा सकेगी।

यह भी उल्लेखित किया जाता है कि उपरोक्त पेशी दिनांक को किन्ही कारणवश अवकाश होने पर प्रकरण में आगामी कार्यदिवस में सुनवाई की जावेगी। यह आज तारीख 27 फरवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(सन्तोष सैनी)**
**एकादश जिला न्यायाधीश**
**उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

दैनिक अवन्तिका

www.awantika.com
METROPOLITAN



## आंगनबाड़ी में विद्यारंभ कार्यक्रम आयोजित

**शुजालपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार नगर के वार्ड क्रमांक 14 की आंगनवाड़ी केंद्रों पर विद्यारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनवाड़ी में पंजीकृत 5 से 6 वर्ष के बच्चों को सहज रूप से प्राथमिक शालाओं में स्थानांतरित करना एवं प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को सुदृढ़ बनाना है। इस अवसर पर बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। आयोजन से अभिभावकों में आंगनबाड़ी के प्रति रुचि बढ़ेगी तथा वे अपने बच्चों को नियमित रूप से आंगनबाड़ी भेजने के लिए प्रेरित होंगे। कार्यक्रम में भारतीय मानव अधिकार उज्जैन संभाग की संरक्षक एवं समाजसेवी कृष्णा पाठक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके आतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता पांचाल एवं अन्य स्टाफ भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में अभिभावकों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## एक दिवसीय निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

**शुजालपुर।** सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र द्वारा आगामी 28 मार्च को एक दिवसीय नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर शुजालपुर मंडी स्थित सरकारी अस्पताल के सामने प्रात: 10 बजे से सायं 6 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में विशेष रूप से पुलिस विभाग के समस्त अधिकारी, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के लिए नि:शुल्क नेत्र परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही शिविर में ब्लड शुगर एवं ब्लड प्रेशर की जांच भी नि: शुल्क की जाएगी, जिससे प्रतिभागियों को समग्र स्वास्थ्य जांच का लाभ मिल सकेगा। आयोजकों के अनुसार शिविर का उद्देश्य पुलिस विभाग से जुड़े कर्मचारियों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समय रहते आंखों से संबंधित रोगों की पहचान कर उचित परामर्श प्रदान करना है। इस अवसर पर एसडीओपी पुलिस निमेष देशमुख ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस निशुल्क शिविर का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच से गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान संभव है, जिससे उनका प्रभावी उपचार किया जा सकता है।

## बोर्ड परीक्षाओं में छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शुजालपुर।** टैलेंट एकेडमी हायर सेकेण्डरी स्कूल शुजालपुर के विद्यार्थियों ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। कक्षा 8 वीं एवं 5 वीं के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कक्षा 8वीं में कशिश शाक्यवार ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं गौरव प्रजापति ने 88.5 प्रतिशत, सोनम सेन ने 87 प्रतिशत, गौरव सेन ने 85 प्रतिशत, अरहान खान ने 83.5 प्रतिशत, उमंग मेवाड़ा ने 82.33 एवं देवेंद्र मेवाड़ा ने 81 प्रतिशत अंक अर्जित किए। इसके अलावा पायल परमार 80, सुहाना खान 78, नवीन मेवाड़ा 78, आशीष मेवाड़ा 77, रंजना मेवाड़ा 76.5 और मुस्तफा खान ने 76 प्रतिशत अंक के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसी प्रकार कक्षा 5वीं के विद्यार्थियों में तन्मय सिंदल ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अग्रणी स्थान प्राप्त किया। त्रिशा शर्मा 86, स्मिता परमार 83.5, आयुष परमार 81, मोहम्मद अनस 79, मयंक मेवाड़ा 79, गौरव अस्थाया 79, लक्ष्मी शाक्यवार 78, श्रृष्टि सैनी 78 और सालेहा खान ने 78 प्रतिशत अंक के साथ उल्लेखनीय सफलता हासिल की। अन्य विद्यार्थियों में मोनिका मेवाड़ा 74, धीरज पुष्पद 74, वीरेंद्र मेवाड़ा 72, परी बी 72, अंशुमन नाथ 71, अंश मेवाड़ा 71, उत्कर्ष मेवाड़ा 71 एवं समर मेवाड़ा ने 66 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय की प्राचार्य हेमलता खत्री ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## गुंजेगें श्रीराम के जयकारे, देवालयों में होगा आयोजन

**शुजालपुर।** नगर सहित अंचलों में शुक्रवार को मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीरामचन्द्र का जन्मोत्सव श्रद्धाभाव से मनाया जाएगा। इस पर्व के चलते देवालयों में विशेष आयोजन होगें। साथ ही सिटी में चल समारोह भी निकाला जाएगा। इसी प्रकार चैत्र नवरात्रि का समापन भी शुक्रवार को होगा। नवरात्रि पर्व में चल रहे धार्मिक अनुष्ठानों को पुर्णाहूति नवमी पर दी जाएगी। आष्टा रोड स्थित गायत्री मंदिर में 9 दिवसीय आयोजन जारी है। शुक्रवार को पूर्णाहूति के साथ 9 दिवसीय कार्यक्रम का समापन होगा। श्रीराम मंदिर मंडी के पूजारी पं. गोविंदप्रसाद शर्मा ने बताया कि रविवार की सुबह 7 बजे भगवान के अभिषेक के दर्शन होगे, इसके उपरांत आरती होगी और पट बंद कर दिए जाएगें,दोपहर 12 बजे भगवान के जन्म दर्शन होगे तथा महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार राम नवमी पर्व सिटी में भी उत्साह के साथ मनाया जाएगा। सिटी में दोपहर में 3 बजे सकल पंच फूलमाली उत्थान समिति शुजालपुर नगर द्वारा भगवान का चल समारोह श्रीराम मंदिर टीला से निकाला जाएगा, जो कि सिटी क्षेत्र के प्रमुख मार्गो से होते हुए रायकनपुरा स्थित हनुमान मंदिर के पीछे धर्मशाला स्थल पर सम्पन्न होगा। साथ ही शाम 7 से 10 बजे तक महाआरती एवं भंडारे का आयोजन होगा एवं सात जोड़ों का पाणिग्रहण संस्कार भी समिति के सहयोग से किया जाएगा।

## रीवा-सागर में बूंदाबांदी, कई जिलों में बदला मौसम

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में पिछले 24 घंटे के दौरान गर्मी के साथ बारिश वाला मौसम भी रहा। मौसम विभाग के अनुसार रीवा में 3 मिमी और सागर में एक मिमी बारिश दर्ज की गई। ग्वालियर-चंबल संभाग समेत आसपास के कई जिलों में बादल भी रहे। साइक्लोनिक सकुर्लेशन (चक्रवात) की वजह से ऐसा मौसम रहा। मध्य प्रदेश के उत्तरी हिस्से यानी, उज्जैन, सागर, ग्वालियर-चंबल संभाग में सोमवार को साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम (चक्रवात) की वजह से बादल छाए रहे। इस वजह से दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। ग्वालियर में पारा 30 डिग्री से नीचे रहा। वहीं, बाकी हिस्से में गर्मी का असर देखने को मिला।

# प्रवेश उत्सव 2026 की तैयारियों को लेकर शिक्षकों की बैठक आयोजित

**शुजालपुर।** प्रवेश उत्सव 2026 की तैयारियों को लेकर 25 एवं 26 मार्च को शिक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक विकास खंड शिक्षा अधिकारी एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर नगर के प्राचार्य की अध्यक्षता में दो पालियों में संपन्न हुई। आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर नगर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।



बैठक में 1 अप्रैल को आयोजित होने वाले प्रवेश उत्सव, नामांकन अभियान, हमारे शिक्षक ऐप पर विद्यार्थियों की सहमति, असहमति दर्ज करने, विद्यालयों की भौतिक जानकारी अपलोड करने, पाठ्यपुस्तक एवं साइकिल वितरण, इको क्लब संचालन, एफएलएन कक्षाओं के प्रभावी संचालन एवं एफ एलएन मेला आयोजन जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में जनपद शिक्षा केंद्र से बीएसी राकेश पांचाल, रोशन परमार, साक्षरता समन्वयक मनराज परमार सहित समस्त जनशिक्षक उपस्थित रहे। तकनीकी सहयोग में कपिल जैन, दीपक विश्वकर्मा एवं दीपक नेमा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन संजय देशमुख ने किया।

विकास खंड स्त्रोत समन्वयक सुरेंद्र गोखले ने पिछले सत्र की चुनौतियों को दूर करने पर बल देते हुए एफएलएन कक्षाओं के बेहतर संचालन तथा राज्य शिक्षा केंद्र के लक्ष्यों के अनुरूप विद्यार्थियों की दक्षता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कक्षा 1 में नामांकन बढ़ाने के लिए लक्ष्य निर्धारित करते हुए अतिरिक्त विद्यार्थियों के प्रवेश के निर्देश दिए। विकास खंड शिक्षा अधिकारी हर्षवर्धन चतुर्वेदी ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनने एवं पोर्टल संबंधी कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक के प्रथम चरण में जनशिक्षा केंद्र अकोदिया, अवंतिपुर बड़ौदिया एवं पोलायकलां के 65 में से 63 शिक्षक उपस्थित रहे, जबकि प्राथमिक विद्यालय उमर सिंघी एवं हाई स्कूल देवली के शिक्षक अनुपस्थित रहे। द्वितीय चरण में जनशिक्षा केंद्र कन्या शुजालपुर, बालक शुजालपुर एवं कन्या मंडी के 115 में से 113 विद्यालयों की उपस्थिति रही। मावि. धौलपुर एवं मावि. उण्डाई के शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएंगे।

## परिजनों को 14.90 लाख का मुआवजा

**शुजालपुर।** सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने मृतक के परिजनों को 14 लाख 90 हजार 400 रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया है। साथ ही आवेदन की तारीख से 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देय होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 अक्टूबर 2024 की रात करीब 11 बजे मायापुर निवासी भूपेंद्रसिंह राजपूत अपनी मोटरसाइकिल से पेट्रोल पंप से शुजालपुर की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे गोकुल धाम कॉलोनी गेट के सामने पचोर रोड पर पहुंचे, सामने से आ रहे वाहन चालक कपिलदास ने लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी।


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं, भट्ट कमलेश भरत कुमार (Bhatt Kamlesh Bharat Kumar), निवासी 21, मधुबन कॉलोनी, वी.आई.पी. रोड़, ऑफ देवास रोड़, उज्जैन (म.प्र.)-456010, इंडिया यह घोषणा करता हूँ कि मैने अपना नाम बदलकर भट्ट कमलेश (Bhatt Kamlesh ) कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाएगा।

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड पता- 26 बख्तावर मार्ग, फ्रिगंज उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक 386 स्थित वार्ड न. 12 मोहल्ला जवाहर मार्ग नागदा तहसील नागदा जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षैत्रफल 72.42 वर्गमीटर। जिसकी चर्तुसीमा पूर्व मे- पालीवाल का भवन, पश्चिम मे- कैलाश पोरवाल का भवन, उत्तर मे- आम रास्ता जवाहर मार्ग, दक्षिण मे- गली स्थित है। उक्त सम्पत्ति सावित्रीबाई पति स्व. श्री मुलचंद एवं श्रीमति निर्मला तुलस्यानी पति स्व. श्री तुलस्यानी को पैतृक संपत्ति के रूप में प्राप्त हुई है एवं सावित्री बाई ने अपना भाग निर्मला तुलस्यानी के हित में हकत्याग पत्र क्रमांक डच43172023 I12363811दिनांक 13/09/2023 के माध्यम से निष्पादित किया। एवं निर्मला तुलस्यानी ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक डच17प्ळत18842025 I100014863 दिनांक 08/01/2025 के माध्यम से श्री महावीर संघवी पिता श्री अमृतलाल संघवी को विक्रय की। एवं महावीर संघवी ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार का उक्त सम्पत्ति पर बंधक ऋण प्रस्तावित है, अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति कही पर बंधक हो या उक्त संपत्ति के संबंध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से 07 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो । दिनांक 26/03/2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352**

### ( जाहिर सूचना )

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने 1 श्रीमति श्यामुबाई पति श्री कमल किशोरजी पिता श्री पुनाजी निवासी तोड़ी मोहल्ला भेरूगढ जिला उज्जैन (म.प्र.) 2-सिद्धलाल मालवीय पिता श्री पुनाजी मालवीय निवासी- मालवीय मोहल्ला ग्राम पानबिहार तह. घट्टिया जिला उज्जैन 3-श्रीमति चतरबाई पति पुनमचन्दजी निवासी-ग्राम पानबिहार तह. घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) 4-श्रीमति सीमाबाई पति श्री मोहनलालजी पुत्री श्री पुनाजी निवासी ग्राम मालीखेड़ी तह. महिदपुर जिला उज्जैन (म. प्र.) 5- श्रीमती निर्मलाबाई पति श्री राकेशजी निवासी- 17, ग्राम किशनपुरा तह घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके भूमि स्वामी स्वत्व एवम आधिपत्य की भूमि सर्वे नम्बर-290/2 रकबा 0.20 हेक्टर व सर्वे नम्बर- 291 रकबा 0.24 हेक्टर कुल किता-2 कुल रकबा 0.44 हेक्टर लगानी बरूएट की स्थित ग्राम निपान्या सुपार प.ह.नं.-033 तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में हैं, को क्रय करने का बयाना राशि अदा कर अनुबंध-पत्र का सम्पादन करवा लिया हैं यदि उक्त भूमि को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन कोई अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबंध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात 7 दिनो में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन, करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धन- कारक नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक 26-03-2026, स्थान-उज्जैन,

**जयश्री वर्मा एडवोकेट**
**बी-4, भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन**
**मो. 9827015929,मो. नं.-9098085783**

### जाहिर सुचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार ने श्री अजय तिवारी पिता श्री गजानंद तिवारी, निवासी सरस्वती नगर कॉलोनी उज्जैन (म.प्र.) से उनके एकमेव स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 25 स्थित जयसिंहपुरा, उज्जैन में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 153.15 वर्गमीटर अर्थात 1648.50 वर्गफीट है। उक्त भूखंड को मय तल, जमीन व हवाई हक्र सहित क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन बयाना राशि दी है तथा उक्त भूमिस्वामी को शेष बयाना राशि एव तत्पश्चात शेष विक्रयधन राशि अदा कर उनसे अनुबंध-पत्र एंव तत्पश्चात विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीयन करवाया जाना है। अत: इस सुचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुआ हो या किसी भी बैंक, प्राइवेट संस्था विभाग तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टैक्स अन्य किसी का कोई हक्क, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था इति आदि का भार, बोझ, गिरवी, हित, अधिकार, डिक्री, अटैचमेंट हो या इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो व इस सुचना प्रकाशन दिनांक से 7 (सात) दिन में मय लेखी प्रमाण सहित अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे अन्यथा प्रकाशन की अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे पक्षकार के हित में करवा लिया जायेगा एवं कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारक नही रहेगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 27/03/202/6

**अजय कुमावत एडवोकेट**
**कार्यालय पुलिस कंट्रोल रूम के सामने उज्जैन**
**मो. 9993364312**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार बसन्तीलाल पिता नन्दराम जी, उनके भाई शान्तीलाल पिता नन्दराम जी एवं उनकी बहन अयोध्या बाई जाति बलाई निवासीगण ग्राम फतेहपुर तहसील बड़नगर जिला उज्जैन के स्वामित्व एंव आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 521 रकबा 0.080हे. सर्वे न. 894 रकबा 1.640 हे. सर्वे न. 895 रकबा 0.500हे. सर्वे न. 905/6 रकबा 0.22 हे. सर्वे न. 907 रकबा 0.29हे. कुल किता 05 कुल रकबा 2.730 हे. भुमि ग्राम फतेहपुर तहसील बडनगर जिला उज्जैन में स्थित हैं। उपरोक्त भुमियो की रफीक खान पिता हुसेन खान निवासी बिरगोदानाथु तहसील बड़नगर द्वारा घोखा-धडी एव छल-कपट पुर्वक रमन धाकड पिता ओमप्रकाश धाकड निवासी 94 हनुमान मंदिर के पास लिम्बोदी जी.पी.ओ इंदौर के पक्ष में अवैध विकय पत्र शान्तीलाल पिता नन्दराम जी जाति बलाई निवासीगण ग्राम फतेहपुर तहसील बडनगर जिला उज्जैन से निष्पादीत करवाया। उक्त विक्रय पत्र दिनाकित 20/01/2026 को निरस्त करवाने हेतु मेरे पक्षकार बसन्तीलाल पिता नन्दराम जी एव शान्तीलाल पिता नन्दराम जी के वारिसों द्वारा न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश महोदय, वरिष्ठ खण्ड बडनगर (श्रीमान गौरव चोरसिया साहब) के न्यायालय मे वाद प्रस्तुत किया जो प्रकरण क्र. RCSA 36/2026 पर दर्ज हुआ। यदि भुमि सर्वे नं. 521 रकबा 0.080 हे. सर्वे न. 894 रकबा 1.640 हे. सर्वे न. 895 रकबा 0.500 हे. सर्वे न. 905/6 रकबा 0.22 हे. सर्वे न. 907 रकबा 0.29 हे कुल किता 05 कुल रकबा 2.730 हे. स्थित ग्राम फतेहपुर तहसील बडनगर जिला उज्जैन को यदि रफीक खान पिता हुसेन खान निवासी बिरगोदानाथु तहसील बडनगर एवं रमन धाकड पिता ओमप्रकाश धाकड निवासी 94 हनुमान मंदिर के पास लिम्बोदी जी.पी.ओ इंदौर द्वारा किसी भी व्यक्ति का अंश, भार, किसी वित्तीय संस्था का ऋण, किसी व्यक्ति द्वारा क्रय की जाती है। तो उसकी संपुर्ण जवाबदारी उसी व्यक्ति की रहेगी।

दिनांक 27/03/2026

**नीरज गिरी अभिभाषक**
**बडनगर जिला उज्जैन मो. 9770014138**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी 01 मनोजकुमार पिता राजकुमार जैन निवासी बड़नगर, जिला उज्जैन, 02 अंसार अली पिता मुबारिक अली जाति मुसलमान, निवासी बड़नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 751/2/8/3/1/1/1/2 रकबा 0.0239 हे., सर्वे नं. 751/2/8/3/1/1/1/1 रकबा 0.1513 हे0 कुल किता 2 कुल रकबा 0.1752 हे.ग में से एक भू-खण्ड कुल क्षेत्रफल 2773 वर्गफीट जिसके पूर्व दिशा में अंसार अली की भूमि, पश्चिम दिशा में डायवर्शन रोड़ बड़नगर, उत्तर दिशा में मनोज जी सियाल का भू-खण्ड तथा दक्षिण दिशा में मुर्तजा का मकान है स्थित कस्बा बड़नगर, (बड़ानाका हनुमान मंदिर से कामधेनु फेक्टी के मध्य), जिला उज्जैन (म.प्र.) को क्रय करने का सौदा उपरोक्त भूमि स्वामी से तय कर बयाना राशि प्रदान कर दी है तथा एक सौदा चिट्ठी उपरोक्त भूमि स्वामी ने मेरे पक्षकार के पक्ष में सम्पादित की है तथा शीघ्र ही भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित व पंजीकृत होना है यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी संस्था, बैंक, निकाय का ऋण, भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भूमि से संबंधित मुख्त्यारनामा आम या मुख्त्यारनामा खास हो अथवा इस सम्पत्ती में उपरोक्त भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित, स्वत्व, अधिकार हो या अन्य कोई आपत्ति हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित रूप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ती दर्ज करावे अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ती मान्य नही होगी। सूचित हो। दिनाक 26/03/2026

**सूर्य परमार, एडव्होकेट**
**39/20 मंगलम परिसर बड़नगर जिला उज्जैन**
**मोबा. 9977060138**

### मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित

Your host in the heart of India
www.mpstdc.com

पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन : +91-755-4027100, 2774340/42, www.mpstdc.com
क्रमांक 124/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक : 25.03.2026

**निविदा सूचना 127/2026_STDC_494993_1**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती हैं। कार्य का नाम : **ग्रेंड होटल उज्जैन में रिनोवेशन, उन्नयन एवं अन्य विकास कार्य (12 माह)। कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 860.17 लाख।**
वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 16.04.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/125103/2026 **कार्यपालन यंत्री**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार संदीप डोडिया पिता अशोक जी डोडिया जाति माली निवासी ग्राम पिरझलार तहसील बड़नगर जिला उज्जैन के स्थाई निवासी है तथा मेरे पक्षकार की जन्म दिनांक-10/09/2006 जिसका वास्तवीक व सही नाम संदिप डोडिया है जिसकी वर्तमान आयु 20 वर्ष है परन्तु मेरे पक्षकार के आधार कार्ड क्रमांक 4132 6590 1715 मे त्रुटीवश नाम संदिप Sandip दर्ज हो गया है जो की गलत है मेरे पक्षकार का सही नाम संदिप डोडिया Sandeep Dodiya के आधार कार्ड मे सही नाम दर्ज करवाना चाहता है जो की विघालय के रिकार्ड एवं अन्य दस्तावेज मे मेरे पक्षकार का नाम संदिप डोडिया Sandeep Dodiya दर्ज है जो की सत्य एवं सही है जिसे मेरा पक्षकार के आधार कार्ड मे भी संदिप डोडिया Sandeep Dodiya दर्ज करवाना चाहता है। मेरे पक्षकार द्वारा दी गई जानकारी अनुसार इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। सूचित हो।

दिनांक 26-03-2026

**रितेश जादव एड्वोकेट**
**कोर्ट परिसर, बडनगर जिला उज्जैन**
**मो.नं. 94244 81878**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार रोहा हाउसिंग फायनेन्स प्राइवेट लिमिटेड कार्यालय 301, तृतीय मंजिल पाटीदार टॉवर फ्रीगंज, उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक 136 का भाग स्थित ढाबा रोड़ तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफल 334.33 वर्गफीट है। जिसके पूर्व में - विक्रेता की भूमि का शेष भाग, पश्चिम में - भवन अली का, उत्तर मे - गली, दक्षिण में - ढाबा रोड़ स्थित है। उक्त सम्पत्ति कृष्णवल्लभ गर्ग एवं अशोक गर्ग पिता श्री रामचंद्र गर्ग तथा अविनाश गर्ग, गरिमा गर्ग एवं मोनिका गर्ग पिता श्री ओमप्रकाश गर्ग एवं प्रहलाद गर्ग पिता बंशीलाल गर्ग को पैतृक संपत्ति के रूप में प्राप्त हुई है तथा कृष्णवल्लभ गर्ग ने विक्रय करने का अनुबधं अल्ताफअहमद शेख पिता श्री चांद अहमद शेख को विक्रय करने का अनुबंध किया है तथा अल्ताफअहमद शेख ने रोहा हाउसिंग फायनेन्स प्रा.लि. उज्जैन में आवेदन किया हैं, तथा मेरे पक्षकार रोहा हाउसिंग फायनेन्स प्रा.लि. उज्जैन का उक्त संपत्ति पर बंधक ऋण प्रस्तावित है। अत: सूचित किया जाता हैं कि उक्त संपत्ति में अन्य किसी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त संपत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर रोहा हाउसिंग फायनेन्स प्रा. लि. उज्जैन द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त संपत्ति पर प्रथम ऋण भार रोहा हाउसिंग फायनेन्स प्रा.लि. उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

दिनांक 26.3.26

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर**
**चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. 9301860352**

### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुविभाग खाचरौद जिला उज्जैन

**क्र/ रीडर/2026/909 दिनांक 25.03.2026**

**जाहिर सूचना पत्र**

**प्रकरण क्र. 0065/ अपील / 2025-26**

बनाम- 1 रामीबाई पति रतन जाति बागरी 2. कमलीबाई पति अमरसिंह जाति बागरी निवासीगण हाटपिपलिया तहसील जावरा जिला रतलाम

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी गीताबाई पति माधु पुत्री हीरा जाति चन्द्रवंशी निवासीगण रामगढ तहसील खाचरौद जिला उज्जैन द्वारा अधीनस्थ न्यायालय नायब तहसीलदार खाचरौद के नामांतरण पंजी प्रकरण क्र. 03 में पारित आदेश दिनांक 04.03.1994 से असंतुष्ट व व्यथित होकर मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 के अंतर्गत अपील आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 2.4.2026 तक जवाब पेश कर सकता है। नियत समय अवधि के बाद आपत्ति पेश करने पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। विज्ञप्ति आज दिनांक 25.03.2026 को न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**अनुविभाग खाचरौद जिला-उज्जैन**

### कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की त्रिवेणी विहार योजना में स्थित भवन स्त्र5मांक बी-13/23 श्रेणी ई डब्ल्यूएस श्रीमती अनिता ढण्डेरवाल पति स्व श्री नारायण णण्डेरवाल एवं श्री योगेश ढण्डेरवाल पिता स्व. श्री नारायण ढण्डेरवाल निवासी-40, देसाई नगर कम्यूनिटी हॉल के पास, उज्जैन (म.प्र) के नाम पर दिनांक 12.11.2020 को लीज आधार पर आवासीय उद्देश्य हेतु आवटित किया गया है। आवटी श्रीमती अनिता ढण्डेरवाल पति स्व. श्री नारायण ढण्डेरवाल एवं श्री योगेश ढण्डेरवाल पिता स्व. श्री नारायण ढण्डेरवाल, निवासी-40, देसाई नगर कम्यूनिटी हॉल के पास, उज्जैन (म.प्र.) के द्वारा उक्त सम्पत्ति के विक्रय/अंतरण हेतु वाछित दस्तावेज प्रस्तुत् कर उक्त सम्पत्ति का अंतरण श्रीमती दीपिका सोलंकी पति श्री महेन्द्र, सोलंकी, निवासी-एच-9/3, ऋषिनगर, उज्जैन (म.प्र.) के नाम पर किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। अत: आवंटी द्वारा यदि अन्य किसी भी व्यक्ति/बैंक/ वित्तीय संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति का सौदा किया गया हो या रहन/गिरीवी/मार्टगेज रखी गई हो अथवा उक्त संपत्ति विक्रय/अंतरण में किसी अन्य को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन तिथि के 07 दिवस में मय ठोस प्रमाण (प्रमाणित दस्तोवज) के लिखित रूप में सम्पदा शाखा में नियत अवधि के पूर्व प्रस्तुत कर आवेदन पत्र की पावती प्राप्त करें अन्यथा निर्धारित समयावधि पश्चात प्राधिकरण द्वारा विक्रय/अंतरण अनुमति दिये जाने की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**

न्यूज-कॉलम

## अंबेडकर जन्मोत्सव पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

**मंदसौर।** डॉ. बी.आर. अंबेडकर जन्मोत्सव समिति की महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय अजाक्स कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें बाबा साहब के जन्मोत्सव को गरिमामय ढंग से मनाने की रूपरेखा तैयार की गई। समिति द्वारा विद्यार्थियों के लिए दो वर्गों (जूनियर व सीनियर) में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया है, जिसमें विजेताओं को 5100, 2100 और 1100 रुपये की प्रोत्साहन राशि व प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम की श्रृंखला में 13 अप्रैल को नगर में विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी तथा 14 अप्रैल को मुख्य समारोह में संगोष्ठी, प्रतिभा सम्मान और समता भोज का आयोजन होगा। बैठक में अजाक्स जिला अध्यक्ष प्रहलाद कुमार सूर्यवंशी सहित समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## 29 मार्च को संतश्री दिग्विजयराम का सत्संग

**मन्दसौर।** धर्मधाम गीता भवन में अंतरराष्ट्रीय संत श्री रामनिवास जी महाराज के सानिध्य में आगामी २९ मार्च, रविवार को दोपहर ३ बजे एक दिवसीय सत्संग का आयोजन होगा। गीता भवन ट्रस्ट के सचिव पं. अशोक त्रिपाठी ने बताया कि इस अवसर पर चित्तौड़गढ़ के अंतरराष्ट्रीय युवा संत श्री दिग्विजयराम जी महाराज अपने दिव्य प्रवचनों से श्रद्धालुओं को लाभान्वित करेंगे। इसके साथ ही आज, 27 मार्च शुक्रवार को रामनवमी के पावन पर्व पर दोपहर 12 बजे गीता भवन में विशेष महाआरती का आयोजन किया गया है। ट्रस्ट के सदस्यों ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से सत्संग और महाआरती के इन आयोजनों में सहभागी बनने का आह्वान किया है।

## लोक अदालत के तहत अधिभार में छुट 31 तक

**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच की मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया ने एक प्रेस नोट में बताया कि लोक अदालत के तहत संपत्ति कर व जलकर में मिलने वाली अधिभार की छूट की समय सीमा बढ़ाकर अब 31 मार्च कर दी गई है। श्रीमती बामनिया ने कहा कि संपत्ति कर व जलकर के जिन भी बकायादारो ने अभी तक संपत्ति कर व जलकर के अधिकार की छूट का लाभ नहीं उठाया है वह नगर पालिका कार्यालय में 31 मार्च तक पहुंचकर शासन द्वारा निर्धारित अधिभार में छुट का लाभ उठावे ।31 मार्च के पश्चात बकाया दारो को अधिभार सहित संपूर्ण राशि जमा कराना होगी।

## रानी ने 5वीं की परीक्षा में प्रथम श्रेणी प्राप्त की



**पिपलिया मंडी।** सनावदा सरस्वती शिशु मंदिर में रानी नागर ने 5 वीं की परीक्षा में 82 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम श्रेणी प्राप्त की। जिस पर परिवारजनो व विद्यालय परिवार ने बधाई शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## जल स्रोतो के संरक्षण की पहल नप ने जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारम्भ

**नीमच।** मुख्यमंत्री डॉ.श्री मोहन यादव के द्वारा 19 मार्च को शुभारंभ किया गया यह अभियान 19 मार्च से 30 जून तक चलाया जाएगा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत श्रीमान कलेक्टर महोदय श्री हिमांशु जी चंद्रा एवं परियोजना अधिकारी पराग जैन के मार्ग दर्शन में आज नगर परिषद कुकड़ेश्वर में नगर परिषद अध्यक्ष महोदया श्रीमती उर्मिला महेंद्र पटवा एवं नायब तहसील दार नवीन छलोत्रे, अध्यक्ष प्रतिनिधि महेंद्र पटवा,मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमल सिंह परमार व पार्षद श्रीमती कलावती बाई प्रेमचंद मोदी, श्रीमती टीना बाई सागर पेंटर, श्रीमती कौशल्या बाई लीलाधर काजू मोदी, श्रीमती शांति बाई विजेश माली,पार्षद महोदय राजू मालवीय, पार्षद प्रतिनिधि सागर पेंटर, लोकेश मोदी,विधायक प्रतिनिधि श्री कैलाश जी मालवीय (घाटी) एवं संबंधित नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा आज 25 मार्च को श्री सहस्त्र मुखेश्वर महादेव तालाब में मां गंगा की पूजा अर्चना कर जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया।

**सूचना**
समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मोबा. 9977755777
7771090777

# मंदसौर में रामनवमी की रही धूम, कुमावत और वसीठा धोबी समाज ने निकाला भव्य चल समारोह

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



पशुपतिनाथ महादेव की नगरी मंदसौर में रामनवमी का पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षत्रिय मेवाड़ा कुमावत समाज और सकल पंच वसीठा धोबी समाज द्वारा शहर में एक विशाल एवं भव्य चल समारोह निकाला गया। प्रतिवर्ष की परंपरा को निभाते हुए इस बार भी आयोजन में भारी जनसैलाब उमड़ा, जहाँ समाज के हजारों महिला-पुरुष और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में भगवान श्री राम के जयकारे लगाते हुए शामिल हुए।

समारोह का शुभारंभ नरसिंहपुरा स्थित बड़े मंदिर से हुआ, जहाँ से जुलूस गाजे-बाजे के साथ रवाना हुआ। यह भव्य चल समारोह शहर के प्रमुख मार्गों जैसे राम टेकरी, बीपीएल चौराहा, गांधी चौराहा, बस स्टैंड और घंटाघर से होता हुआ गुजरा। पूरे मार्ग में श्रद्धालु भजनों पर झूमते और नाचते हुए नजर आए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शहरवासियों ने भी जगह-जगह पुष्प वर्षा कर चल समारोह का भव्य स्वागत किया।

आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस ऐतिहासिक जुलूस के समापन के पश्चात नरसिंहपुरा बड़ा मंदिर पर भगवान श्री राम की भव्य महाआरती की गई। इसके बाद समाज जनों के लिए विशाल प्रसादी का आयोजन भी रखा गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने सभी नगरवासियों को रामनवमी की बधाई देते हुए समाज में एकता और धार्मिक सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया।

**श्री तलाईवाले बालाजी मंदिर आज मनेगा राम जन्मोत्सव-**

आस्था के प्रमुख केंद्र श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर में आज, २७ मार्च शुक्रवार को राम नवमी का पर्व अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। श्री बालाजी मंदिर ट्रस्ट (तलाई वाले) के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव की शुरूआत प्रातः 11.15 बजे भगवान श्री राम के पंचामृताभिषेक और विशेष पूजन से होगी। दोपहर ठीक 12 बजे भगवान का जन्मोत्सव मनाया जाएगा, जिसके पश्चात भव्य महाआरती संपन्न होगी। संध्या 6 बजे मंदिर परिसर में सामूहिक श्री राम स्तुति और हनुमान चालीसा का पाठ आयोजित किया जाएगा।



## एक्सीडेंट करने वाले वाहन एवं गुम हुए बच्चो का शीघ्र पता लगाने की मांग

**पिपलीया मंडी।** नगर के ऑटो पार्ट्स व्यवसाई, प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त सचिव मुकेश निडर के छोटे भाई सुरेश पोरवाल की स्कूटी को 21 मार्च को रात 8.30 बजे एक अज्ञात कार चालक ने जबरदस्त टक्कर मार दी थी जोकि बिना नम्बर की थी गम्भीर हालत में सुरेश अहमदाबाद में उपचारार्थ भर्ती है,बुधवार शाम जुग्गी झोपड़ी में निवासरत देवीलाल रामलाल के पुत्र जगदीश उम्र 13 वर्ष,दीपेश पुत्र श्यामलाल नायक टिलाखेड़ा बालाजी से गुम होगये। नगर कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व नप के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,नप के पूर्व अध्यक्ष चौथमल,गुप्ता नगर कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उणियारा, पूर्व अध्यक्ष द्वय रामप्रसाद फरक्या,विष्णु फरक्या,कांग्रेसनेता छोटेलाल सैनी,जगदीश नायक आदि पुलिस चौकी पहूंचे व एएसआई जसराज चंदेल से मिला एवं ओव्हरब्रिज पर एक्सीडेंट करने वाली कार एवं गुम हुवे दोनों बच्चो के शीघ्र पता लगाने की मांग की है।पुलिस ने गांधी चौराहे पर लगे सीसीटीवी भी खंगाले है।

## महा अष्टमी श्रद्धा भाव से मनाई



**पिपलिया मंडी।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी विभिन्न समुदायों द्वारा महा अष्टमी पर्व पर यज्ञ कन्यापूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी अवसर पर समीप गांव निनोरा में रावला परिवार के तत्वाधान में ठा.भारतसिंहजी शक्तावत के मार्ग दर्शन में मां बाणेश्वरी मंदिर पर पंडित बाबूलाल नागर के आचार्यत्व में सामूहिक रूप से यज्ञ संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं बच्चों एवं युवाओं ने मातेश्वरी की पूजा व यज्ञ पणाहुंति में भाग लेकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## जनगणना 2027 के लिये ग्रामीण चार्ज अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

**मंदसौर।** आगामी जनगणना 2027 के सफल और त्रुटिरहित क्रियान्वयन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय पर आयोजित ग्रामीण चार्ज अधिकारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिला प्रभारी श्री अभिषेक ठाकुर के मार्गदर्शन में 24 से 26 मार्च तक चले इस सत्र में भानपुरा, मल्हारगढ़, गरोठ, शामगढ़ और सीतामऊ के तहसीलदारों सहित चार्ज जनगणना अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान डेटा संकलन की आधुनिक विधियों, डिजिटल उपकरणों के उपयोग और क्षेत्रीय समन्वय पर विस्तृत चर्चा की गई। श्री अभिषेक ठाकुर और श्री सत्येन्द्र सिंह राठौर ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए इसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व बताया और समयबद्ध रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए बुजुर्ग से 1.34 करोड़ रुपये की बड़ी ऑनलाइन ठगी

**मंदसौर।** जिले में ऑनलाइन ठगी एक गंभीर मामला सामने आया है, जहाँ ठगों ने एक 80 वर्षीय बुजुर्ग को ऊंचे मुनाफे का लालच देकर उनके जीवन की जमा पूंजी को ठग लिया। कोतवाली थाना क्षेत्र के निवासी वीरेंद्र कुमार जैन पिता स्व. मानकलाल जैन के साथ व्वेल्थ अलायंस ट्रेनिंग टीम ए-12 नाम के एक व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से 1 करोड़ 34 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार फरियादी को इसी साल जनवरी माह में एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया था। इस ग्रुप का संचालन कथित तौर पर मोहन पाटिल और उसके मैनेजर रवि द्वारा किया जा रहा था। आरोपियों ने फरियादी को टोटमिन कंपनी के माध्यम से स्टॉक मार्केट में निवेश कर भारी मुनाफा कमाने का झांसा दिया। आरोपियों के बुने जाल में फंसकर बुजुर्ग ने अपने आधार कार्ड और पैन कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज ग्रुप में साझा कर दिए। इसके बाद, आरोपियों के कहे अनुसार फरियादी ने अलग-अलग छह बैंक खातों में कुल 1 करोड़ 34 लाख रुपये जमा कर दिए। ठगी का खुलासा तब हुआ जब वीरेंद्र कुमार जैन ने अपनी निवेश की गई राशि और उस पर हुए मुनाफे को वापस मांगा, जिसके बाद आरोपियों ने उनसे पूरी तरह संपर्क तोड़ दिया। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने कोतवाली थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जिन खातों में पैसा जमा कराया गया है, वे करंट अकाउंट हैं और संभवतः फर्जी फर्मों के नाम पर संचालित हो रहे थे।

# महू-नीमच फोरलेन पर तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवारों को कुचला, मासूम की मौत

### फोरलेन पर ग्रामीणों ने किया चक्काजाम, गाड़ियों की लगी कतारें

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



जिले के दलौदा थाना क्षेत्र अंतर्गत फतेहगढ़ गांव के पास महू-नीमच फोरलेन हाईवे पर गुरुवार दोपहर एक हृदयविदारक सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने स्कूटी पर सवार दो महिलाओं और दो बच्चों को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण भिड़ंत में तीन वर्षीय मासूम जियान पिता जाहिद की अपनी मां की आंखों के सामने ही तड़प-तड़पकर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि हादसे में घायल तीन अन्य लोगों की हालत अत्यंत गंभीर बनी हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर करीब 2 बजे स्कूटी सवार महिलाएं अपने बच्चों को उपचार के लिए धुंधड़का अस्पताल ले जा रही थीं। इसी दौरान मंदसौर से जावरा की ओर जा रही तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए और सवार उछलकर पास खड़े एक ट्रक से जा टकराए। हादसे में गंभीर रूप से घायल शानू, नायरा और तीन माह की मासूम बच्ची हानिया को प्राथमिक उपचार के बाद मंदसौर जिला अस्पताल से उदयपुर रेफर किया गया है।

हादसे की खबर फैलते ही ग्रामीण और परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने महू-नीमच फोरलेन पर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों ने हाईवे पर आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सर्विस लेन, स्पीड ब्रेकर और सुरक्षित क्रॉसिंग पॉइंट बनाने की पुरजोर मांग की। तहसीलदार और पुलिस अधिकारियों द्वारा जल्द ही सुरक्षा प्रबंध पुख्ता करने के लिखित आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ और जाम खोला गया।

## 15 वर्षीय नाबालिग को इंस्टाग्राम के जरिए फंसाया, बंधक बनाकर वसूले पैसे

**रतलाम।** शहर के औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत एक नाबालिग किशोर को डरा-धमकाकर अवैध वसूली और ब्लैकमेलिंग का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। आरोपियों ने न केवल किशोर को बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट की, बल्कि झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर उससे हजारों रुपये भी वसूल लिए। हद तो तब हो गई जब आरोपियों ने किशोर के घर में घुसकर उसके माता-पिता और बीच-बचाव करने आए पड़ोसियों के साथ भी अभद्रता और मारपीट की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, 15 वर्षीय पीड़ित किशोर की जान-पहचान करीब एक साल पहले इंस्टाग्राम के माध्यम से एक लड़की से हुई थी। मई 2025 में उक्त लड़की ने किशोर को बहाने से अपने घर बुलाया। वहां पहले से मौजूद उसके मुंहबोले मामा शोएब और मां आरती ने नाबालिग बालक को बंधक बना लिया। आरोप है कि शोएब ने किशोर के साथ मारपीट की और उसे 5-6 घंटे तक कमरे में बंद रखा। घटना के बाद आरोपियों ने किशोर को डराना शुरू कर दिया। उन्होंने धमकी दी कि यदि उसने किसी को कुछ बताया तो वे उसके खिलाफ पुलिस में झूठी रिपोर्ट दर्ज करा देंगे। डर के मारे किशोर ने अपने दोस्तों और अपनी जमा पूंजी से जोड़कर कुल 10 हजार रुपये आरोपियों को दे दिए। दहशत के कारण किशोर के माता-पिता ने उसे कुछ समय के लिए शहर से बाहर रिश्तेदार के घर भी भेज दिया था।

## 150 करोड़ का बजट बहुमत से पारित बचत का बजट कोई नया कर नहीं



**जावरा ।** नगर पालिका परिषद ने बुधवार को 150 करोड़ के आतिथ्य व्यय वाला 3 लाख 50 हजार रुपए के बचत का बजट पेश किया। कोई नया कर नहीं लगाया गया ।इस बार बजट बहुमत से स्वीकृत किया गया मात्र 10 पार्षद ही उपस्थित रहे। विपक्ष भाजपा के एक भी पार्षद बजट सम्मेलन में नहीं आए। नगरपालिका अध्यक्ष अनम युसूफ कडपा राजस्व एवं बाजार समिती सभापती लोकेश विजवा ने एक अरब 50 करोड़ 45 लाख 84 हजार 668 रुपए की आय और एक अरब 50 करोड़ 42 लाख 32 हजार 732 रुपए व्यय के स 3 लाख 51 हजार 936 रुपए की बचत का बजट नगर पालिका के विशेष बजट सम्मेलन में रखा गया। बजट सम्मेलन नगर पालिका अध्यक्ष अनम कडपा की अध्यक्षता में सीएमओ राहुल शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुआ । शहर के नागरिकों पर कोई नया कर नहीं लगाया गया। विपक्ष भाजपा पार्षदों ने बजट सम्मेलन का बहिष्कार किया। वैसे कुछ पार्षद सत्ता पक्ष कांग्रेस के भी नहीं आए ।सम्मेलन में नगर पालिका उपाध्यक्ष सुशील कोचट्टा राजस्व अध्यक्ष विजवा मुस्तकीम मंसूरी, इरफान हुसैन, आसिफ कबड्डी, कविता कल्याण, यासमीन इमरान कबाड़ी ,रामकुमार और एवं अफसर भी सहीत 10 पार्षद उपस्थित थे। नगर पालिका अध्यक्ष कडपा ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि चतुर्थ बजट पेश किया गया। जिसमें नागरिकों की मूलभूत आवश्यकता का ध्यान रखा गया। बजट में स्वच्छ भारत मिशन के तहत गंदे जल उपचार योजना ट्रैचिग ग्राउंड पर कचरा निष्पादन की योजना सड़कों का निर्माण आदि का प्रावधान किया गया। मालेनी नदी से जलापूर्ति हेतु नवीन डेम एवं पंपिंग स्टेशन से जावरा नगर स्थित फिल्टर प्लांट तक पुरानी हो गई जलप्रदाय पाइपलाइन डाले जाने का कार्य करवाया जाएगा ।

## भाजपा सुखेड़ा मंडल ने डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय की मनाई जन्म जयन्ती

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



भारतीय जनता पार्टी सुखेड़ा मंडल द्वारा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और मंदसौर संसदीय क्षेत्र से आठ बार सांसद रहे 'मालवा के गांधी' स्व डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय की जन्मजयंती बुधवार को सुजापुर में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा बाबूजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ की गई।

उक्त आयोजन सुजापुर स्थित उस भव्य उद्यान में हुआ, जहाँ बाबूजी की प्रतिमा स्थापित है। इस उद्यान और प्रतिमा का अनावरण प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विगत माह मे किया गया था। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला महामंत्री महेश सोनी, प्रांजल पाण्डेय एवं सुखेड़ा मंडल अध्यक्ष रितेश जैन ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। वक्ताओं ने बाबूजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने राजनीति में सादगी और शुचिता के जो मानक स्थापित किए, वे आज भी हम सभी के लिए मार्गदर्शक हैं।

कार्यक्रम में समाजसेवी महेंद्र सिंह (बामनखेड़ी,), डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय मंडल अध्यक्ष मांगीलाल पांचाल, अभय कोठारी, पूर्व नगर अध्यक्ष नंदकिशोर माहवर, पूर्व मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल शर्मा, विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह भाटी, प्रमोद रावल, भंवर धनगर, कचरू लाल जाट, धर्मसिंह बरखेड़ा, कैलाश बारोट, जुगल किशोर, प्रवीण सिंह राठौड़, मुकेश मोगरा, नारायण धनगर, दिलीप कारपेंटर, प्रकाश डाबी, यशवंत सिंह, दशरथ माली, मांगीलाल चौधरी, कैलाश परमार, रामेश्वर मंडोरा, देवेंद्र सिंह डोडिया, पर्वत सिंह अजान, मुकेश भट्ट, आनंद पाटीदार, यशवंत प्रकाश शर्मा, धूलसिंह चंद्रावत, जानकीलाल राठौड़, पंकज राठौड़, पवन पाटीदार, सुभाष पांचाल, रामप्रसाद राठौड़ एवं अजय पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पत्रकारिता के आदर्श स्तम्भ गणेश शंकर विद्यार्थी के बलिदान को किया नमन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच



भारतीय पत्रकारिता के आदर्श स्तंभ रहे श्री गणेश शंकर विद्यार्थी की पुण्यतिथि पर पत्रकार संगठन असेंबली ऑफ एमपी जर्नलिस्ट ने नमन किया। साथ ही समाज हित में चलने वाली उनकी कलम और समाज सेवा के लिए प्राणों की आहुति किया याद द्य देश के दंगाग्रस्त शहर मे 25 मार्च 1931 को अपने पुराने की परवाह न कर दंगों में पीड़ित निर्दोष लोगों को बचाने में अपना बलिदान दे दियाद्य अपनी पत्रकारिता के लिए अमर हुए गणेश शंकर विद्यार्थी ने 'कलम' को 'तलवार' से अधिक शक्तिशाली सिद्ध कर दिया । असेंबली ऑफ एमपी जनरल लिस्ट जिला कार्यालय नीमच पर जिलाध्यक्ष डॉ. जीवन कौशिक ने बुधवार, सुबह 11 बजे आयोजित कार्यक्रम में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों पर प्रकाश डाला द्य आम जन के पत्रकार और महान स्वतंत्रता सेनानी गणेश शंकर विद्यार्थी जी का बलिदान दिवस पर कार्यक्रम में पुष्पांजलि अर्पित की गई ।

उन्होंने अपनी कलम से अंग्रेज सरकार के अत्याचारों को उजागर किया और रियासतों के छिपे भ्रष्टाचार और किसानों के शोषण के खिलाफ भी अपनी आवाज बुलंद की। उनके लिए पत्रकारिता कोई पेशा नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का एक सशक्त हथियार था। शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी जी का जीवन आज के पत्रकारों के लिए एक आदर्श हैद्य पत्रकार का असली धर्म जनता के प्रति जवाबदेही और सत्य के प्रति अडिग निष्ठा है। आम आदमी की पीड़ा को सरकार और प्रशासन तक निरंतर पहुंचाने कार्य करते रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद मंदसौर (म०प्र०)**

क्रमांक/ 1105 जलकार्य शाखा / 2026 — मंदसौर, दिनांक 4/2 / 2026

**:: ई-टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना ::**

सर्वसंबंधित व्यक्तियों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, मंदसौर द्वारा विभिन्न कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत जानकारी निविदा के साथ संलग्न है एवं संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है :-

| क्र. | ऑन लाइन निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित व्यय | अमानत | निविदा पत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_493354_1 | शहर में पेयजल व्यवस्था हेतु नवीन ट्यूबवेल बोर खनन मय कैंसिंग सहित कराये जाने का कार्य | 20.00 लाख (जी.एस.टी. सहित) | 20,000/- | 1000/- |
| 02 | 2026_UAD_493230_1 | 200 एमएम एचडीपीई पाइप लाइन 300 मीटर डालने का कार्य निविदा में संलग्न प्राक्कलन अनुसार | 4,13,686.00 | 4137/- | 2000/- |
| 03 | 2026_UAD_493252_1 | रामघाट परिसर में निर्मित 13.5 MLD क्षमता के पुराने एवं 15.75 MLD क्षमता के नये जल शोधन संयंत्र के साथ नया एवं पुराना रॉ वाटर पंप हाउस का संचालन संधारण कार्य के साथ रामघाट फिल्टर प्लांट नया एवं पुराना से शहर की टंकियों को भरने वाली 150 एम.एम. से 500 एम.एम. DI-K-9 पाइप लाइन का मय मटेरियल एवं कर्मचारी सहित संचालन संधारण का कार्य। | 1,00,00,000/- (एक करोड़ वार्षिक व्यय जी.एस.टी. सहित) | 50,000.00 | 2000/- |

निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं प्रस्तुत करने की पेयजल लाइन की अंतिम तिथि 13.04.2026 एवं ट्यूबवेल बोर खनन व जल शोध संयंत्र की अंतिम तिथि 24.04.2026 सायंकाल 5.30 बजे तक निर्धारित है। उपरोक्त कार्य हेतु निविदा विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**नोट :-** यदि निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन अथवा परिवर्तन होता है तो वह केवल वेबसाईट पर प्रदर्शित होगा, उसके लिये पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद मंदसौर



## तिरंगा मित्र मंडल द्वारा शहीदों को नमन करते हुए भारत माता की आरती का आयोजन

**जीरापुर।** शहीद दिवस के अवसर पर तिरंगा मित्र मंडल द्वारा चोपड़ा बाजार में शहीदों को नमन करते हुए भारत माता की आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे और देश के अमर शहीदों को श्रद्धापूर्वक याद किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। देशभक्ति के माहौल के बीच भारत माता की आरती की गई, जिसमें सभी लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शहीदों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। इन वीर सपूतों ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का मार्ग प्रशस्त किया है। वक्ताओं ने नागरिकों से देशभक्ति का जज्बा हमेशा जीवित रखने और राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों ने नगर में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित करने की मांग नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा के समक्ष रखी। अपने उद्बोधन में पवन कुशवाहा ने बताया कि चोपड़ा बाजार स्थित हनुमान मंदिर और कुंडी के जीर्णोद्धार का कार्य प्रस्तावित है और इसी के साथ यहां शहीद भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित करने की स्वीकृति भी दी जाएगी। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि चोपड़ा बाजार का नाम शहीद भगत सिंह के नाम पर रखने के लिए भी प्रयास किए जाएंगे।

## फसल में आग लगाने वाले दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में फरार आरोपी, स्थाई वारंटी एवं वसूली वारंटियों की धरपकड़ हेतु अभियान चलाया जा रहा। इसी क्रम में एसडीओपी नरसिंहगढ़



सुश्री मिनी शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना बोडा पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फरियादी निहालसिंह रुहैला निवासी ग्राम चाटा जागीर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सिंचाई के विवाद को लेकर आरोपी बिहारीलाल एवं कमल रुहैला ने उसके खेत में खड़ी एवं कटी करीब 4 बीघा फसल में आग लगा दी, जिससे उसे भारी नुकसान हुआ। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। थाना बोडा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम गठित की गई पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी बिहारीलाल पिता नानजीराम रुहैला 60 वर्ष, कमल पिता बिहारीलाल रुहैला 28 वर्ष निवासी ग्राम चाटा जागीर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

## कालीपीठ में नातरा झगडा प्रथा के अपराध में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया

**ब्यावरा।** पुलिस अधीक्षक राजगढ़ ने नातरा झगडा प्रथा के अपराध की रोकथाम हेतु प्रयास किया जा रहा। इसी तारतम्य में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस राजगढ़ अरविंद सिंह राठौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कालीपीठ उपनिरीक्षक जितेंद्र अजनारे की टीम ने कार्यवाही करते हुए नातरा झगडा प्रथा के तहत रूपयों की मांग कर नुकसान करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। फरियादी मोर सिंह पिता कंवर लाल तंवर 70 साल निवासी ग्राम टांडी खुर्द थाना कालीपीठ जिला राजगढ ने बताया कि 20 साल पहले उसके भाई गंगाराम की लड़की नौरंग बाई की शादी आरोपी रामप्रसाद पिता कन्हैयालाल तंवर से हुई थी। करीब 1.5 साल पहले रामप्रसाद ने दूसरी शादी कर ली ओर भाई गंगाराम की लड़की नोरंग बाई को वहां से भगा दिया व गांव में आकर झगड़ा के 13 लाख रुपए की मांग करने लगा और बोला नहीं देने पर गांव में नुकसान करूंगा व आग लगाऊंगा। रात्रि करीब 12.30 बजे फरियादी अपने खेत पर चक्कर लगाने गया तो टॉर्च के उजाले में देखा आरोपी राम प्रसाद पिता कन्हैयालाल तंवर मोटरसाइकिल पर था जो फरियादी को देखकर भागने लगा फिर फरियादी ने खेत में देखा तो खेत के गेहूं में आग लगी हुई थी। आग लगने से खेत 5 बीघा में कटे हुए गेहूं का नुकसान हो गया। जिस पर से थाना कालीपीठ में अपराध पंजीबद्ध किया। थाना कालीपीठ पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने आरोपी रामप्रसाद पिता कन्हैयालाल तंवर निवासी नौगांव को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया ।

## बढ़ते हादसों पर पुलिस सख्त, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर लगाए गए रेडियम



**सुसनेर।** क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों को देखते हुए मंगलवार को थाना प्रभारी अक्षय सिंह बैंस के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा 50 से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम चिपकाए गए। ताकि रात्रि के समय वाहन स्पष्ट रूप से दिखाई दे सकें और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके। अभियान के दौरान वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी गई। थाना प्रभारी ने कहा कि छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर बड़े हादसों से बचा जा सकता है। उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील की कि वे नियमों का पालन करें और अपनी व दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखें।

गैस सिलेंडर से लेकर पेट्रोल-डीजल तक मारामारी

# लोगों द्वारा पेट्रोल के अनावश्यक स्टॉक के चलते निर्मित हुई संकट की स्थिति

### अधिकांश पेट्रोल पंपों पर दोपहर बाद ईंधन हुआ समाप्त





दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़।

राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में अफवाहों की आंधी ने एलपीजी गैस सिलेंडर से लेकर पेट्रोल डीजल तक भारी मारामारी शुरू कर दी। एलपीजी गैस सिलेंडर की व्यवस्थाएं अभी पटरी पर भी नहीं आई की अफवाहों के बाजार ने एक बार फिर जनमानस की बयान को पेट्रोल डीजल पंपों की ओर धकेल दिया। अफवाहों के चलते लोगों की भीड़ एचपी गैस एजेंसी से लेकर पेट्रोल पंप तक लगी हुई है उपभोक्ता वर्तमान को छोड़ भविष्य की चिंता में आवश्यकता से अधिक स्टोर करने में लग गया मनमानी के चलते एचपी गैस एजेंसी के संचालक आपदा में अवसर ढूंढने का प्रयास कर रहे शासन के नियमों को ताख में रख गैस एजेंसी संचालक का छोटा भाई अपनी मनमर्जी पर उतारू हो गया। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ पत्रकारों को भी असंतोषप्रद जवाब दे रहा है।

गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी हेतु चार वाहन नगर में लगाये गये है जो उपभोक्ताओ से बुकिंग के दौरान जारी ओटीपी पूछकर सिलेंडर वितरण कर रहे। उधर गैस एजेंसी पर ईकेवाईसी और बगैर ओटीपी वाले गैस उपभोक्ताओं की भीड़ लगी हुई है। कई उपभोक्ताओं ने हमारे संवाददाता को बताया कि 12 मार्च 2026 को एचपी गैस सिलेंडर बुकिंग करने के बाद जारी ओटीपी को एक सप्ताह से अधिक समय हो गया मगर आज तक एजेंसी संचालक द्वारा होम डिलीवरी नहीं की गई। एजेंसी संचालक ने उनसे कहा गोदाम से आकर ले जाओ। जबकि नियमानुसार सिलेंडर को रेगुलेटर में लगाया जाना चाहिए।

**शुजालपुर**

क्षेत्र में पेट्रोल और डीजल की कमी की खबर ने पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लम्बी कतारे लगवा दी, प्रशासन और जनप्रतिनिधि जहां पर्याप्त स्टॉक और कमी की अफवाह बताते रहे वहीं पेट्रोल पंपों पर वाहनों में ईंधन की लिमिट तय करने से लोगों में कमी का संदेश और अधिक गया। हालांकि अनावश्यक स्टॉक के कारण भी पेट्रोल पंपों पर ईंधन की कमी देखी गई। शहर के मध्य स्थित राजपाल पेट्रोल पंप पर बुधवार की सुबह से ही भीड़ लगना शुरू हो गई और दोपहर में स्थिति काफी बिगडती हुई दिखी, यहां पर लम्बी लाइन वाहनों की नजर आई। इस पंप पर शाम लगभग 6.30 बजे पेट्रोल समाप्त हो गया, हालांकि पंप संचालक ने कहा कि रात्रि में 12 हजार लीटर का टेंकर आ जाएगा, उधर अकोदिया रोड स्थित जीओं पेट्रोल पंप पर भी दोपहर में पेट्रोल समाप्त हो गया तो शाम को डीजल की कमी देखी गई, हालांकि शाम के बाद इस पंप पर पेट्रोल की उपलब्धता हो गई। उधर आष्टा रोड और अन्य मार्गो पर स्थित पेट्रोल पंपों पर भी ईंधन समाप्त होने या कम होने की जानकारी मिली। सूत्रों के अनुसार पंपों पर ऊपर से आपूर्ति लिमिटेड हो पा रही है, एक दिन में एक टेंकर लगभग 12 हजार लीटर का मिल पा रहा है। पेट्रोल पंपों पर दो पहिया वाहन में 500 तक का पेट्रोल और 1 हजार रुपए का डीजल देने की लिमिट देखी गई। इस संबंध में पंप संचालकों का कहना है कि प्रशासन की और से कोई लिखित निर्देश नहीं दिए गए है लेकिन स्थिति को देखते हुए यह किया जा रहा है, जिससे कि अनावश्यक स्टॉक न हो सके। उधर आष्टा रोड स्थित एक पेट्रोल पंप पर तय दाम से अधिक में पेट्रोल बेचने की भी उपभोक्ता द्वारा शिकायत की गई, जिसके बाद खाद्य विभाग के अधिकारी जांच के लिए पहुंचे। अंतराष्ट्रीय स्तर पर जारी ईंधन की समस्या का असर अब क्षेत्र में भी दिखाई दे रहा है, हालांकि प्रशासन पर्याप्त ईंधन होने की बात कहते हुए अफवाह से सावधान रहने की अपील कर रहा है।

## बड़े बिजली बकायादारों पर सख्ती, कुर्की-जप्ती अभियान में पांच मोटरसाइकिलें जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



विद्युत वितरण केंद्र द्वारा बकाया राशि नहीं चुकाने वाले बड़े उपभोक्ताओं के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कुर्की-जप्ती की कार्रवाई तेज कर दी गई है। विशेष अभियान चलाकर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बकायादारों के घरों और प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर विद्युत उपकरणों की जब्ती की गई।

अभियान के तहत ग्राम नांदना, पिपलिया नानकार, परसुलियाकला एवं सुसनेर शहर में कार्रवाई करते हुए विभागीय टीम ने मोटरसाइकिल, विद्युत मोटर, कूलर, फ्रिज सहित अन्य घरेलू एवं व्यवसायिक उपकरणों को जप्त किया। इस दौरान कुल पांच मोटरसाइकिलें भी जब्त की गईं। जिससे बकायादारों में हड़कंप की स्थिति देखी गई।

विभाग के अधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं को पूर्व में कई बार नोटिस जारी किए जा चुके थे। बावजूद इसके बकाया जमा नहीं कराने पर यह कार्रवाई की गई। विभाग का कहना है कि राजस्व वसूली को लेकर अब और सख्ती बरती जाएगी तथा बकायादारों के खिलाफ इसी प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। वितरण केंद्र सुसनेर द्वारा उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे मार्च माह के अंत तक अपना बकाया बिजली बिल जमा कर दें तथा शासन की समाधान योजना का लाभ उठाएं। समय पर भुगतान करने से न केवल अतिरिक्त दंड से बचा जा सकता है। बल्कि कुर्की-जप्ती जैसी कठोर कार्रवाई से भी राहत मिलेगी। इस कार्रवाई में कनिष्ठ यंत्री इमरान हुसैन, कनिष्ठ यंत्री प्रशिक्षु विवेक कुमार, परीक्षा सहायक दिग्विजय सिंह दांगी, लाइन परिचालक जितेंद्र नामदेव, आदिल पठान सहित वितरण केंद्र एवं उपसंभाग के आउटसोर्स कर्मचारियों की टीम सक्रिय रूप से शामिल रही। विभाग द्वारा आगामी दिनों में भी ऐसे ही विशेष अभियान चलाकर बकाया वसूली की कार्रवाई जारी रखने की बात कही गई है।

नवरात्रि पर्व पर दिखा भक्ति का सैलाब

## 151 फीट लंबी चुनरी लेकर मां राजराजेश्वरी के दरबार पहुंचीं महिलाएं

**शाजापुर।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर समूचे अंचल में माता की आराधना की जा रही है और जगह-जगह धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। इसी कड़ी में जिले के मझानिया गांव से बुधवार को आस्था और उल्लास के साथ एक भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। त्रिनेत्र महादेव मंदिर से शुरू हुई यह यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए शाजापुर स्थित प्रसिद्ध मां राजराजेश्वरी माता मंदिर पहुंची। यहां पूरे विधि-विधान के साथ माता रानी को 151 फीट लंबी चुनरी अर्पित कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की गई। नवरात्रि के इस पवित्र माहौल में निकाली गई यात्रा में मातृशक्ति का भारी उत्साह देखने को मिला। लगभग 300 से 400 महिलाओं ने इस पुनीत आयोजन में सहभागिता की। सभी महिलाएं एक समान पारंपरिक वेशभूषा में नजर आईं। यात्रा मार्ग पर डीजे की धुन पर बज रहे भजनों और जय माता दी के जयकारों ने पूरे माहौल को भक्तिमय कर दिया। महिलाएं और श्रद्धालु पूरे रास्ते भजन-कीर्तन करते और गरबा खेलते हुए माता के दरबार तक पहुंचे। चुनरी यात्रा के मां राजराजेश्वरी मंदिर पहुंचने पर पुजारियों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ माता का पूजन-अर्चन संपन्न कराया गया। नवरात्रि के इस विशेष दिन पर श्रद्धालुओं ने माता का आशीर्वाद लिया और विशाल प्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## फूड जोन के 12 फास्ट फूड एवं अन्य दुकानों की जांच

**शाजापुर।** मेला में लगने वाली 12 दुकानों का ग्रीष्म ऋतु तथा आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा राजस्व विभाग के संयुक्त दल द्वारा औचक निरीक्षण कर फूड जोन एवं मेला क्षेत्र के व्यवसायों के तलने के लिए प्रयुक्त कड़ाई के तेल, रंग, मोमोज, कटी हुई सब्जी, फलों, ब्रेड, सॉस, पानी पूरी के पानी, क्रीम, उबले आलू की जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एमके वर्मा ने बताया कि जांच के दौरान दुकानदारों को कड़ाई का तेल नियमित रूप से बदलने, खाद्य सामग्री ढककर रखने, खाद्य रंग का समिति मात्र में ही उपयोग करने, स्वच्छता से कार्य करने साफ-सफाई रखने, गुणवत्तापूर्ण एवं मानक स्तर की खाद्य सामग्री का ही उपयोग कर आईसक्रीम, कुल्फी, ज्यूस, सॉफ्टी बनाने, संग्रहण तथा विक्रय करने के संबंधी निर्देश दिए।

तंत्र साधना का केंद्र है मां बगलामुखी मंदिर नलखेड़ा

## मंत्रों की मंगल ध्वनि से गुंजायमान रहता है मां बगलामुखी मंदिर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नलखेड़ा



आगर मालवा जिले के स्थित नलखेड़ा नगर का धार्मिक दृष्टि से बड़ा महत्व है तांत्रिक साधना के लिए उज्जैन नगर के बाद नलखेड़ा नगर के मां बगलामुखी मंदिर का नाम आता है मां बगलामुखी का महास्थल एक अति प्राकृतिक एवं रमणीक स्थल के नाम से भी जाना जाता है मां बगलामुखी के दर्शन के लिए हजारों की संख्या में देश-विदेश से श्रद्धालु यहां आकर मां के दर्शन कर लाभान्वित होते हैं यहां के लोगों का कहना है कि सच्चे मन से मां की आराधना की जाए तो उसकी समस्त मनोकामना पूर्ण होती है आश्चर्य का विषय यह कि यहाँ हिंदू समुदाय के साथ साथ कहीं मुस्लिम वर्ग के लोग भी मां के दर्शन के लिए आते हैं मां बगलामुखी मंदिर एक और पूर्व दिशा में महाभारत काल के प्रसिद्ध श्री बल्डावदा वाले हनुमान मंदिर यह मूर्ति महाभारत काल की है वृंदावन से आए श्री राम जी बाबा कोकिल ने पत्रकारों को बताया कि महाभारत काल में मूर्ति नाभि के ऊपर वाली प्रतिष्ठित की जाति थी यहां जो प्रतिमा है वह भी नाभी से ऊपर वाली विराजीत है नगर के मध्य पंचमुखी हनुमान और प्रसिद्ध श्री खेड़ापति हनुमान जी तथा श्री चामुंडा माता विराजमान है नगर से बाहर निकलते ही विघ्न विनाशक मंगल मूर्ति भगवान श्री गणेश जी महाराज की विशाल प्रतिमा विराजमान है जो कि अति प्राचीन तथा उत्तर पश्चिम में लक्ष्मणा नदी जो कि वर्तमान में लखुंदर नदी के नाम से प्रसिद्ध है नदी के तट पर सिद्धपीठ मां पीतांबरा बगलामुखी मंदिर है कहा भी गया है कि सदा भवानी दाहिनी सन्मुख होता है। मां बगलामुखी मंदिर के बाहर 16 खंभों वाला एक सभा मंडप भी है जो आज से ढाई सौ वर्ष पूर्व संवत 181 में पंडित ईम्बु जी ने दक्षिणी कारीगर तुला राम ने बनवाया था मंदिर के ठीक सम्मुख 80 फीट ऊंची दीप मालिका बनी हुई है मंदिर के अहाते में एक हनुमान मंदिर गोपाल मंदिर और काल भैरव मंदिर भी है। मंदिर का मुख्य द्वार सिंह मुखी तथा मंदिर के पास दो शिवालय भी स्थित है मंदिर परिसर में नीम पीपल केवड़ा आदि के पेड़ है जो साक्षात मां के विराजमान होने के संकेत हैं मां बगलामुखी के बारे में पूर्व आचार्यो कहा है कि कौरवों से युद्ध के पूर्व भगवान श्री कृष्ण ने पांडवों को मां बगलामुखी की साधना एवं तंत्र शक्ति अर्जित हेतु नलखेड़ा मंदिर पर भेजा था जिसका कालिका पुराण में वर्णन है।

## त्योहार व वार्षिक लेखा बंदी के चलते लगातार 8 दिन बंद रहेगी मंडी

### 4 अप्रैल को शुरू होगी खरीदी, 5 को फिर रहेगा अवकाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

क्षेत्र की प्रमुख कृषि उपज मंडी एवं फल सब्जी मंडी में इन दिनों अवकाश एवं बंदी का सिलसिला जारी है। धार्मिक पर्वों, साप्ताहिक अवकाश और वार्षिक लेखा बंदी के कारण शुजालपुर मंडी में लगातार कई दिनों तक अनाज एवं सब्जी की नीलामी प्रभावित रहेगी। मिली जानकारी अनुसार 9 दिनों तक मंडी बंद रहेगी। मंडी प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार 27 मार्च को रामनवमी के अवसर पर अवकाश रहेगा। इसके बाद 28 मार्च को चौथा शनिवार व 29 मार्च को रविवार का साप्ताहिक अवकाश होने से नीलामी कार्य नहीं हो सकेगा। इसी प्रकार 30 मार्च को वार्षिक लेखा बंदी के चलते मंडी बंद रहेगी। 31 मार्च को महावीर जयंती, 2 अप्रैल को हनुमान जयंती एवं 3 अप्रैल को गुड फ्राइडे के अवसर पर अवकाश घोषित किया गया है। 1 अप्रैल को भी वार्षिक लेखा बंदी के कारण नीलामी नहीं होगी। लगातार अवकाश के बाद 4 अप्रैल को मंडी पुनः चालू होगी, जहां सभी जिंसों की नियमित नीलामी की जाएगी। 5 अप्रैल को साप्ताहिक अवकाश रहेगा। लगातार बंदी के चलते किसानों और व्यापारियों को अपनी उपज के विक्रय के लिए कुछ दिनों का इंतजार करना होगा।




## सुसनेर की चेतना राठौर ने मुंबई में बिखेरा हुनर का जलवा

**सुसनेर।** नगर की प्रतिभाशाली मेकअप आर्टिस्ट चेतना राठौर ने एक बार फिर अपनी कला से सुसनेर का नाम रोशन किया है। हाल ही में उन्होंने मुंबई (महाराष्ट्र) में आयोजित कार्यक्रम में अपने उत्कृष्ट मेकअप आर्ट का प्रदर्शन कर दर्शकों और विशेषज्ञों की खूब प्रशंसा प्राप्त की। चेतना राठौर सुसनेर में अपनी मेकअप अकादमी संचालित कर रही हैं और वर्षों से इस क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने अपने हुनर के दम पर देश ही नहीं, बल्कि विदेशों की भी कई जानी-मानी अभिनेत्रियों का मेकअप कर अपनी पहचान बनाई है। मुंबई में उनके द्वारा किए गए मेकअप प्रदर्शन को विशेष सराहना मिली, जिससे उनकी कला और अनुभव की एक बार फिर पुष्टि हुई है। उनकी इस उपलब्धि से नगरवासियों में खुशी का माहौल है और लोग उन्हें बधाइयाँ दे रहे हैं। चेतना राठौर की यह सफलता न केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम का परिणाम है, बल्कि सुसनेर के लिए भी गौरव का विषय बन गई।

## आंगनवाड़ी केंद्र पर विद्या आरंभ कार्यक्रम आयोजित



**सुसनेर।** आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड क्रमांक 4 में 5 से 6 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले बच्चों के लिए विद्या आरंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों के साथ उनकी माताओं को भी आमंत्रित किया गया। जिससे कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इन प्रमाण पत्रों के माध्यम से अब बच्चे औपचारिक रूप से विद्यालय में प्रवेश लेंगे। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा से जोड़ते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखना है। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा कहानी, कविताएं एवं लघु नाटकों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित अभिभावकों ने सराहा। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रिजवाना खान, श्रद्धा वर्मा, निशा कौशिक, शबाना खान एवं सहायिकाएं मौजूद रहीं और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## प्राथमिक विद्यालय बरूखेडी का रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत

**महिदपुर रोड।** कक्षा पांचवी तथा आठवीं के स्कूली बच्चों के परीक्षा परिणाम 25 मार्च गुरुवार को घोषित कर दिये गये। स्कूली बच्चों में परीक्षा परिणा मों का स्कूली बच्चों को काफी स मय से उत्सुकता थी। शासकीय प्राथमिक विद्यालय की प्रधान अध्यापिका हेमलता उपाध्याय ने बताया कक्षा पांचवी में 15 स्कूली छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी सभी स्कूली बच्चे उत्तीर्ण रहे । विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा छात्रा आराधना सेन प्रथम छात्रा दिव्या सांखला तथा छात्रा पायल रही तीनों का विद्यालय प्रबंधन की और से पुष्प माला पहना कर मुंह मीठा कराया गया।

## नि:शुल्क जल मंदिर हुआ शुरू,




**तराना।** गर्मी को देखते हुए महिदपुर नाके पर सोमवार को जय गिरधारी जल मंदिर की शुरूआत की गई। समाजसेवी स्व. मोहनलाल परमार की स्मृति में पुत्र पीयूष परमार द्वारा जल मंदिर शुरू किया। यहां पर गर्मी के मौसम में आने-जाने वाले यात्रियों, राहगीरों आदि को निशुल्क ठंडा पानी मिलेगा।

## आरवी शर्मा ने किया नाम रोशन

**सुसनेर।** नगर की होनहार छात्रा आरवी शर्मा ने कक्षा 5वीं



की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 86 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। आरवी, शिक्षक जितेंद्र शर्मा की सुपुत्री हैं और सनफ्लॉवर जूनियर स्कूल में अध्ययनरत हैं। उन्होंने कुल 400 अंकों में से 344 अंक हासिल कर अपनी मेहनत और लगन का परिचय दिया। उनकी इस उपलब्धि से परिवार सहित नगर में खुशी का माहौल है। परिजनों, शिक्षकों एवं शुभचिंतकों ने आरवी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

फिल्म 'धुरंधर 2' 1000 करोड़ क्लब में शामिल हो चुकी है। यह आंकड़ा पार करने वाली यह इस साल की पहली भारतीय फिल्म है। वहीं, यह उन फिल्मों में भी शामिल हो गई है, जिन्होंने सबसे तेजी से एक हजार करोड़ रुपये कमाए हैं।

# सात दिनों में हजार करोड़ी बनी 'धुरंधर 2'

## 'बाहुबली' सहित इन फिल्मों का तोड़ा रिकॉर्ड



रणवीर सिंह अभिनीत फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' रिलीज के बाद से बॉक्स ऑफिस पर गदर काट रही है। 19 मार्च 2026 को रिलीज हुई इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर तो कमाई के तमाम रिकॉर्ड ध्वस्त कर ही दिए हैं, साथ ही विदेशों में भी जमकर कमाई कर रही है। वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 'धुरंधर 2' 1000 करोड़ी हो गई है।

### भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 'धुरंधर 2' का कलेक्शन

सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म धुरंधर 2 का भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ग्रॉस कलेक्शन 745.23 करोड़ रुपये हो चुका है। वहीं, नेट कलेक्शन 623.97 करोड़ रुपये हो चुका है।

### वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

'धुरंधर द रिवेंज' ने ओवरसीज बॉक्स ऑफिस पर सातवें दिन 11.92 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। यह फिल्म ओवरसीज 261.92 करोड़ रुपये ग्रॉस कलेक्शन जुटा चुकी है। वहीं, फिल्म का टोटल वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 1,007.15 करोड़ रुपये हो चुका है। 'धुरंधर 2' 1000 करोड़ क्लब में शामिल होने वाली पहली भारतीय फिल्म बन गई है।

### 'धुरंधर 2' ने की 'पुष्पा 2' की बराबरी

आदित्य धर निर्देशित 'धुरंधर 2' ने सबसे तेज 1000 करोड़ रुपये जुटाने के मामले में अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' की बराबरी कर ली है। दोनों फिल्मों ने यह आंकड़ा 7 दिनों में पार किया। हालांकि, 7 दिनों की कुल कमाई के मामले में 'पुष्पा 2' आगे है। इसने सात दिनों में 1011.65 करोड़ रुपये कमाए थे। वहीं, 'धुरंधर 2' ने सबसे तेज हजार करोड़ी बनने में 'बाहुबली 2', 'आरआरआर' और 'दंगल' जैसी फिल्मों को पीछे कर दिया है। 'दंगल' ने हजार क्लब में एंट्री 154 दिनों में ली थी। यहां यह स्पष्ट कर दें कि यह फिल्म भारत में जहां 2016 में रिलीज हुई, वहीं चीन में 2017 रिलीज हुई, जहां से इसने सबसे ज्यादा कमाई की।

### आठवें दिन भी मजबूत पकड़

फिल्म 'धुरंधर 2' आज गुरुवार को आठवें दिन भी शानदार कलेक्शन कर रही है। सैकनिल्क पर खबर लिखे जाने तक प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक इसने आठवें दिन भारत में 26.70 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। अंतिम आंकड़े आने तक इसमें और इजाफा होगा। इस स्पाई एक्शन थ्रिलर फिल्म में रणवीर सिंह लीड रोल में हैं। उनके अलावा माधवन, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल जैसे सितारे भी अहम रोल में हैं।

# 'मातृभूमि' के बाद अब मेगा एक्शन अवतार में दिखेंगे सलमान खान



सलमान खान इन दिनों उनकी आने वाली फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर चचाओं में हैं, लेकिन इस फिल्म की रिलीज से पहले उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है।

सलमान खान की आगामी फिल्म 'मातृभूमि' की रिलीज फिलहाल टल गई है। फिलहाल, टीम ने रिलीज की तारीख तय नहीं की है। लेकिन फिल्म के टॉपिक को देखते हुए इसे स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज करने की खबरें सामने आ रही हैं।

लेकिन इन सब के बीच उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट को लेकर भी बड़ी खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान अब अपनी अगली बड़ी फिल्म की तैयारी में जुटने वाले हैं।

### अप्रैल 2026 से शुरू होगी शूटिंग

बॉलीवुड हंगामा और मिड डे की रिपोर्ट्स के मुताबिक, सलमान खान अप्रैल 2026 से निमार्ता दिल राजू और डायरेक्टर वामशी पेडिपल्ली के साथ अपनी नई एक्शन फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। यह फिल्म एक बड़े बजट की कमर्शियल एंटरटेनर बताई जा रही है, जिसमें एक्शन के साथ इमोशन का भी तड़का देखने को मिलेगा।

### ईद 2027 पर रिलीज होगी फिल्म!

खास बात यह है कि मेकर्स इस फिल्म को ईद 2027 पर रिलीज करने की प्लानिंग कर रहे हैं, जिससे सलमान खान एक बार फिर अपने फेवरेट फेस्टिव सीजन में बड़े पर्दे पर वापसी कर सकें।

फिलहाल फिल्म का प्री-प्रोडक्शन काम तेजी से चल रहा है और शूटिंग अप्रैल से शुरू होने की उम्मीद है। यह फिल्म भारत की अलग-अलग लोकेशंस पर शूट की जा सकती है और इसमें बड़े लेवल पर वीएफएक्स का भी इस्तेमाल होगा। बताया जा रहा है कि सलमान खान इस फिल्म में एक नए अंदाज में नजर आएंगे, जिसे लेकर फैंस के बीच अभी से काफी एक्साइटमेंट है।


# रामनवमी पर फिल्म 'वाल्मीकि रामायण' की पहली झलक जारी

आज 26 मार्च को रामनवमी के अवसर पर फिल्म 'वाल्मीकि रामायण' का पहला लुक सामने आया है। इसमें दर्शकों को फिल्म की भक्तिमय थीम की एक झलक मिली है।

आगामी फिल्म 'वाल्मीकि रामायण' के निमार्ताओं ने आज गुरुवार को रामनवमी के अवसर पर इसका फर्स्ट लुक पोस्टर साझा किया है। पोस्टर पर भगवान राम के चरण दिखाए गए हैं। यह तस्वीर आस्था, करुणा और पवित्र यात्रा शुरू करने से पहले आशीर्वाद लेने के काम को दिखाती है। यह फिल्म इस साल अक्तूबर में रिलीज होगी।

### कब रिलीज होगी फिल्म?

फिल्म 'वाल्मीकि रामायण' के निर्देशन की कमान राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निमार्ता भावना तलवार ने संभाली है। आज साझा किए गए पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, 'जब तक पहाड़ खड़े रहेंगे और नदियां बहती रहेंगी, रामायण जिंदा रहेगी'। बता दें कि यह फिल्म 02



अक्तूबर 2026 को रिलीज होगी।

### सरल और सार्थक फिल्म बनाने की कोशिश

फिल्म के पहले लुक पोस्टर से पता चलता है कि यह रामायण को आस्था और सांस्कृतिक मूल्यों पर जोर देते हुए पेश करेगी। मेकर्स की कोशिश सरल, सहज और सार्थक तरीके से दर्शकों से जुड़ने की है।

### 'बाहुबली' का यह आर्टिस्ट है प्रोजेक्ट का हिस्सा

इस फिल्म में इंडस्ट्री की एक मजबूत टीम एक साथ काम कर रही है। फिल्म 'बाहुबली' में माहिष्मती की दुनिया की रचना करने वाले प्रोडक्शन डिजाइनर साबु सिरिल भी फिल्म का हिस्सा हैं। साबुल सिरिल के साथ-साथ, सिनेमैटोग्राफर बिनोद प्रधान और साउंड डिजाइनर रेसुल पुकुट्टी भी इस प्रोजेक्ट से जुड़े हैं। लेखक आनंद नीलकंठन और चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने भी इस फिल्म पर काम किया है, ताकि इसकी कहानी जमीनी और वास्तविक लगे।




बीसीसीआई ने आईपीएल 2026 के दूसरे चरण का कार्यक्रम गुरुवार को घोषित किया। बीसीसीआई ने हालांकि अभी तक प्लेऑफ और फाइनल का शेड्यूल जारी नहीं किया है।

# बीसीसीआई ने जारी किया आईपीएल के दूसरे चरण का कार्यक्रम, 24 मई तक होंगे लीग मैच

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल 2026 के दूसरे चरण का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। हालांकि, बोर्ड ने फिलहाल प्लेऑफ और फाइनल मैच की तारीख और स्थल का एलान नहीं किया है। लेकिन समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, खिताबी मुकाबला 31 मई को बंगलूरू में खेला जाएगा। बीसीसीआई ने 70 लीग मैचों का कार्यक्रम घोषित किया है जो 24 मई तक चलेगा। आईपीएल के 19वें सीजन की शुरूआत 28 मार्च से होगी। बोर्ड ने पहले 20 मैचों का कार्यक्रम घोषित किया था और अब दूसरे चरण में बीसीसीआई ने लीग चरण के शेष 50 मैचों का शेड्यूल जारी कर दिया है।

### क्यों दो भाग में आया कार्यक्रम?

आईपीएल 2026 का कार्यक्रम दो भागों में जारी किया गया है। पहले 20 मैचों का शेड्यूल जारी हुआ था और अब लीग चरण के शेष 50 मैचों का कार्यक्रम घोषित किया गया है। इसका कारण पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव हैं। असम, पुडुचेरी, केरल, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में अगले महीने विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव के नतीजे चार मई को जारी होंगे। बीसीसीआई ने इन राज्यों में चुनाव घोषित होने के बाद लीग चरण का पूरा कार्यक्रम घोषित किया है।




### धर्मशाला में होंगे तीन मुकाबले

दूसरे चरण में आठ डबल हेडर मुकाबले होंगे जिसमें दोपहर के मैच भारतीय समयानुसार 3:30 बजे से होंगे, जबकि शाम के मैच 7:30 बजे से खेले जाएंगे। पहले चरण में चार डबल हेडर होने हैं। यानी इस बार कुल 12 डबल हेडर मुकाबले खेले जाएंगे। पंजाब किंग्स की टीम अपने होम मुकाबले न्यू चंडीगढ़ और धर्मशाला में खेलेगी। इस दौरान धर्मशाला में तीन मैच खेले जाएंगे। दूसरी तरफ, राजस्थान की टीम चार मैच जयपुर में खेलेगी, जबकि गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अपने तीन होम मैच बंगलूरू और दो रायपुर में खेलेगी। बीसीसीआई ने बताया कि प्लेऑफ के वेन्यू की घोषणा बाद में की जाएगी।

### खिताब बचाने उतरेगी आरसीबी

आरसीबी की टीम इस बार अपने खिताब का बचाव करने उतरेगी। आरसीबी ने 2025 में पंजाब किंग्स को हराकर पहली बार आईपीएल का खिताब जीता था। आरसीबी के लिए राहत की बात यह है कि उसके होम ग्राउंड चिन्नास्वामी स्टेडियम को मुकाबले की मेजबानी करने की मंजूरी मिल गई है। आईपीएल 2026 का उद्घाटन मैच बंगलूरू में ही खेला जाएगा।

### 13 शहरों में होंगे मैच

बीसीसीआई ने पहले 12 अप्रैल तक के मैचों का कार्यक्रम जारी किया था और अब 13 अप्रैल से 24 मई तक का शेड्यूल बता दिया है। दूसरे चरण में 12 वेन्यू पर आईपीएल के मुकाबले खेले जाएंगे, जबकि आईपीएल 2026 में कुल 13 स्थानों पर मैच होंगे। दूसरे चरण में बंगलूरू, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, दिल्ली, अहमदाबाद, हैदराबाद, लखनऊ, जयपुर, धर्मशाला, रायपुर और न्यू चंडीगढ़ में मुकाबले होंगे। पहले चरण में गुवाहाटी भी आईपीएल मैचों की मेजबानी कर रहा है, लेकिन दूसरे चरण में वहां मैच नहीं होंगे। दूसरे चरण की शुरूआत 13 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हैदराबाद में होने वाले मैच से होगी। वहीं, लीग चरण का अंतिम मैच 24 मई को केकेआर और दिल्ली कैपिटल्स के बीच कोलकाता में खेला जाएगा।

# रिजवान-शाहीन और शकील-लाबुशेन पर क्यों भड़के वॉर्नर?

**कराची।** पाकिस्तान सुपर लीग 2026 की शुरूआत से पहले ही विवादों में घिर गई है। पहले टूनार्मेंट को बंद दरवाजों के पीछे कराने का फैसला और अब कप्तानों की प्रेस कॉन्फ्रेंस में हुई घटना ने लीग की छवि पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कराची किंग्स के कप्तान डेविड वॉर्नर उस समय नाराज हो गए, जब प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अन्य कप्तान आपस में हंसते-बात करते नजर आए। पीएसएल 2026 का आगाज गुरुवार यानी 26 मार्च से होगा, जबकि फाइनल मुकाबला तीन मई को खेला जाएगा।

क्या है पूरा मामला?: जब वॉर्नर अपनी टीम की तैयारियों पर बोल रहे थे, तभी मार्नस लाबुशेन, शाहीन अफरीदी, मोहम्मद रिजवान और सऊद शकील आपस में बातचीत और हंसी-मजाक में लगे थे। इस पर वॉर्नर ने बीच में ही बोलना रोकते हुए कहा, 'क्या हो रहा है जेंटलमेन? माफ कीजिए, यहां तो स्कूल के बच्चे बैठे हैं।'

# आंकड़ों में आरसीबी पर भारी है सनराइजर्स का पलड़ा

**बंगलूरू।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें सीजन का पहला मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच 28 मार्च को बंगलूरू के एम. चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। आंकड़ों में आरसीबी के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद का पलड़ा भारी रहा है। आईपीएल इतिहास में इन दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 25 मुकाबले खेले गए हैं। इसमें से 13 मैच सनराइजर्स हैदराबाद ने जीते हैं, जबकि 11 मुकाबलों में आरसीबी को जीत नसीब हुई है। वहीं, एक मुकाबला बेनतीजा रहा है।

रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी का प्रदर्शन पिछले सीजन शानदार रहा था। आरसीबी ने 18 साल का सूखा खत्म करते हुए पहली बार खिताब को अपने नाम किया था। कागज पर आरसीबी की टीम इस बार भी काफी



दमदार नजर आ रही है। बल्लेबाजी में विराट कोहली और फिल सॉल्ट पिछले सीजन टीम को तूफानी शुरूआत देने में सफल रहे थे। कोहली-सॉल्ट की सलामी जोड़ी आगामी सीजन में भी टीमों के लिए बड़ा सिरदर्द बन सकती है। वहीं, देवदत्त पडिक्कल के लिए घरेलू सीजन कमाल का रहा है। पडिक्कल इस बार नंबर तीन पर खेलते हुए दिखाई दे सकते हैं। टिम डेविड और जितेश शर्मा ने भी आईपीएल 2025 में अपनी आतिशी बल्लेबाजी से खासा प्रभावित किया था। वहीं, रोमारियो शेफर्ड और क्रुणाल पांड्या से इस सीजन भी टीम को धमाकेदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। वेंकटेश अय्यर के आने से टीम का बल्लेबाजी क्रम अब और भी ज्यादा संतुलित दिख रहा है।

दूसरी ओर, सनराइजर्स हैदराबाद एक बार फिर अपने शीर्ष क्रम पर निर्भर होगी। अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड और ईशान किशन की तिकड़ी से हैदराबाद को दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में ईशान शुरूआती मुकाबलों में टीम की कमान संभालते हुए भी नजर आएंगे। हेनरिक क्लासन पिछले सीजन टीम की ओर से सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे।

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रात: 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

## रिहेब सेंटर के संचालक ने की मारपीट, पड़ोसी ने कराई एफआईआर दर्ज

**इंदौर।** लसूडिया क्षेत्र में एक रिहेब सेंटर संचालक द्वारा पड़ोसी दंपति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, फोनिक्स टाउनशिप निवासी दिनेश सिंह ठाकुर की शिकायत पर प्रदीप मुखर्जी के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। दिनेश ने बताया कि वह निजी नौकरी करते हैं और उनके घर के पास ही आरोपी रिहेब सेंटर संचालित करता है, जहां से आए दिन विवाद और परेशानियां होती रहती हैं।

बताया जा रहा है कि पूर्व में भी टाउनशिप के रहवासियों ने आरोपी की गतिविधियों को लेकर शिकायत की थी, जिससे वह नाराज था। बुधवार रात जब दिनेश घर से बाहर निकले, तो प्रदीप ने उन्हें रोककर विवाद शुरू किया और मारपीट कर दी।

## फर्जी एग्रीमेंट से दुकान कब्जाने के मामले में शिकायत दर्ज

**इंदौर।** सदर बाजार थाना क्षेत्र में एक महिला की शिकायत पर फर्जी एग्रीमेंट बनाकर दुकान पर कब्जा करने के मामले में पुलिस ने दंपति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोपियों ने पीड़िता को पुलिस का नाम लेकर धमकाया था। पुलिस के अनुसार गरीब नवाज कॉलोनी निवासी यास्मीन बी की शिकायत पर सितारा खान और रफीक खान के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता के पति की 2020 में मौत हो चुकी है।

यास्मीन बी ने बताया कि उन्होंने दुकान सामान रखने के लिए आरोपियों को दी थी। सामान निकालने के बाद भी दोनों ने दुकान पर ताला लगाकर कब्जा बनाए रखा। पीड़िता ने चाबी मांगी तो आरोपी टालमटोल करते रहे। बाद में उन्होंने दुकान खोलकर उसमें अपना सामान रख लिया और उसे अपनी संपत्ति बताने लगे। रफीक खान ने पीड़िता से कहा कि वह पुलिस वालों से जुड़ा है। ज्यादा विरोध करने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी गई। शिकायत के बाद आरोपियों ने एक एग्रीमेंट पेश किया, लेकिन पुलिस जांच में वह फर्जी पाया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और जबरन कब्जा करने के मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

## 10वीं की छात्रा ने किया सुसाइड

**इंदौर।** प्रकाशचंद सेठी नगर में रहने वाली एक 17 साल की छात्रा का शव गुरुवार सुबह उसके घर के कमरे में मिला। सुबह परिजनों ने पंखे से लटका शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को एमवाय अस्पताल भेजा। छात्रा रिजल्ट खराब आने को लेकर डिप्रेशन में चल रही थी। विजय नगर पुलिस के मुताबिक, 17 वर्षीय छात्रा पलक, पुत्री जितेंद्र कश्यप, निवासी प्रकाशचंद सेठी नगर ने अपने घर में फांसी लगा ली। पुलिस के अनुसार, पलक का शव सुबह 6 बजे परिजनों ने देखा था। पलक के पिता वेल्डिंग का काम करते हैं। वहीं परिवार में दो बहनें और एक भाई है। पलक दूसरे नंबर की थी। पिता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि पलक ने दसवीं का प्राइवेट फॉर्म भरा था। इस दौरान उसके पेपर बिगड़ गए थे। यह बात उसने अपनी बहनों को बताई थी। पलक इस बात को लेकर डिप्रेशन में रहती थी। एक दिन पहले उसने बहन से कहा था कि उसका रिजल्ट आने वाला है। उसे डर था कि वह फेल हो जाएगी।

## किसान की पीट-पीटकर हत्या

**इंदौर।** इंदौर के पास सिमरोल थाना क्षेत्र में खेत विवाद ने जानलेवा रूप ले लिया। चोरल गांव में एक किसान की बेरहमी से पिटाई कर दी गई, जिससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले में हत्या की धाराओं में जांच शुरू कर दी है। मृतक सूरज (49) पुत्र बद्रीलाल कौशल को बुधवार को गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां गुरुवार सुबह करीब 4 बजे उनकी मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक 23 मार्च को गांव के ही किसान लालू उर्फ अभिषेक से उनका विवाद हुआ था। सूरज की गाय लालू के खेत में घुस गई थी, जिससे फसल को नुकसान हुआ। इस बात पर दोनों के बीच कहासुनी हुई। सूरज ने नुकसान की भरपाई की बात कही, लेकिन आरोपी ने गुस्से में आकर उनके साथ लात-घूंसों से मारपीट कर दी। धक्का लगने से गिरने पर पत्थर लगने से उन्हें गंभीर चोट आई। घटना के बाद घायल सूरज को पहले ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां से हालत बिगड़ने पर उन्हें एमवाय अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## ईवी अग्निकांड-हर्षित ने कबूला उसने लगाई थी चार्जिंग पर कार

**इंदौर।** ब्रजेश्वरी एनएक्स में कारोबारी मनोज पुगलिया के घर हुए भीषण अग्निकांड को लेकर पुलिस जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। तिलक नगर पुलिस द्वारा दर्ज किए गए बयानों में सामने आया है कि हादसे के वक्त इलेक्ट्रिक कार (ईवी) चार्जिंग पर लगी हुई थी। इस मामले में पहले ईवी चार्जिंग से इनकार करने वाले परिवार के बयान अब बदल गए हैं, जिससे आग लगने की वजह को लेकर स्थिति साफ होती नजर आ रही है। पुलिस अब मृतक मनोज पुगलिया की पत्न ी सहित करीब 20 अन्य लोगों के बयान दर्ज करेगी। टीआई मनीष लोधा ने बताया कि परिजनों ने पहले आग बुझाने की कोशिश की थी। आग बेकाबू हुई तो सभी बचने के लिए बाहर की ओर भागने लगे। लेकिन केवल चार लोग ही बाहर निकल सके, बाकी लोग अंदर ही रह गए थे। परिवार ने बयान में बताया कि कार भी चार्जिंग पर लगी हुई थी। टीआई मनीष लोधा के मुताबिक, सौरभ और हर्षित ने स्वीकार किया है कि कार चार्जिंग पर लगाई गई थी।

# 1 लाख लेकर फरार कर्मचारी पकड़ाया पुलिस ने रखा था 8 हजार इनाम

### दुकान के कागजात और एक्टिवा भी साथ ले गया था आरोपी



**दैनिक अवन्तिका इंदौर**

इंदौर के व्यापारी के यहां काम करने वाले कर्मचारी द्वारा 1 लाख रुपए लेकर फरार होने के मामले में पुलिस ने आरोपी को 9 दिन बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर पुलिस उपायुक्त द्वारा 8 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

अग्रवाल नगर निवासी विकास अग्रवाल ने थाना तिलक नगर में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनका कर्मचारी विवेक वर्मा उर्फ कृष्णा 23 फरवरी को पेमेंट लेने गया था और 1 लाख रुपए लेकर फरार हो गया।

### दुकान के कागजात और एक्टिवा भी साथ ले गया

आरोपी जाते समय दुकान के जरूरी कागजात और काले रंग की एक्टिवा (MP09SR7185) भी अपने साथ ले गया था।

पुलिस ने साइबर सेल की मदद से आरोपी की तलाश शुरू की। जांच के दौरान उसकी लोकेशन ट्रेस की गई।

**गांजा तस्करी में एक अन्य आरोपी पकड़ा:** पलासिया पुलिस ने गांजे के साथ राहुल यादव निवासी संत नगर को गिरफ्तार किया। आरोपी मूल रूप से रतलाम का रहने वाला है और इंदौर में गांजा तस्करी करता था।

## एसवीआईएमएस में एआई आधारित शिक्षण एवं शोध पर एक दिवसीय फैकल्टी क्षमता संवर्धन कार्यक्रम आयोजित



**दैनिक अवन्तिका इंदौर**

तकनीकी परिवर्तन के इस युग में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और उन्नयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस के इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल (IQAC) एवं मैनेजमेंट विभाग (पीजी) द्वारा 'AI-सक्षम शिक्षण और अनुसंधान''' विषय पर एक दिवसीय फैकल्टी क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के नवीनतम उपयोगों से परिचित कराना तथा शिक्षण और शोध में उसकी प्रभावी भूमिका को समझाना था।

कार्यक्रम के सत्र विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश सिंह, प्रोफेसर, सऊदी इलेक्ट्रॉनिक यूनिवर्सिटी, रियाद ने अपने व्याख्यान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विविध आयामों पर विस्तार से समझाया। उन्होंने एआई टूल्स के माध्यम से नए विचार उत्पन्न करने, दैनिक जीवन में एआई के उपयोग, तथा '5 W's' (व्हाट, व्हाई, व्हेन,वेयर, हु) के संदर्भ में एआई के प्रभावी प्रयोग को सरल और व्यावहारिक उदाहरणों के साथ समझाया। साथ ही, उन्होंने एआई आधारित शिक्षण विधियों और शोध प्रक्रियाओं में इसके उपयोग से गुणवत्ता और दक्षता बढ़ाने के उपाय भी साझा किए।

संस्थान के निदेशक डॉ. जॉर्ज थॉमस ने अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि हम वर्तमान में तकनीकी बदलाव के एक ऐसे दौर से गुजर रहे हैं, जहाँ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने व्यापक परिवर्तन लाया है। उन्होंने कहा, ह्लएआई अनेक कार्यों को सरल और तेज बना सकता है, लेकिन यह मानवीय संवेदनाओं, नैतिक मूल्यों और रचनात्मक सोच का पूर्णतः स्थान नहीं ले सकता।

## गाड़ी चलाते हुए मोबाइल चलाया तो होगी कार्रवाई, 1 हजार का बनेगा चालान

**इंदौर।** शहर में अब गाड़ी चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल करना भारी पड़ सकता है। ट्रैफिक पुलिस ने ऐसे चालकों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। ट्रैफिक पुलिस ने स्पष्ट किया है कि गाड़ी चलाते समय मोबाइल का उपयोग करते पाए जाने पर 1000 रुपए का चालान किया जाएगा। यह कार्रवाई शहरभर में लगातार जारी रहेगी।

























मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com